धनबाद
शनिवार 21.12.2024
मूल्य- ₹ 1.50
वर्ष-30 अंक-297 पृष्ठ- 12
पौष कृष्ण पक्ष-6
संवत 2081

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक

बिहार ऑब्जर्वर

जयपुर में एलपीजी टैंकर में विस्फोट, 11 जिंदा जले , 40 गाड़ियां जलकर खाक

जयपुर (एजेंसी): शुक्रवार सुबह अजमेर हाईवे पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने एक भीषण हादसे में एलपीजी गैस से भरे टैंकर में धमाका हो गया। इस दुर्घटना में ११ लोग जिंदा जल गए, जबकि ३३ लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। हादसे की वजह एक ट्रक द्वारा टैंकर को टक्कर मारना बताया गया है। हादसा सुबह करीब ५:४४ बजे हुआ, जब अजमेर से जयपुर की ओर आ रहा टैंकर यू-टर्न ले रहा था। इसी दौरान जयपुर से आ रहे एक ट्रक ने टैंकर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के कारण टैंकर से गैस का रिसाव शुरू हो गया, जो करीब २०० मीटर के दायरे में फैल गई और देखते ही देखते आग पकड़ ली। आग इतनी भयावह थी कि यह लगभग एक किलोमीटर तक फैल गई।टैंकर के पास से गुजर रही एक स्लीपर बस और सड़क किनारे स्थित पाइप फैक्ट्री भी आग की चपेट में आ गई। ४० से अधिक वाहन जलकर खाक हो गए, और कई लोगों को बाहर निकलने का मौका भी नहीं मिला। हादसे के बाद हाईवे को बंद कर दिया गया।

गैस रिसाव के कारण रेस्क्यू में मुश्किलें

घटनास्थल पर गेल इंडिया लिमिटेड की क्रूड ऑयल पाइपलाइन मात्र १०० मीटर की दूरी पर थी। गेल के डीजीएम (फायर एंड सेफ्टी) सुशांत कुमार सिंह ने बताया कि टक्कर के बाद एलपीजी लिक्विड रूप में बाहर निकली और चिंगारी के कारण आग भड़क उठी। इस हादसे को फायर बॉल का रूप लेते देर नहीं लगी। सभी घायलों को जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर सुशील भाटी ने बताया कि अब तक ४२ मरीज लाए गए हैं, जिनमें से ८ की मौत हो चुकी है। १० से १२ मरीज ८०% से अधिक जल चुके हैं, जबकि ६ मरीज वेंटिलेटर पर हैं।

पीएम ने की आर्थिक सहायता की घोषणा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को २-२ लाख रुपये और घायलों को ५०-५० हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मृतकों के परिवारों को ५-५ लाख रुपये और घायलों को १ लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने जताया शोक

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान के जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गैस टैंकर में आग लगने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में कई लोगों ▶▶ 8

हंगामे की भेंट चढ़ा शीतकालीन सत्र 20 बैठकें, 105 घंटे कार्यवाही चली

लोकसभा में 57.87 फीसदी तो राज्यसभा में 40 फीसदी ही हुआ काम



नई दिल्ली (ईएमएस): इस बार संसद सत्र की शुरुआत ही हंगामे के साथ हुई थी। पहले अदाणी मामला, फिर जॉर्ज सोरोस और इसके बाद आंबेडकर मुद्दे पर हंगामा हुआ। इसका असर संसद के कामकाज पर पड़ा। इस सत्र में राज्यसभा में केवल ४०.०३ फीसदी ही काम हुआ। जबकि लोकसभा का हाल भी कुछ ऐसा ही रहा है। लोकसभा में भी महज ५७.७७ फीसदी काम हुआ। संसद का शीतकालीन सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया। संसद सत्र की शुरुआत ही हंगामे के साथ हुई थी। पहले अदाणी मामला, फिर जॉर्ज सोरोस और इसके बाद आंबेडकर मुद्दे पर हंगामा हुआ। इसका असर संसद के कामकाज पर पड़ा। इस सत्र में राज्यसभा में केवल ४०.०३ फीसदी ही काम हुआ। जबकि लोकसभा का हाल भी कुछ ऐसा ही रहा है लोकसभा में भी महज ५७.८७ फीसदी काम हुआ।

राज्यसभा में शुक्रवार को एक देश एक चुनाव विधेयक के लिए बन रही जेपीसी में राज्यसभा के १२ सांसदों को नामित किया गया। इसके बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। सुबह जब राज्यसभा में कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्ष ने प्रदर्शन किया। इसके बाद सदन की कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित कर दी गई। इसके बाद सभापति ने सदन के नेता जेपी नड्डा और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने बिना किसी हंगामे के सदन चलाने के लिए कहा। ▶▶ 8

हरियाणा के पूर्व सीएम ओपी चौटाला का निधन

गुरुग्राम (ईएमएस): हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला का निधन हो गया है। वे ८९ साल के थे। शुक्रवार को वे गुरुग्राम में अपने घर पर थे। उन्हें दिल का दौरा पड़ा। जिसके बाद साढ़े ११ बजे उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में लाया गया। करीब आधे घंटे बाद दोपहर १२ बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। इसका पता चलते ही उनके बड़े बेटे अजय और पोते पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला अस्पताल में पहुंचे। वहीं अस्पताल के बाहर उनके समर्थकों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है।

शाम को उनका पार्थिव शरीर सिरसा स्थित उनके पैतृक गांव चौटाला लाया गया। शनिवार को सुबह ८ से २ बजे तक उनकी पार्थिव देह अंतिम दर्शन के लिए रखी जाएगी। दोपहर ३ बजे सिरसा में तेजा खेड़ा फार्म के श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। चौटाला हार्ट और डायबिटीज समेत कई बीमारियों से ग्रस्त थे। उनका पहले से ही गुरुग्राम के मेदांता और आरएमएल अस्पताल में इलाज चल रहा था। पीएम नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, सीएम नायब सैनी, पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल समेत बड़े नेताओं ने उनके निधन पर शोक जताया।

29-30 को ओडिशा के दौरे पर जा सकते हैं गृह मंत्री अमित शाह

भुवनेश्वर (ईएमएस): केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के माह के अंतिम सप्ताह में ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर आने की संभावना है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओडिशा इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल ने इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री शाह अपनी यात्रा के दौरान भाजपा के कई कार्यक्रमों में शामिल हो सकते हैं। सामल ने कहा कि शाह के विस्तृत कार्यक्रम को अभी अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री २९ और ३० दिसंबर को ओडिशा में रहने वाले है। शाह का भुवनेश्वर में भाजपा विधायकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने और राज्य में संगठनात्मक चुनावों की प्रगति की समीक्षा करने का कार्यक्रम है। शाह द्वारा ▶▶ 8

अब कोई भी राजनीतिक दल संसद भवन के द्वार पर नहीं करेगा धरना या प्रदर्शन

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा- सदन की गरिमा का रखें ख्याल



नई दिल्ली (ईएमएस): लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सदन में घोषणा करते हुए कहा कि कोई भी राजनीतिक दल, संसद सदस्य या सदस्यों का समूह संसद भवन के द्वार पर धरना या प्रदर्शन नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि संसद परिसर और उसकी प्रतिष्ठित संस्था की गरिमा को बनाए रखना सभी सांसदों की जिम्मेदारी है।

अध्यक्ष बिरला ने कहा कि संसद क्षेत्र में किसी भी दरवाजे पर धरना-प्रदर्शन करना सही नहीं है। अगर कोई सदस्य या समूह ऐसा करता है, तो इसका असर उनकी प्रतिष्ठा पर पड़ेगा और उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। इस प्रकार की गतिविधियों से सदन की कार्यवाही और संसद की गरिमा को नुकसान पहुंचता है, जिससे लोकतंत्र की भावना प्रभावित होती है। उन्होंने सांसदों ने आग्रह किया कि वह सदन की गरिमा बनाए रखें और ▶▶ 8

मंदिर-मस्जिद विवादों को उठाना स्वीकार्य नहीं:मोहन भागवत

हिंदु-मुस्लिम कर समाज में पैदा कर रहे तनाव

नई दिल्ली (ईएमएस): राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने देश में चले रहे मंदिर-मस्जिद विवादों को फिर से उठाने (उभारने) पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोग इन विवादों को उठाकर हिंदुओं के नेता बनने का प्रयास कर रहे हैं, जो समाज में और ज्यादा तनाव पैदा कर सकते हैं।

भागवत ने आगे कहा कि यह स्थिति स्वीकार्य योग्य नहीं है और ऐसे विवादों का उठना समाज की एकता को नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने इस मुद्दे पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि राम मंदिर का निर्माण हिंदू आस्था का विषय था, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि ऐसे विवादों को फिर से तूल दिया जाए।

आरएसएस प्रमुख ने समावेशी समाज की जरुरत पर बल दिया और कहा कि भारतीय समाज अपनी विविधता के साथ शांति और सद्भावना से रह सकता है। उन्होंने उदाहरण के तौर पर रामकृष्ण मिशन में क्रिसमस मनाए जाने की बात कही और इसे भारतीय समाज की परंपरा का हिस्सा बताया। उन्होंने यह भी साफ ▶▶ 8

भारत ने नॉर्वे को दिया सामान ढोने वाला पोत, इसकी खासियत जान दुनिया हैरान

नॉर्वे को सप्लाई पोत की लंबाई 89.43 मीटर, चौड़ाई 13.2 मीटर

नई दिल्ली (ईएमएस): केंद्र की एनडीए सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' जैसे अभियानों की सफलता अब दिखाई देने लगी है। एक सरकारी कंपनी कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड की सहायक कंपनी उडुपी ने नॉर्वे को सामान ढोने वाला पोत सप्लाई किया है। उडुपी कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने मेसर्स विल्सन एएसए, नॉर्वे के लिए बनाए जा रहे ३८०० टीडीडब्ल्यू जनरल कार्गो वेसल की सीरीज ऑफ सिक्स के पहले पोत को लॉन्च किया है।

रॉयल नॉर्वेजियन दूतावास में मंत्री काउंसलर और मिशन की उप-प्रमुख ने इस पोत को लांच किया उनके साथ विल्सन एएसए के मुख्य वित्तीय अधिकारी कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक और उडुपी-कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के सीईओ मौजूद थे। नॉर्वे की कंपनी विल्सन एएसए यूरोप में अग्रणी शॉर्ट सी फ्लीट ऑपरेटर है और पूरे यूरोप में करीब १५ मिलियन टन ड्राई कार्गो का परिवहन करती है। कंपनी १,५०० से ८,५०० डीडब्ल्यूटी तक के करीब १३० जहाजों का बेड़ा संचालित करती है। विल्सन एएसए ने जून २०२४ और सितंबर २०२४ में दो बैचों के रूप में ६,३०० टीडीडब्ल्यू ड्राई कार्गो वेसल्स की आठ संख्या में ऑर्डर पर हस्ताक्षर किए हैं। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा यार्ड के अधिग्रहण के बाद से यूसीएसएल ने अडानी हार्बर सर्विसेज लिमिटेड की कंपनी ओशन स्पार्कल लिमिटेड को दो ६२टी बोलार्ड पुल ▶▶ 8

भाजपा नेता सीटी रवि गिरफ्तार

बेंगलुरु (ईएमएस): कर्नाटक के भाजपा नेता और विधान परिषद सदस्य सीटी रवि को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उन पर महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी हेब्बलकर को प्रॉस्टिट्यूट कहने का आरोप है।

लक्ष्मी ने सीटी रवि के खिलाफ बेलगावी के हिरेबागीवाड़ी पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई, जिसके बाद रवि को पूछताछ के लिए खानपुरा पुलिस स्टेशन लाया गया। इसके बाद उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया।

रवि ने मंत्री लक्ष्मी के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं बोला है। कांग्रेस उन्हें फंसा रही है। उन्होंने कभी महिला मंत्री के लिए इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया।

युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताः श्रम मंत्री

रांची (एजेंसी): श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने 'स्किल स्टेकहोल्डर्स कनेक्ट २०२४' का उद्घाटन किया. मंत्री ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि झारखंड में कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है.

उन्होंने नए जॉब रोल्स, विदेशी भाषा प्रशिक्षण और आधुनिक कौशल को शामिल करने पर जोर दिया. बताया कि झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी अगले वित्तीय वर्ष में २ लाख युवाओं को प्रशिक्षित करने और राज्य के २६४ प्रखंडों में न्यूनतम एक कौशल प्रशिक्षण केंद्र खोलने का लक्ष्य लेकर चल रही है.

बताया गया कि युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए ७ राज्यों में ८ प्रवासन सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं. अब तक २.२५ लाख युवाओं को नियोजित किया जा चुका है. वहीं श्रम सचिव मुकेश कुमार ने कौशल विकास में पारंपरिक जॉब रोल्स से आगे बढ़ने और समय की मांग के अनुसार नए कौशल अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया. मिशन निदेशक शैलेन्द्र कुमार लाल ने कहा कि कौशल विकास के क्षेत्र में नई चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास और भविष्य की मांग के अनुरूप योजनाएं बनाना आवश्यक है.

झारखंड सरकार के इस पहल का उद्देश्य युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और रोजगार की दिशा में आगे बढ़ाना है. कार्यक्रम में झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के पदाधिकारी, प्रशिक्षण सेवा प्रदाता, सेक्टर स्किल काउंसिल, उद्योग समूह, और नियोक्ता कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद थे.

उपायुक्त ने की आवंटित राशि की समीक्षा

धनबाद (कासं) : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा

ने शुक्रवार को वित्तीय वर्ष २०२४२५ के लिए विभागों की योजना और गैर योजना मद में प्राप्त आवंटन राशि की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की।

उपायुक्त ने चिरकुंडा नगर परिषद, पशुपालन, नियोजन, मत्स्य, योजना, स्पेशल डिवीज़न, उद्यान, कृषि, लघु सिंचाई, पेयजल मैकेनिकल, भवन प्रमंडल, आरसीडी, सामाजिक सुरक्षा, सिविल सर्जन कार्यालय, शिक्षा, खाद्य आपूर्ति, सहकारिता, खेल, पंचायती राज, आपदा प्रबंधन, निर्वाचन, शिक्षा सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालयों, सभी अंचलाधिकारी के कार्यालयों समेत अन्य कार्यालयों की योजना और गैर योजना मद में प्राप्त आवंटन एवं उनके व्यय की समीक्षा की।

समीक्षा करने के बाद उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लोगों के कल्याण एवं जिले के विकास के लिए विभागों को राशि आवंटित की जाती है। राशि का उपयोग नहीं होने से आम जनता राज्य सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह जाती है।

बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन के अलावा सभी विभागों के पदाधिकारी, सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल के अंचल अधिकारी मौजूद थे।

तोपचांची में जलमीनार का मोटर खराब

तोपचांची (ससे) : तोपचांची प्रखंड की रामाकुण्डा पंचायत के आमटांड़ आदिवासी टोला की जलमीनार का मोटर दो सप्ताह से खराब है। इससे करीब २५० आदिवासी परिवार के समक्ष पेयजल का संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीण बूंद्बूंद पानी को तरस रहे हैं। सरकार ने लाखों रुपए खर्च कर ग्रामीणों को पेयजल की उपलब्ध कराने के लिए जलमीनार का निर्माण करवाया था। बंद पड़ी जलमीनार की सूचना पर तोपचांची उप प्रमुख हेमलाल महतो शुक्रवार को आमटांड़ पहुंचे और ग्रामीणों से मिलकर जानकारी ली। उन्होंने पीएचईडी के जेई से फोन पर बात करने का प्रयास किया, लेकिन उनका फोन बंद था। उन्होंने विभाग के एसडीओ को फोन कर ग्रामीणों की पेयजल की समस्या के बारे में बताया। इस पर एसडीओ ने जल्द समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

रेल सलाहकार समिति के सदस्य बने पिंटु कुमार सिंह

धनबाद (कासं) : केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा जनता दल यू के जिला अध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह को पुनः हाजीपुर जोन के रेल सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। इसके लिए रेल मंत्री भारत सरकार के साथसाथ पिन्टु कुमार सिंह को बधाई दी गई। रेल सलाहकार समिति के सदस्य बनने से रेल यात्रियों की समस्याओं दूर होगी। बधाई देने वाले में मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश महासचिव सुशील कुमार सिंह, पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव, प्रदेश सचिव राजू कुमार सिंह, पार्टी के वरिष्ठ नेता केबी सहाय,मो. तनवीर अहमद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुन्ना सिन्हा, पार्टी के उपाध्यक्ष हाजी हसीब खान, गुलाब महतो, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल

दुबे, महिला जिला अध्यक्ष पुष्पा पाण्डेय, युवा जिला अध्यक्ष रूपेश पासवान, धनबाद प्रखण्ड अध्यक्ष बबलू मोदक, शंकर चौरसिया, कपिलदेव यादव, कामेश्वर यादव, शंकर विद्यार्थी, साधु शरण पासवान, जिला महासचिव झप्पु सिन्हा, महेश कुमार सिंह, राज कुमार पाण्डेय, शिव चरण महतो, शिशिर दा, अक्षय सिन्हा, बैजू सिन्हा, डॉ. राजेश राम, अनिला सिन्हा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनोज कुमार, दिलीप सिन्हा, दीपन प्रमाणिक, सुनील मिस्त्री, राजेन्द्र राही, अरुण पासवान आदि शामिल है।

जिला शिक्षा अधिकारी से मिले स्कूल समिति के लोग

केन्दुआ (ससे) : गोन्दुडीह मध्य विद्यालय खरिकाबाद प्रबंधन

समिति व ज्ञान विज्ञान समिति की जिला इकाई द्वारा शुक्रवार को जिला शिक्षा अधीक्षक जिला शिक्षा अधिकारी व जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार से मिलकर विद्यालय खरिकाबाद के छात्र-छात्राओं के पठनपाठन में हो रही समस्याओं से अवगत कराया गया। उपस्थित बहनों के द्वारा बताया गया कि विद्यालय में कुल छात्रों की संख्या २२५ से अधिक है।

कुल तीन शिक्षक कार्यरत है। जिसमें एक प्रभारी प्रधानाध्यापक और दो शिक्षक वर्ग का संचालन करते हैं। जिसके कारण पठनपाठन के कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस विषय पर जिला शिक्षा अधिकारी व जिला शिक्षा अधीक्षक के द्वारा आश्वाशन दिया गया कि तत्काल एक शिक्षक विद्यालय को उपलब्ध कराई जाएगी तथा फरवरीमार्च में सभी विद्यालयों की शिक्षकों की कमी की पूर्ति कर दी जाएगी।

मौके पर ज्ञान-विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद के सचिव भोला नाथ राम, मधेश्वर नाथ भगत तथा विद्यालय परिवार के रूबी देवी, रिंकू देवी, राजकुमारी देवी, पूजा देवी, उमा देवी, ममता देवी, कविता देवी तथा गुड़िया देवी आदि उपस्थित थे।

विधायक संजीव सरदार हुए सम्मानित

धनबाद (कासं) : पोटका के लोकप्रिय विधायक संजीव सरदार विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो के पिताजी के ब्रम्हभोज में जाते समय कुछ पल के लिए रानीबाँध धैया हनुमान मंदिर के पास रुके। साथ ही झारखण्ड मुक्ति मोर्चा धनबाद महानगर समिति के पदाधिकारियों ने ढ़ोल नागाड़े के साथ माला पहनाकर स्वागत किया।

स्वागत में मुख्यरूप से झामुमो केंद्रीय सदस्य जग्गू महतो, महानगर अध्यक्ष मंटु कुमार चौहान, उपाध्यक्ष मिहिर दत्ता, युवा महानगर उपाध्यक्ष सप्पू महतो, वकील दास, कोषाध्यक्ष टिंकू सरकार, संयुक्त सचिव राजेश तुरी, मीडिया प्रभारी मिलन महतो, अल्पसंख्यक अध्यक्ष सद्दाम हुसैन उपस्थित थे।

एडीएम ने सुनी जनता की समस्याएं

धनबाद (कासं) : शुक्रवार को एडीएम लॉ एण्ड आर्डर पीयूष सिन्हा ने समाहरणालय में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना। लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया।

जनता दरबार में रैयती खतियान जमीन को गैरआबाद की सूची से हटाने से संबंधित, आर्म लाइसेंस, प्रधानमंत्री आवास से संबंधित, म्युटेशन, जमीन की रजिस्ट्री, जमीन मापी से संबंधित मामले, अवैध खनन, प्रदूषण से संबंधित मामले, वंशावली निर्गत करने से संबंधित, पारिवारिक मामले, स्वास्थ्य संबंधित मामले, रोजगार एवं शिक्षा से संबंधित मामले, जमीन से जुड़े मामले सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

डॉ.पूजा को पूर्व राष्ट्रपति करेंगे सम्मानित

धनबाद (कासं) : डॉ. पूजा शैलपुत्री कात्यायनी फाउंडेशन की निदेशक को भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता पर शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और उपलब्धियों के लिए दिल्ली विधानसभापति रामनिवास गोयल द्वारा दिल्ली विधानसभा में २२ नवंबर को भारत विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. पूजा ने बातचीत के दौरान बताया कि उन्हें लंदन बुक ऑफ़ वर्ल्ड २०२४ में बिहार और झारखंड में ४०० घंटे विद्यार्थियों को भारतीय सभ्यता एवं सांस्कृतिक शिक्षा के प्रशिक्षण के लिए मिला। विश्व पटल में भारत का नाम रोशन करने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने महाराष्ट्र रत्न पुरस्कार दिया। शिशु वाटिका विद्या भारती के एक मूल अंग के रिसर्च के लिए वेस्ट बंगाल सरकार ने उन्हें पुरस्कार दिया। इंटरनेशनल इमीनेंस अवार्ड २०२४ और यूथ लीडरशिप इन द वर्ल्ड सेबी होटल लेमन गुरुग्राम में,

राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान लिंगायत इंस्टीच्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट में राजेंद्र चौहान के द्वारा ७ दिसंबर २०२४ को नई दिल्ली में सम्मानित किया गया साथ। आगामी ११ जनवरी २०२५ को ग्लोबल यूनिवर्सिटी आफ बोंस इन अमेरिका के द्वारा सामाजिक कार्यों के लिए चयनित किया गया है। विकसित भारत २०४७ का अवार्ड पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के द्वारा यूथ लीडरशिप के लिए देने की घोषणा हुई है।

नेहरू किंडर गार्टेन में मना वार्षिक उत्सव

निरसा (ससे) : चिरकुंडा के नेहरू रोड स्थित नेहरू किंडर गार्टेन में छोटेछोटे बच्चों के बीच वार्षिक उत्सव सह पुरस्कार वितरण चटर्जी का स्वागत किया गया व चटर्जी ने बच्चों को पुरस्कृत भी किया। स्कूल के छोटेछोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वागत अधिक अर्टेंडस पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

मौके पर चिरकुंडा नगर परिषद के निवर्तमान नगर

समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित विधायक अरुप नृत्य, मोबाइल एक्यरनेश, ड्रामा, डांडिया डांस, शक्ति द पावर, लव यू जिंदगी आदि कार्यक्रम कर अभिभावकों का मन मोह लिया। वहीं स्कूल में बच्चों के बीच पूर्व में हुए ड्राइंग व रेसिटेशन प्रतियोगिता में विजेता व सबसे अध्यक्ष डब्लू बाउरी, स्कूल के निदेशक पूर्वी सरकार, सुनिता शर्मा, चंदा कुमारी, सुशांतो बनर्जी, इंद्राणी बनर्जी, सुपर्णा, सौम्रिक, रजनी, सोनम, रूची, मौसमी के अलावे बानी मंदिर संस्था के सदस्य आदि थे।

बसपा ने गृहमंत्री अमित शाह का पुतला फूंका

धनबाद (कासं) : शुक्रवार को रणधीर वर्मा चौक पर बहुजन समाज पार्टी ने गृहमंत्री अमित शाह का पुतला फूंका। इस दौरान सुबल दास ने कहा कि गृहमंत्री का अब तक पद से नहीं हटना और बाबा साहेब अंबेडकर पर हुए अपमान पर माफी नहीं मांगना भाजपा-आरएसएस का डॉ. भीमराव आंबेडकर समेत दलित विरोधी मानसिकता है। जिसे बसपा बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को अपमानित करने का सारा रिकॉर्ड भाजपा ने तोड़ दिया है। कहा कि अब बसपा के रास्ते ही बाबा साहब का सम्मान सुरक्षित रह सकता है।

कार्यक्रम में सुबल दास पूर्व प्रदेश अध्यक्ष झारखंड, अभय कुमार जिलाध्यक्ष, गणेश भारती जिला उपाध्यक्ष, बाबूलाल मांझी पूर्व जिलाध्यक्ष, सुनील रविदास जिला प्रभारी, मनोज दास महासचिव, मोतीलाल किस्कू पूर्व प्रत्याशी, राजीव कुमार, रंजीत कुमार पासवान, योगेंद्र बिन, अजीत दास, पप्पू पासवान, रमेश रविदास, बादल दत्ता प्रेम वाल्मीकि शेषनाथ समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पुण्यतिथि पर याद किए गए साहित्यकार अजीत राय

धनबाद (कासं) : शुक्रवार को दुर्गामंदिर हीरापुर में अजीत राय स्मारक समिति धनबाद द्वारा कोयलांचल के प्रखर साहित्यकार एवं लेखक स्व. अजीत राय की तीसरी पुण्यतिथि अजीत राय स्मारक समिति के अध्यक्ष प्रो.डॉ. दीपक कुमार सेन की अध्यक्षता में मनाई गई। संचालन बरनाली ने किया।

इस अवसर पर सर्व प्रथम स्व. अजीत राय की तस्वीर पर उपस्थित साहित्यकार, लेखक, कवि, सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। अजीत राय की तीसरी पुण्यतिथि पर डॉ.दीपक कुमार सेन ने कहा कि अजीत राय बांग्ला एवं हिंदी के प्रखर लेखक थे। उन्होंने अपने जीवन में ४० पुस्तकों को लिखा। उसमें सबसे महत्वपूर्ण हिंदी और बंगला में पुस्तक है।

झारखंड के इतिहास और धनबाद की इति कथा यह दोनों पुस्तक शोध परक तथ्यों के साथ है। लेकिन आज हम अजीत राय की तीसरी स्मरण सभा मना रहे हैं। वह मात्र ५९ वर्ष के उम्र में हम लोग को छोड़कर चले गए।

भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. काशी नाथ चटर्जी ने कहा कि अजीत राय का असमय चला जाना कोयलांचल के गरीब, शोषित वर्गों के लिए एक बहुत बड़ी हानि है। उनके उपन्यास कोयलांचल के गरीबों और शोषितों पर है। साथसाथ कॉमरेड एके राय पर भी इन्होंने उपन्यास लिखा। लेकिन उनका असमय चला जाना बहुत ही दुखद है। अगर अजीत राय होते तो वह अपने कलम से बेबाक लिखते। हमें प्रत्येक वर्ष उन्हें याद करना चाहिए और आने वाले दिन में उनके नाम पर पुस्तकालय खोलने का भी कोशिश करनी चाहिए। प्रो. वरुण सरकार ने उन्हें महान लेखक बताया।

हेमंत जसवाल ने उन्हें क्रांतिकारी लेखक बताया। कवि कनकन गुप्ता ने इनको बंगला के प्रख्यात लेखक बताया। कल्याण कुमार घोषाल ने कहा कि अजीत राय हमारे पास आते थे और बहुत सारे जानकारी मुझसे लेते थे।

अंजन चक्रवर्ती ने कहा कि अजीत सरल हृदय के थे। पुण्यतिथि कार्यक्रम का संचालन कर रही बरनाली गुप्ता द्वारा कहा अजीत राय हमारे हीरापुर के रहने वाले थे, साहित्य के अलावा उनके साथ हमारा एक अलग रिश्ता था, मै और मेरे पति डॉ. प्रियदर्शी गुप्ता उनके साहित्य के पूर्व से आज तक अनुरागी है, इनके सभी पुस्तक हमारे पास है। उपरोक्त के अलावा जयदीप बनर्जी, स्वप्न माजी, शिशिर राय चौधरी, जगबंधु आचार्य आदि अपने विचार रखे।

कहानियों का संग्रह है सुलभ प्रेम पुस्तक

धनबाद (कासं) : आर्केश द्वारा लिखित सुलभ प्रेम दुर्लभ एक सामाजिक और पारिवारिक जीवन पर आधारित कहानियों का संग्रह है, जिसमें पन्द्रह कहानियों को संकलित किया गया है। इन कहानियों में यह दशाने का प्रयास किया गया है कि प्रेम के साथ रह कर कैसे जीवन को सरल बनाया जा सकता है। आपसी कलह और मनमुटाव के कारण जीवन की अशांति की वजह ढूँढ़ती कहानियाँ, बेशक अपनी सी लगेगी। परिवार और समाज में व्याप्त कठिन संघर्षों के बीच भी रिश्तों में मधुरता बनी रहे, तभी जीवन सार्थक है और यह सार्थकता प्रेम के साथ जुड़ कर ही प्राप्त किया जा सकता है। जीवन को सीधी और सही राह प्रेम ही दिखा सकता है। एक स्वार्थ है, जो हमें त्याग नहीं करने देता और त्याग बिना प्रेम के हो नहीं सकता। स्वार्थ और त्याग के द्वंद्व के बीच फँसा इंसान जीवन को आसान बनाने के लिए किसे चुने? ऐसी ही

स्थितियों को दर्शाती इन कहानियों में लेखक का देखा, सुना और भोगा अनुभव भी शामिल है।

हम भले ही ध्यान न दें, लेकिन यह सच है कि माता-पिता के अच्छे कर्मों का मीठा फल बच्चे भी चख लेते हैं। संग्रह की एक कहानी, प्रतिफल में कुछ ऐसा ही दर्शाया गया है। कहानी की एक पात्र राधा, जब शहर से गाँव लौट रही थी तो उसके सारे पैसे चोरी हो गयी। तब एक ऐसे शख्स ने उसकी मदद की जो कभी शहर गया ही नहीं था। यह घटना सोचने पर विवश करती है कि वाकई कर्मों का फल इस धरती पर भी मिल जाता है।

छात्रों ने विधायक का किया स्वागत

बलियापुर (ससे) : प्रधानखंता डीसीएम आईटीआई प्रांगण में शुक्रवार को सिंदरी के विधायक चंद्रदेव महतो के स्वागत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डोमन चंद्र महतो के साथसाथ शिक्षकों एवं छात्रछात्राओं ने विधायक श्री महतो का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर विधायक श्री महतो ने संस्थान के छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने व अच्छे नागरिक बने की सलाह दी। समारोह में प्राचार्य चंडीचरण गोप, चिंतामणि दत्ता, ललन कुमार महतो, उदय कुमार महतो, पिंटू मंडल, कमलेश्वर महतो, शिवनाथ किस्कू, रूपलाल महतो, नरेश महतो, जमुना प्रसाद महतो आदि थे।

डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक -नगेश मिश्रा. फोन -9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

प्रिंस खान के आवास की कुर्की जब्ती

धनबाद (कासं) : पिछले दिनों धनबाद के गया पुल स्थित क्लिनिलैब में फायरिंग की घटना हुई थी. जिसकी जिम्मेदारी वासेपुर के गैंगस्टर प्रिंस खान ने ली थी. प्रिंस खान के द्वारा क्लिनिलैब के संचालक से रंगदारी की मांग की जा रही थी।

दहशत फैलाने के मकसद से बमबाजी की घटना को अंजाम दिया गया था. इस मामले में शुक्रवार को रांची से एटीएस की टीम बैंक मोड़ थाना की पुलिस के साथ गैंगस्टर प्रिंस खान के वासेपुर कमर मखदूमी रोड स्थित आवास की कुर्की जब्ती की कार्रवाई करने पहुंची।

एटीएस टीम में शामिल पदाधिकारी रोशन बाड़ा ने बताया कि पिछले दिनों धनबाद के गया पुल स्थित क्लिनिलैब में फायरिंग की घटना में बैंक मोड़ थाना में प्रिंस खान पर केस दर्ज हुआ था। उसी मामले यह कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जा रही है. प्रिंस खान के घर से कोई सामान बरामद नहीं हुआ है। कुर्की जब्ती की कार्रवाई पहले भी दूसरे मामले में हो चुकी है. जिस कारण कोई सामान नहीं मिला है, उसके घर पर दो से तीन बार कुर्की जब्ती की कार्रवाई हो चुकी है।

बता दें कि हाल के दिनों में गैंगस्टर प्रिंस खान ने जिला में अपने वायरल चिट्ठी के माध्यम से आतंक मचा रखा है। चिट्ठी और ऑडियो के जरिए फायरिंग घटना की जिम्मेदारी भी ले रहा है। जिस कारण जिला के व्यवसायी और डॉक्टर्स बेहद परेशान हैं। गुरुवार को ही बलियापुर थाना क्षेत्र के मार्शलिंग यार्ड में गोलीबारी की घटना घटी, जिसमें एक युवक को गोली लगी है। इस घटना की जिम्मेदारी भी प्रिंस खाना के द्वारा चिट्ठी वायरल जारी करके ली गयी है।

बंदियों की उम्र निर्धारण के लिए होगा बोर्ड का गठन

धनबाद (कासं) : झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के मेंबर सेक्रेटरी सह न्यायाधीश रंजना अस्थाना ने शुक्रवार को मंडल कारा धनबाद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश ने पांच ऐसे बंदियों को चिन्हित किया, जिनकी उम्र ७० वर्ष है। तीन ऐसे बंदी भी मिले, जिन्हें गंभीर बीमारी है. जबकि तेरह बंदी ऐसे मिले, जिन्हें देखने पर ऐसा लगा कि वह ७० वर्ष के आसपास होंगे। उनके पास उम्र संबंधित कोई दस्तावेज नहीं थे, लिहाजा न्यायाधीश ने उनके उम्र निर्धारण के लिए मेडिकल बोर्ड गठित करने का आदेश दिया। न्यायाधीश श्रीमती अस्थाना के नेतृत्व में टीम ने कारागार के हर एक हिस्से का मुआयना किया। न्यायाधीश ने चिन्हित किए गए बंदियों को मुक्त कराने के लिए समुचित कार्रवाई का निर्देश

दिया इसके बाद न्यायाधीश के नेतृत्व में टीम ने बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली। कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजे जाने का निर्देश जेल डॉक्टर को दिया।

बंदियों को गर्म कपड़े, मोजा अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश अपर समाहर्ता सह जेल अधीक्षक विनोद कुमार को दिया। न्यायाधीश ने चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर, वहां तैयार हो रहे भोजन, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यानसहयोग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने सभी बंदियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। न्यायाधीश ने बंदियों को जेल मैनुअल के तहत मिलने वाली सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आदेश जेल प्रशासन को दिया। इस मौके पर सिटी एसपी अजीत कुमार अवर न्यायाधीश राकेश रोशन, धनबाद थाना प्रभारी, जेल डॉक्टर राजीव कुमार सिंह, मनोज कुमार गुप्ता एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल, शैलेन्द्र झा,सुमन पाठक, नीरज गोयल, कन्हैया लाल ठाकुर, स्वाति, मुस्कान, सिविल कोर्ट के सहायक अरुण कुमार, राजेश सिंह, अनुराग, डिपेंटी गुप्ता समेत जेल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

स्व. शैलेश सिंह चंद्रवंशी को दी गई श्रद्धांजलि

धनबाद (कासं) : एलसी रोड स्थित विवाह भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से हमारे बीच से असमय चले जाने वाले हमारे साथी भाजपा ओ.बी.सी. मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. शैलेश सिंह चंद्रवंशी की तस्वीर पर विधायक राज सिन्हा पुष्प अर्पित कर उनके विचारों और पार्टी के प्रति उनके समर्पण को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा के शांति की कामना ईश्वर से की। इस मौके पर दर्जनों भाजपाई मौजूद थे।

घर का ताला तोड़ हजारों की चोरी

धनबाद (कासं) : जिले के झरिया अंतर्गत सुदामडीह थाना क्षेत्र के भौंरा १३ नंबर निवासी मुन्ना कुमार यादव के घर का ताला तोड़कर चोरों ने शुक्रवार को दिन दहाड़े नकदी समेत हजारों की

संपत्ति चोरी कर ली। श्री यादव ने बताया कि आज सुबह वे किसी काम से धनबाद गये हुए थे। जब दोपहर में करीब एक बजे वापस अपने घर लौटे तो देखा कि घर के दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। घर के अंदर जाकर सामानों की छानबीन किया तो बेड के बिस्तर के नीचे रखे १३ हजार रुपये नकद, एक सोने की अंगूठी व चार्ज में लगा सैमसंग का एंड्रॉयड स्मार्ट मोबाइल फोन गायब था। वहीं घर के अन्य सामान व कागजात इधर उधर बिखरे पड़े थे। पीडित श्री यादव ने घटना की लिखित शिकायत सुदामडीह थाना में की है।

लक्ष्मी सरस्वती शिशु में हुआ नाटक का मंचन

धनबाद (कासं) : ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्था द्वारा लगातार चल रहे नशा मुक्ति जागरूकता अभियान को लेकर लक्ष्मी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नाटक मंचन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ज्योत जलाकर एवं राष्ट्रीय गान गाकर किया गया जिसमें बीके माधव ने बताया कि कैसे बच्चे बड़े सभी नशे कि गिरफ्त में आ रहे हैं जिससे गंभीर बिमारियों के शिकार हो अपने और अपने परिवार की जिंदगी को तबाह कर रहे हैं जिससे अपने मेहनत का पैसा और स्वास्थ्य दोनों बर्बाद करते हुए समाज में अपना इज्जत बर्बाद हो रहा है और अपने बच्चों को उचित शिक्षा भी नही दिलवा पा रहे हैं कृपया अपने परिवार के भविष्य को संवारने के लिए व्यसनों से बाहर निकल कर एक जिम्मेदार नागरिक होने का फज निभाए स्कूल शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित बीके भाई बहनों ने शपथ लिया कि भविष्य में किसी दबाव में या शौक से किसी भी प्रकार का व्यसनों का प्रयोग नहीं करेंगे और नशा मुक्त भारत नशा मुक्त धनबाद नशा मुक्त झरिया का शपथ लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बी के माधव, बी के रवि, बीके मनोरंजन, बीके, बीके मनोज, बीके निमी, डोली बीके मुकेश, रीना, जयश्री, सुनीता, नीरज, रणविजय सिंह, रघुवंश सिंह, स्कूल प्रबंधन में प्राचार्य श्री गौतम बनर्जी, आचार्य आनन्द माहतो, संजय पांडे, भगवान साहु, अभय सिंह कविता अग्रवाल, इंदु, सरिता, सभी शिक्षकशिक्षिकाओं सहित सभी विद्यार्थियोंगण उपस्थित थे।

हीरो कंपनी के नकली पार्ट्स व मोबिल का भंडाफोड़

धनबाद (कासं) : धनबाद शहर के बैंक मोड़ स्थित वासु ऑटो में नकली मोबिल व हीरो बाइक के नकली स्पेयर पार्ट्स के कारोबार का भंडाफोड़ हुआ है। सेल्ट बिजनेस ऑफ इंटलक्चुअल प्रापर्टी राइट्स की टीम ने शुक्रवार को बैंक मोड़ थाना पुलिस के सहयोग से वासु ऑटो दुकान में छापेमारी कर भारी मात्रा में हीरो, गल्फ, मोटूल व अन्य कंपनियों के नकली मोबिल के साथसाथ हीरो कंपनी के रैपर, नकली स्पेयर पार्ट्स व सील करने वाली मशीन आदि बरामद किए. टीम ने ५० लाख रुपए से अधिक के नकली पार्ट्स व मोबिल बरामद किए हैं। इससे शहर के व्यापारियों व ग्राहकों के बीच हड़कंप मच गया है।

कंपनी के डायरेक्टर विप्लप घोष ने बताया कि पिछले कई महीनों से सूचना मिल रही थी

कि बैंक मोड़ स्थित उक्त दुकान में हीरो कंपनी के नकली पार्ट्स की बिक्री हो रही है।

इसके बाद दुकान की रेकी की गई, जिसमें सूचना सही पाई गई। इसके बाद धनबाद के डीएसपी लॉ एण्ड ऑर्डर से इसकी लिखित शिकायत की गई। इसके बाद पुलिस के सहयोग से दुकान में छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि बरामद सामान की कीमत ५० लाख से अधिक है। वासु ऑटो बाजार में कंपनी के नाम पर नकली सामान बेच कर जनता को तो चूना लगा ही रहा था। बड़े पैमाने पर जीएसटी की भी चोरी की जा रही थी। सामान जब्त कर बैंक मोड़ थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अमन हत्याकांड में पुलिस को मिले अहम सुराग

धनबाद (कासं) : हीरापुर आदर्श नगर निवासी व्यवसायी अमन कुमार साव उर्फ मनु हत्याकांड में पुलिस को कई अहम सुराग मिले हैं। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। संभावना है कि पुलिस दोतीन दिनों के अंदर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लेगी। जबकि घटना के आठ दिन बाद एसएसपी एचपी जनार्दनन ने एसआइटी का गठन किया था।

सूत्रों ने बताया कि अमन साव हत्याकांड में पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके आधार पर छह से अधिक लोगों को उठाया गया है। सभी से पूछताछ की जा रही है। इस दौरान हत्या के कारण और हत्या में शामिल लोगों की जानकारी पुलिस को मिल गयी है उनमें से कुछ लोग पकड़े गये हैं। सभी को जीटी रोड के एक थाना में रखकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जब मामला की जांच शुरू की गयी तो १४ लाख रुपये के लेन-देन का मामला सामना आया। रुपये को लेकर पहले भी मारपीट हुई थी। पुलिस कतरास के तीन युवकों को भी तलाश रही है।

लायंस क्लब ने गरीबों के बीच बांटे कंबल

बलियापुर (ससे) : प्रधानखंता लायन्स एसएसबीबी स्कूल ऑफ़ लर्निंग प्रांगण में शुक्रवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर लायंस क्लब ऑफ गोविंदपुर की ओर से जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में गोविंदपुर लायंस क्लब के अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा, प्राचार्य एसके राय, अशोक जायसवाल, केडीएन आजाद, एमएल शर्मा, रोशन अग्रवाल, अनुराग, प्रदीप, मो. मोहसिन, एजाज अहमद आदि थे।

अवैध कोयला लदे 4 ट्रैक्टर जब्त

निरसा (ससे) : निरसा थाना क्षेत्र के मुगमा स्टेशन रोड में ईसीएल मुख्यालय सीआईएसएफ की टीम का लगातार दूसरे दिन गुरूवार को छापामारी कर कोयला लदे चार ट्रैक्टर जब्त किया। इससे साफ जाहिर होता है कि निरसा थाना क्षेत्र में कोयला अवैध धंधा बदस्तूर जारी है। लेकिन निरसा पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। गुरुवार को सीआईएसएफ ने गुप्त सूचना के आधार पर मुगमा स्टेशन रोड के सक्षम उद्योग के समीप से अवैध कोयला लदा चार ट्रैक्टर को जब्त किया। विगत के कई दिनों से ईसीएल के विभिन्न कोलियरी से कोयले की लूट मची हुई है। फिर भी निरसा पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नही किये जाने के कारण ईसीएल प्रबंधन ने सीआईएसएफ को विशेष रूप से छापेमारी का अभियान सौपा। जिसके बाद आज सीआईएसएफ की टीम ने ४ अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर को पकड़ लिया। हालांकि टीम को देखते ही चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। इस घटना के बाद से निरसा पुलिस पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सवाल उठना भी लाजिमी है क्योंकि निरसा क्षेत्र में दर्जनों भट्टे अवैध रूप से संचालित है। लेकिन निरसा पुलिस मुकदर्शक बनी हुई है। पुलिस की कार्रवाई नहीं करने की वजह से सीआईएसएफ ने यह कदम उठाना पड़ा। मौके से सीआईएसएफ की टीम ने कोयला लदे ट्रैक्टरों को जब्त कर निरसा थाने ले गयी तत्पश्चात उक्त कोयले को चापापुर साइडिंग में खाली करवा दिया तथा जब्त ट्रैक्टरों को निरसा पुलिस के हवाले कर दिया। निरसा पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई करने की प्रक्रिया कर रही है।

डिनोबली में क्रिसमस सेलिब्रेशन

जोड़ापोखर (ससे) : डिनोबली स्कूल डिगवाडीह के प्रांगण में क्रिसमस सेलिब्रेशन मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के जूनियर सेक्शन एवं सीनियर सेक्शन के बच्चों ने बढ़चढ़कर कर भाग लिया। इस मौके पर नाट्य मंचन का आयोजन किया गया, जिसमें जीसस क्राइस्ट के जन्म की कहानी दिखाया गया। इसके अलावा जूनियर सेक्शन एवं सीनियर सेक्शन के बच्चों ने रंगारंग एवं मनमोहक डांस प्रस्तुत किया गया। जूनियर सेक्शन की शिक्षिका मिस नीलम एवं जूनियर सेक्शन के छोटे-छोटे बच्चों ने संता क्लॉज बनकर बच्चों का खूब मनोरंजन किया।

स्कूल के रेक्टर फादर ऑस्कर होरो ने बच्चों को क्रिसमस के मौके पर संदेश दिया कि कैसे जीसस क्राइस्ट ने समाज के सभी वर्गों में शांति का संदेश दिया। इस प्रोग्राम को सफल बनाने में स्कूल के प्रिंसिपल फादर थॉमस सीजी, एडमिनिस्ट्रेटर फादर अनिल, फादर राजेश, सर रिचर्ड, सर सोजन आदि शिक्षकशिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

जिले भर में चल रहा बालू का खेल, खुफिया तंत्र फेल

धनबाद (कासं) : झारखंड में खनिज सम्प्रदा की अकूत भण्डार है जिसे बचाने की जिम्मा

सरकारी बाबुओं पर हैं मगर पूरे झारखण्ड में खनिज सम्प्रदा को लुटा जा रहा हैं, क्या गांव क्या शहर हर तरफ लूट मची हुई हैं। हम ऐसा इसलिए लिए कह पा रहे हैं कि हमारे संवाददाता जिले भर से ग्राउंड रिपोर्टिंग कर जो दस्तावेज उपलब्ध किए हैं उससे साफ जाहिर होता हैं कि किस तरह से बालू का खेल पूरे जिला भर जारी हैं पेश हैं एक रिपोर्ट हटने के बाद ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को नदी घाटों से बालू उठाव को लेकर दो केटेगरी में बाटा गया हैं।

एक वह हैं जो कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय मुखिया के देख रेख में बालू का उठाव सरकारी रॉयल्टी प्रति सौ सेप्टिक एक सौ रूपये सरकारी चालान के साथ उठाने की अनुमति दी गई हैं लेकिन नदी घाटों पर तो मुखिया द्वारा सौ रूपये की चालान तो दी जा रही हैं लेकिन उसके बदले में बालू उठाव करने वाले से प्रति सौ सेप्टिक का २५० सौ रूपये से ३०० रूपये तक ली जा रही हैं यह हम नहीं कह रहे है नदी से बालू उठाव कर चालान कटाने वाले व्यक्ति कह रहे है। पहले सुने क्या कह रहे हैं।

तो आपने सुना सौ रूपये की चालान पर मुखिया द्वारा कितने की वसूली की जा रही हैं जिसके कारण ६०० सौ और ७०० सौ रूपये में बिकने वाला बालू हजारों रूपये में बिक रहे हैं जिसका सीधा बोझ आम जनता पर पड़ रही हैं।

आइए जानते हैं खनन विभाग द्वारा नदी घाटों से बालू उठाव के क्या नियम हैं। अपने परिसीमन से ही बालू उठाव कर सकते है, नदी घाटों में १० से अधिक ट्रैक्टर प्रवेश नहीं कर सकते हैं, बिना चालान एवं रॉयल्टी दिए बैगर बालू का उठाव नहीं कर सकते हैं,ग्रामीण क्षेत्र का बालू आस पास के पंचायतों में ही बिक्री कर सकते है इसे व्यवसाई करण नहीं कर सकते हैं,सरकारी योजनाओं निर्माण में उचित मूल्यों पर बालू बिक्री कर सकते हैं।

परंतु इस सभी नियमों को ताख पर रख कर पुरे क्षेत्रों के नदी घाटों से बालू का खेल बदस्तूर जारी हैं जिससे राज्य सरकार को प्रतिदिन करोड़ों का चुना लगाया जा रहा हैं पुरे जिले कर में इसका बहुत बड़ा नेटवर्क हैं इन दिनों निरसा विधानसभा के बेजड़ा घाट,मैथन घाट, पंचेत घाट एव चिरकुंडा के सुन्दर नगर बालू घाटों में खेल जारी है और तो और प्रत्येक घाटों से प्रतिदिन दर्जनों ट्रैक्टरों को चालान दी जाती है मगर बालू का उठाव सैकड़ो ट्रैक्टरों एव हाईवा के जरिए किया जा रहा हैं एक ही चालान पर प्रतिदिन प्रत्येक ट्रैक्टर चार से पांच बार बालू का उठाव कर रहे हैं जिसके कारण बालू आम आदमी तक पहुंचते पहुंचते इसकी कीमत आसमान छू रहे हैं।

बालू घाटों से चल रहा अवैध बालू का कारोबार

धनबाद (कासं) : झारखंड में बालू खनन का टेंडर नहीं होने से बालू घाटों से अवैध बालू का कारोबार जोर सोर चल रहा है। धनबाद जिले के पूर्वी टुंडी और निरसा स्थित बरकार नदी के बेजरा और पंडरा बेजरा घाट से बड़े पैमाने संगठित रूप से बालू का अवैध कारोबार हो रहा है, इसमें अधिकारियों और सफेद पोस नेता को मैनेज कर कारोबार करने की बात सामने आ रही है।

इन घाटों से २४ सौ घंटे बालू का खनन कर ट्रैक्टर से डंप किया जाता है जिसे हवाई, ४०७ और ट्रेक्टर के माध्यम से निरसा और पूर्वी टुंडी के रास्ते गंतव्य तक पहुंचाया जाता है। रास्ते में पुलिस, सीओ और खनन विभाग के नाम से पैसे की वसूली भी की जाती है।

इस सिंडिकेट का मुख्य सरगना सुमित ठाकुर, सिकंदर अंसारी, सद्दाम अंसारी, नवाब अंसारी, मुस्ताक उर्फ पिंटू, गुजु अंसारी, मकरूद्दीन अंसारी, अशित मंडल उर्फ चीकू, उदित राम उर्फ भुटू राम शामिल है। इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को भी है लेकिन इनपर कोई कार्रवाई नहीं होती है। इसे लेकर धनबाद माइनिंग अधिकारी रितेश राज तिग्गा ने कहा कि धनबाद में टेंडर के लिए ८ बालू घाटों का टेंडर के लिए चयन किया गया है। सरकार के आदेश आते ही टेंडर की प्रक्रिया होगी। जिसके बाद ही बालू के अवैध कारोबार पर अंकुश लग सकेगा। कहा कि आए दिन हमलोग कार्रवाई करते हैं और बालू भी जब्त होती है। बालू की अवैध कारोबार के रोकथाम के लिए पुलिस और आंचल अधिकारियों को भी कार्रवाई का जिम्मा है। कहा की पुलिस फोर्स की कमी के कारण हमलोग बड़ी कार्रवाई नहीं कर पाते हैं।

सफाई कर्मियों के बीच पीपीई कीट वितरित

धनबाद (कासं) : नगर निगम कार्यालय में नमस्ते स्कीम के

तहत नगर आयुक्त ने सफाई कर्मियों के बीच पीपीई किट का किया वितरण। यहाँ पीपीई किट सफाई कर्मियों के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षा का विशेष ध्यान के प्रति वितरित किया गया। नगर विकास एवं आवास विभाग के द्वारा उपलब्ध कराये गए नमस्ते योजना के अंतर्गत प्रोफाइलिंग किये गए सफाई कर्मी को पीपीई किट का वितरण किया गया। जिसमे सभी को किट में मास्क, गलब्स, जूता, टोपी इत्यादि किट में उपलब्ध कराया गया।

नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने कहा की नगर निगम के शहरी क्षेत्र में नाली और सीवरेज में काम करने वाले सफाई कर्मियों के प्रति ध्यान रखते हुए सुरक्षा पीपीई किट वितरण किया गया है जिससे सफाई कर्मी को स्वास्थ्य और सुरक्षा का इस कीट के माध्यम से काफी सहायता मिलेंगे। और यह किट पहन कर ही नाली की साफ सफाई एवं सीवरेज की साफसफाई करना है। सफाई कर्मी अब नमस्ते योजना को जनजन तक प्रत्येक वार्ड मे सफाई किट को पहन कर जागरूकता एवं सुरक्षा का जानकारी देंगे।

संपादकीय

'वन नेशन-वन इलेक्शन' को लेकर सरकार की मंशा

संविधान संशोधन के लिए संसद के दोनों सदनों में सत्तापक्ष को दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। वह नहीं मिल पाया और स्वाभाविक रूप से दोनों विधेयक पारित नहीं हो सके। एक राष्ट्र एक चुनाव मौजूदा केंद्र सरकार का महत्त्वाकांक्षी विचार है। यह नारा उसने अपने पिछले कार्यकाल में ही दिया था। मगर इसे लेकर विरोध शुरू हो गया और विपक्षी दलों ने न केवल इसे अव्यावहारिक, बल्कि असंवैधानिक भी करा दिया था। सरकार ने इस पर विचार और सुझाव के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अगुआई में एक समिति गठित कर दी। उस समिति के गठन पर भी सवाल उठे कि उसके सदस्यों के पास अपेक्षित योग्यता नहीं है। मगर समिति ने विभिन्न दलों से बातचीत की, जिसमें से अनेक दलों ने इस विचार का विरोध किया था, फिर भी समिति ने सुझाव दिया कि देश में सभी चुनाव एक साथ कराए जाने चाहिए। इसके पीछे बड़ा तर्क है कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव अलग-अलग समय पर कराए जाने से धन और समय की काफी बर्बादी होती है। इस तर्क को खारिज करने के लिए भी अनेक उदाहरण और तर्क पेश किए गए। मगर सरकार ने इससे संबंधित दो विधेयक संसद में पेश कर दिए। एक विधेयक एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर था और दूसरा केंद्र और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के चुनाव एक साथ कराने के लिए संविधान में संशोधन से संबंधित था। संविधान संशोधन के लिए संसद के दोनों सदनों में सत्तापक्ष को दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। वह नहीं मिल पाया और स्वाभाविक रूप से दोनों विधेयक पारित नहीं हो सके। अब सरकार ने इन विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति के पास समीक्षा के लिए

भेजने का फैसला किया है। निस्संदेह यह संवैधानिक दृष्टि से संवेदनशील मुद्दा है और इसे आनन-फानन पारित करा लेने से आने वाले वक्त में कई तरह की जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अलग-अलग चुनाव होने से न केवल खर्च कुछ अधिक होता है, बल्कि निर्वाचन आयोग और सरकार के कामकाज में भी बाधाएं आती हैं। मगर ऐसा करने के लिए जिन सरकारों का कार्यकाल बढ़ाना या घटाना पड़ेगा, उससे संवैधानिक मूल्यों को ठेस पहुंचने का खतरा रहेगा ही। फिर, यह भी कोई गारंटी नहीं कि कहीं मध्यावधि चुनाव की नौबत नहीं आएगी। उस स्थिति में कब तक सरकार का काम मुल्तवी रखा जाएगा। ऐसी स्थिति में राष्ट्रपति शासन के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में लंबे समय तक किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किए रखना अच्छी बात नहीं होती। एक राष्ट्र एक चुनाव संबंधी विधेयक संयुक्त संसदीय समिति को सौंपने का फैसला उचित है। मगर इसके बावजूद यह अपेक्षा बनी रहेगी कि समिति के समक्ष निष्पक्ष तरीके से बहसें हों, तर्क और सुझाव रखे जाएं। सरकार उन सुझावों को उदारतापूर्वक स्वीकार करे। क्योंकि पिछले कुछ समय से संयुक्त संसदीय समिति के सामने रखे गए कुछ मामले विवादों में देखे गए हैं। उन पर हुई बहसें सवालों के घेरे में रही हैं, विपक्षी सदस्य उन पर सत्तापक्ष की मनमानियों के आरोप लगा कर खुद को अलग करते देखे गए हैं। एक साथ चुनाव कराने संबंधी विधेयक को सरकार अगर हार-जीत का मसला न बनाए और अपना हठ छोड़ कर थोड़ा लचीला रुख अपनाएगी, तभी कोई सार्थक नतीजा निकलने की उम्मीद बन सकती है। वैसे ही चुनाव प्रक्रिया पिछले कुछ समय से सवालों के घेरे में है, सरकार को अगर सचमुच धन और समय की बर्बादी की चिंता है, तो उसके दूसरे भी व्यावहारिक उपाय जुटाए जा सकते हैं।

एनटीए और नीट परीक्षा को लेकर शिक्षा मंत्री की बड़ी घोषणा

मेडिकल में दाखिले के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के प्रश्नपत्र लीक होने और दूसरी अनियमितताओं के कारण कई परीक्षाएं रद्द कर दी गई थीं। इस पर न केवल सवाल उठे, बल्कि लाखों परीक्षार्थियों का भरोसा भी टूटा था। राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) में सुधार की दिशा में सार्थक पहल हुई है। अपने गठन से लेकर अभी तक पर्चाफोड़ सहित कई विवादों में रही एनटीए अब केवल उच्च शिक्षा प्रवेश परीक्षाओं पर ध्यान केंद्रित करेगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री की घोषणा के बाद उम्मीद बनी है कि इससे न केवल परीक्षार्थियों की शिकायतें कम होंगी, बल्कि अनावश्यक विवाद भी नहीं उठेंगे। पहले कई परीक्षा केंद्रों पर तकनीकी खामियां सामने आई थीं। वहीं मेडिकल में दाखिले के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के प्रश्नपत्र लीक होने और दूसरी अनियमितताओं के कारण कई परीक्षाएं रद्द कर दी गई थीं। इस पर न केवल सवाल उठे, बल्कि लाखों परीक्षार्थियों का भरोसा भी टूटा था। एनटीए की साख भी धूमिल हुई थी। केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा शुरू करने में देरी पर समय की भरपाई के लिए कृपांक देने के मामले में भी भारी विवाद हुआ था। तब एजंसी को अपना फैसला वापस लेना पड़ा था। तमाम गड़बड़ियों की वजह से ही एजंसी के महानिदेशक को हटाना पड़ा था। इसके बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी के कामकाज में सुधार को लेकर कवायद शुरू हुई। यह अच्छी बात है कि अब एनटीए भर्ती परीक्षाएं आयोजित नहीं करेगी। अगले वर्ष से वह खुद को सिर्फ प्रवेश परीक्षाओं तक सीमित रखेगी। निश्चित रूप से यह एक महत्त्वपूर्ण कदम है। दरअसल, राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी में सुधार के लिए जो उच्च स्तरीय समिति गठित की गई थी, उसने अपनी रपट सरकार को सौंप दी है। इसके बाद ही सरकार ने बड़ा कदम उठाया। अब न केवल राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी के पुनर्गठन के रास्ते खुलेंगे, बल्कि इसकी कार्यशैली भी बदलेगी। इसका लाभ अंततः परीक्षार्थियों को ही मिलेगा। इससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि नए कदम से एजंसी की परीक्षा व्यवस्था पुख्ता होगी, जिसे लेकर संसद से लेकर सड़क तक सवाल उठते रहे हैं।

आज का कार्टून

अपनों के निशाने पर आने के बाद क्या अब नीतियों में बदलाव लाएगी कांग्रेस?

> अगर ईवीएम पर इतना ही संदेह है तो संदेह करने वाले दलों को चाहिए कि वे ईवीएम के जरिए होने वाले चुनावों का बहिष्कार करें। इसके बाद अगर चुनाव होगा तो निश्चित है कि इस चुनाव की पवित्रता सवालों के घेरे में आ जाएगी। संविधान पर संसद में विशेष बहस पर अपने नेताओं प्रियंका वाड्रा और राहुल गांधी के भाषणों को लेकर जिस वक्त कांग्रेस गद्गद हो रही थी, उसी वक्त उस पर कश्मीर की वादियों से सियासी गर्मी का जबर्दस्त झोंका आया। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस को सीधे-सीधे सलाह दे डाली कि ईवीएम का रोना छोड़ो और अपनी हार को स्वीकार कर लो।

उमेश चतुर्वेदी

दिलचस्प यह है कि लोकसभा के अपने पहले भाषण में संविधान पर चर्चा के दौरान प्रियंका वाड्रा ने कहा था कि ईवीएम हटा दो, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। प्रियंका के इस बयान के ठीक बाद सामने आए उमर अब्दुल्ला के ये शब्द महज बयान नहीं है, बल्कि इसके कई राजनीतिक अर्थ हैं।

उमर के इस बयान को ममता बनर्जी और रामगोपाल यादव की अभिव्यक्ति की अगली कड़ी के रूप में रखा जा सकता है। यहां एक बार फिर दोहरा देना उचित ही होगा कि इंडिया गठबंधन के अघोषित अगुआ को रूप में राहुल गांधी को नकार चुकी हैं और समाजवादी पार्टी के महासचिव रामगोपाल यादव कांग्रेस की अगुआई को ही नकार चुके हैं। उमर अब्दुल्ला ने अपने बयान के जरिए एक तरह से साफ कर दिया है कि कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व में उनका भरोसा नहीं है। आज की राजनीति जिस बिंदु पर पहुंच चुकी है, उसमें अगुआ की हर गलत-सही बात का समर्थन करना ही अनुयायियों की पहली शर्त बन गई है। तार्किक आधार पर समर्थन और विरोध की सोच को हमारे समाज ने सिरे से नकार दिया है। यह नकार राजनीति में सबसे ज्यादा नजर आता है। अगुआ की बात को अनुयायी ने स्वीकार नहीं किया तो उसे सीधे-सीधे नाफरमानी या अनुशासनहीनता माना जाता है। दलीय व्यवस्था में ऐसे नकार की सजा निष्कासन और निलंबन तय है। चूंकि इंडिया गठबंधन औपचारिक कोई दल नहीं, बल्कि दलों का समूह है, लिहाजा यहां वैसी अनुशासनिक व्यवस्था नहीं है।

इसके बावजूद मोटे तौर पर गठबंधनों के बीच एक समझ रही है कि गठबंधन और उसके अगुआ की सेहत पर असर ना पड़े, ऐसी बयानबाजी से दूर रहा जाए। लेकिन ममता बनर्जी, रामगोपाल यादव और उमर अब्दुल्ला के बयान के संदेश साफ हैं। संदेश यह है कि कांग्रेस की अगुआई में उन्हें नरेंद्र मोदी को चुनौती दे पाने की ताकत राहुल गांधी में नहीं दिखती। इन बयानों का एक संदेश यह भी है कि राहुल गांधी की अगुआई में इन दलों का कम से कम राष्ट्रीय स्तर पर कोई भविष्य नहीं है। लेकिन उमर अब्दुल्ला इससे आगे का भी संकेत दे रहे हैं। ईवीएम के बहाने वे कांग्रेस को यह भी संदेश दे रहे हैं कि 'मीठा-मीठा गप और कड़वा-कड़वा थू' की वैचारिक सोच वाली राजनीति लंबे समय तक नहीं चल सकती। यह कैसे हो सकता है कि जिस ईवीएम के सहारे आप अमेठी और वायनाड जीतने के बाद आप जश्न में डूब सकते हैं, जिसके सहारे 55 से 99 सीटों पर पहुंच जाते हैं तो इसे अपनी भारी जीत बताते हैं, जिस ईवीएम के ही सहारे जब आप कर्नाटक, हिमाचल और झारखंड और यहां तक कि कश्मीर जीत जाते हैं तो इसे नरेंद्र मोदी की हार बताने लगते हैं, लेकिन अगर चुनावी रणनीति में मात खाने के बाद सत्ता की दौड़ में पीछे रह जाते हैं तो ईवीएम को दोषी ठहराने लगते हैं। यह दोहापन नहीं चलने वाला। इसे जनता भी समझने लगी है। अगर ईवीएम पर इतना ही संदेह है तो संदेह करने वाले दलों को चाहिए कि वे ईवीएम के जरिए होने वाले चुनावों का बहिष्कार करें। इसके बाद

अगर चुनाव होगा तो निश्चित है कि इस चुनाव की पवित्रता सवालों के घेरे में आ जाएगी। अगर ईवीएम पर संदेह करने वाले दल चुनाव प्रक्रिया से बाहर हो जाएं तो विपक्ष विहीन चुनाव को जनता भी स्वीकार नहीं कर पाएगी और उस चुनाव को सहज लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अंग नहीं माना जा सकेगा।

ऐसे में सरकार और चुनाव आयोग दबाव में आ सकते हैं। लेकिन ऐसा करने के लिए ईवीएम पर संदेह करने वाले दलों में साहस होना चाहिए। दुर्भाग्य से ऐसा साहस कोई दल दिखाता नजर नहीं आ रहा। इसकी वजह यह है कि कोई भी दल संसदीय राजनीति के उस रसूख को छोड़ने का साहस नहीं रखता, जो उसे सांसद या विधायक बनने के बाद हासिल होता है। इन दलों और उनके नेताओं को पता है कि संसद और विधानमंडल से बाहर रहने के बाद उनकी बातें गौर से सुनीं नहीं जातीं और उनके शब्दों को तवज्जो भी नहीं मिलता। इसलिए वे ईवीएम पर सवाल भी उठा रहे हैं और उसी ईवीएम के जरिए संसदीय कुर्सियों पर भी काबिज रहना चाहते हैं। यह भी एक तरह से चारित्रिक दोहरापन ही है और उमर अब्दुल्ला का यह बयान उस दोहरापन से खुद को अलग करने की कोशिश भी हो सकता है।

वैसे कांग्रेस के लोगों से ऑफ द रिकॉर्ड बात कीजिए तो वे भी मानते हैं कि चाहे ईवीएम का मुद्दा हो या किसानों का आंदोलन, उनके लिए सिर्फ कवरअप के मुद्दे हैं। कवरअप यानी बचाव का मुद्दा। पार्टी के अंदरूनी सूत्र भी मानते हैं कि जिन कृषि कानूनों के विरोध में कांग्रेस राजनीति कर रही है, उन्हें उसकी ही सरकार ने तैयार किया था। ईवीएम का चलन 2004 में पूरी तरह शुरू हुआ। जिसमें कांग्रेस की अगुआई वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यानी यूपीए को जीत मिली थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने थे। तब तो कांग्रेस को यह जीत बहुत पसंद आई थी। इसके अगले यानी 2009 के चुनाव में भी यूपीए को दूसरी बार जीत मिली। तब भी ईवीएम पर कम से कम कांग्रेस की ओर से सवाल नहीं उठा। तब लालकृष्ण आडवाणी खेमे की ओर से ईवीएम पर सवाल उठा तो उसे सिरे से खारिज कर दिया गया। इसके बाद आडवाणी के लोगों ने उसे तूल नहीं दिया। लेकिन 2014 के बाद से लगातार ईवीएम पर कांग्रेस की ओर से लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। जबकि कांग्रेस भी जानती है कि ईवीएम में दोष नहीं है, उसकी नीतियों में ही कमी है, जिसकी वजह से वोटर उसे स्वीकार नहीं कर पा रहा है।

ऑफ द रिकॉर्ड अगर कांग्रेसी नेताओं से बात होती है तो वे मानते हैं कि किसान कानून और ईवीएम का विरोध दरअसल उसके लिए बचाव के मुद्दे हैं। कांग्रेस इन मुद्दों के जरिए अपनी नाकामियां छिपाती रहती है। उदाहरण के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर यादव के हालिया बयान को लेकर उनके खिलाफ कपिल सिब्बल की अगुआई में महाभियोग चलाना कुछ-कुछ वैसा ही मामला होने जा रहा है, जैसा 1986 में शाहबानो को गुजारा भत्ता देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने के लिए संसद से नया कानून बना दिया गया था। बहुसंख्यक सोच जबकि इसके खिलाफ थी, कुछ इसी तरह शेखर यादव के बयान को लेकर महाभियोग चलाने के फैसले से बहुसंख्यक वोट बैंक सहमत नहीं है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को लेकर बहुसंख्यक समाज में विरोध के सुर भले ही खुले तौर पर ना उठें, लेकिन चुनावी मैदान में इसे लेकर बहुसंख्यक वोट बैंक अपना गुस्सा निकाल सकता है। फिर भी कांग्रेस अपनी हार के लिए अपने रूख को लेकर सवाल नहीं उठाएगी, अपने भीतर झांकने की कोशिश नहीं करेगी, बल्कि वह ईवीएम को ही बहाना बनाएगी।

बहरहाल उमर अब्दुल्ला के बयान के बाद कांग्रेस को सबक सीखना होगा। उसे स्वीकार करना होगा कि उसकी बेतुकी बयानबाजी पर सिर्फ सत्ता पक्ष ही नहीं, उसके साथियों को भी एतराज है। उसे यह भी स्वीकार करना होगा कि अगर उसने नीतियां नहीं बदलीं तो उसके नेतृत्व को लेकर विपक्षी गठबंधन में भरोसा कायम नहीं रह पाएगा। जिसका असर आने वाले दिनों में होने जा रहे दिल्ली और बिहार जैसे राज्यों के चुनाव नतीजों में दिख सकता है।

जानवरों के प्रति होनी चाहिए संवेदना

> हमारे इंसान होने का सबसे बड़ा लाभ और सूचक यह है कि हम न केवल अपने नाते-रिश्तेदारों, बल्कि अपने आसपास के लोगों से लेकर समूचे इंसानी समाज के प्रति संवेदनशील होते हैं। अगर किसी कसौटी पर हमारे भीतर किसी तबके के दुखों के प्रति उदासीनता की व्याधि पनपती है, तो यह हमारे भीतर एक तरह की संवेदनहीनता पैदा करता है, जिसका असर चौतरफा पड़ता है। हम पहले दूसरों के दुखों या परेशानी के प्रति तटस्थ होते हैं, फिर अपने संबंधियों से भी बचने लगते हैं कि कहीं उनके लिए कुछ करना न पड़ जाए।

अनुपमा तिवाड़ी

ऐसे में अन्य जीवों के प्रति हमारे व्यवहार के बारे में अंदाजा ही लगाया जा सकता है। ऐसे दृश्य आम दिखते हैं, जिनमें कोई व्यक्ति पालतू या अन्य पशुओं के प्रति नाहक ही बेरहम बरताव करता पाया जाता है। जबकि पशु या अन्य जीव शायद ही कभी हमें कोई परेशानी देते हैं। उल्टे हम ही पशुओं के साथ जीवन शुरू करके और आज भी उनका कई स्तर पर लाभ उठा कर उनके प्रति कृतघ्न बरताव करने से नहीं हिचकते। हमारे देश के संविधान में नागरिकों के हित में ही नहीं, बल्कि संपूर्ण पर्यावरण, जिसमें जीव-जंतुओं और जल, जंगल, जमीन आदि के संरक्षण की भी बात की गई है। कुछ वर्ष पहले केरल के कोल्लम जिले में कुछ शरारती तत्त्वों ने एक हथिनी को पटाखे से भरा अन्नानास खिला दिया था, जिसमें विस्फोट के बाद वह जख्मी हो गई थी। दिवाली के दिनों में कुत्ते की पूंछ में पटाखे बांधकर जलाते या फिर होली पर गधे पर रंग डालकर उस पर सवारी करते कुछ लोगों को देखा जा सकता है। पत्थर मार कर बेवजह कुत्तों की टांग तोड़ देने या डंडे से उनकी पिटाई कर देने जैसी घटनाएं आए दिन सामने आती हैं और अक्सर खबरों में पढ़ने में आती हैं।

जो जानवर हमें किसी प्रकार का कष्ट नहीं पहुंचाते, कितनी ही बार बेवजह हमारी दुर्भावनाओं का शिकार होते रहते हैं। कुछ हफ्ते पहले जयपुर एक विवाह समारोह के लिए घोड़ी मंगवाई गई थी। सजी-संवरी घोड़ी बड़ी अच्छी लग रही थी। उस पर भावी दुल्हन को बिठाया गया। आगे-आगे ढोल बज रहा था। थोड़ी देर के बाद घोड़ी किसी वजह से एकदम से बिगड़ी और बेहोश-सी होकर गिर पड़ी। दुल्हन भी गिर पड़ी। सबने उसे उठाया। शुक्र था कि उसे कोई चोट नहीं आई। घोड़ी के गिरने के बाद कुछ लोगों का ध्यान उसके पैर में लगी छोटी-

छोटी चोटों पर गया, जिनमें से खून दिख रहा था। यह बात समझने की है कि क्या सब पशुपालक अपने पशुओं के स्वभाव और उनके शरीर की तासीर को समझते हैं? ऐसे पशुपालकों के लिए उनके पशु बस पैसा कमाने या पालने का जरिया भर होते हैं। उनके पास पशु जब तक जिंदा रहते हैं, तब तक अपने जीवित रहने की कीमत चुकाते हैं। यह बहुत ही जरूरी है कि पशुपालक अपने पशुओं के स्वास्थ्य का तो ध्यान रखें ही, साथ ही समय-समय पर उनके स्वास्थ्य की जांच भी करवाएं। यह न केवल मानवीयता के लिहाज से एक जरूरी व्यवहार है, बल्कि इसलिए भी कि जिस पशु को वे अपने जीवनयापन का जरिया बना कर उससे बेलगाम काम लेते हैं, अगर वही बीमार हो जाए, उसका खयाल न रखा जाए, उसकी जान चली जाए तो उससे क्या और कैसे कमाया जा सकता है? हम कम से कम इस नाते तो अपने पाले हुए पशुओं के प्रति संवेदनशील तो हो ही सकते हैं।

हमारे देश में पशुओं के हित में 'पशु क्रूरता निवारण अधिनियम' 1960 में बनाया गया। इसके तहत मुकदमे का सामना कर रहे किसी व्यक्ति के मवेशियों को जब्त करने की अनुमति दी जा सकती है, जिसके बाद जानवरों को पशु चिकित्सालय या पशु आश्रय घर आदि में भेज दिया जाता है। अगर कोई पालक पशु क्रूरता का दोषी पाया जाता है तो वह व्यक्ति अपने पशु को खो भी सकता है। इसके अलावा उसके खिलाफ निर्धारित कानूनी कार्रवाई संभव है। भारतीय पशु कल्याण बोर्ड की स्थापना वर्ष 1962 में अधिनियम की धारा 4 के तहत की गई। इस अधिनियम में अनावश्यक क्रूरता और जानवरों का उत्पीड़न करने पर सजा का प्रावधान है।

यह अधिनियम जानवरों के साथ हुई क्रूरता और हत्या के विभिन्न रूपों की चर्चा करता है। अगर जानवरों के साथ किसी भी प्रकार की क्रूरता की घटना घटित होती है, तो यह अधिनियम जानवर को राहत प्रदान करता है। इसमें जानवरों के इस्तेमाल करने से संबंधित दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस अधिनियम के तहत प्रदर्शनी में हिस्सा लेने वाले जानवरों और उनके विरुद्ध किए जाने वाले अपराधों से संबंधित प्रावधानों को शामिल किया गया है। अधिनियम के तहत दायर मुकदमे की समयावधि तीन माह की होती है। इस अधिनियम का उद्देश्य 'अनावश्यक सजा या जानवरों के उत्पीड़न की प्रवृत्ति' को रोकना है।

इन तमाम नियम कानूनों की हम हर दिन अवहेलना होते देखते हैं। इनके प्रति आमजन में एक प्रकार की उदासीनता दिखाई देती है। इससे संबंधित विभाग पशुओं के हित में बहुत कम या न के बराबर ही पशुपालकों को जागरूक करते हैं। पशु क्रूरता निवारण विभाग की भी और अधिक सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की दरकार है। विभाग और इस मुद्दे पर काम कर रही संस्थाओं के द्वारा पशुपालकों ही नहीं, बल्कि आमजन में भी उनके प्रति संवेदनशीलता पैदा करने की आवश्यकता है।

स्टील प्लांट में मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली का शुभारंभ

बोकारो (ससे): बोकारो स्टील प्लांट में एच आर के क्षेत्र में डुडिजिट्ल ट्रांसफॉर्मेशन की पहली एकीकृत मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (ह्यूमन कैपिटल मैनेजमेंट सिस्टम) का शुभारंभ किया जा रहा है. प्रखर नामक, ओरेकल फ्यूज़न ह्यूमन कैपिटल मैनेजमेंट सिस्टम (मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली) एक क्लाउड-आधारित प्लेटफ़ॉर्म है जो सभी एच आर प्रक्रियाओं को स्वचालित और सुव्यवस्थित करेगा. यह कर्मचारियों के अनुभव को बेहतर बनाने, दक्षता बढ़ाने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है.

ह्यूमन कैपिटल मैनेजमेंट सिस्टम के उद्घाटन २० दिसम्बर को सेल अध्यक्ष श्री अमरेन्दु प्रकाश ने ऑन लाइन मोड पर किया. उद्घाटन के इस मौके पर बोकारो निवास में सेल के निदेशक (कार्मिक) के के सिंह, बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी, बीएसएल के अधिशासी निदेशक, सेल के अन्य प्लांट और इकाइयों से बोकारो आए हुए एच आर प्रमुख और अन्य वरीय अधिकारी तथा मेसर्स डेलॉइट के एसोसिएट डायरेक्टर सह एचसीएम-बीएसएल के परियोजना प्रबंधक अंकुर अग्रवाल एवं मेसर्स ओरेकल के क्लाउड ऑपरेशन के कंट्री हेड मधुकर उनियाल उपस्थित थे.

ह्यूमन कैपिटल मैनेजमेंट सिस्टम के उद्घाटन सत्र को ऑन लाइन मोड पर संबोधित करते हुए सेल अध्यक्ष अमरेन्दु प्रकाश ने इस अहम प्रोजेक्ट को नियत टाइम लाइन से पहले गो लाइव करने के लिए बीएसएल के एच आर और सहयोगी विभागों की टीम तथा मेसर्स ओरेकल एवं मेसर्स डेलॉइट की टीम को बधाई दी. उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सेल को सभी क्षेत्रों में अग्रणी पंक्ति में खड़ा होना है जिसमें मानव संसाधन (एच आर) और इसके डिजिटल ट्रांसफोर्मेशन की अहम् भूमिका होगी. उन्होंने इस पहल को प्रासंगिक बताते हुए विश्वास जताया कि इसके माध्यम से सेल में एच आर से जुड़े सभी आयामों को गति मिलेगी, रियल टाइम में डेटाअपडेट और एच आर प्रक्रियाओं का आंटोमेशन और एच आर सेवाओं के लिए सिंगल विंडो समाधान सुविधा मिलेगी.

सेल के निदेशक (कार्मिक) के के सिंह ने अपने उद्बोधन में ह्यूमन कैपिटल मैनेजमेंट सिस्टम के गो-लाइव के लिए बीएसएल की टीम को बधाई दी और कहा कि यह सेल में एच आर के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका व्यापक लाभ मिलेगा और यह आने वाले समय में काफी उपयोगी सिद्ध होगा. उन्होंने यह भी कहा कि बीएसएल में इस प्रोजेक्ट के सफल जो लाइव के बाद इस प्रणाली को सेल के अन्य संयंत्र व् इकाइयों में भी लागु किया जायेगा.

बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने ह्यूमन कैपिटल मैनेजमेंट सिस्टम को लगभग दस महीने के अंतराल में लागु होने पर बी एस एल के मानव संसाधन, वित्त एवं लेखा तथा सूचना प्रौद्योगिकी की टीम तथा मेसर्स ओरेकल एवं मेसर्स डेलॉइट की टीम को बधाई दी और कहा कि एच आर के सभी चुनौतियों के समाधान के साथ-साथ संगठन के समग्र विकास में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की यह पहल काफी कारगर सिद्ध होगी.

बीएसएल के अधिशासी निदेशक- प्रभारी (मानव संसाधन) राजन प्रसाद ने बीएसएल में एच आर के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की पहल और इसके विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला. इससे पहले आरम्भ में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी ने सभी का स्वागत किया और ह्यूमन कैपिटल मैनेजमेंट सिस्टम पर अपने विचार रखे. उल्लेखनीय है कि मेसर्स ओरेकल एवं मेसर्स डेलॉइट के सहयोग से विकसित इस परियोजना को रिकॉर्ड १० महीनों में ही संपूरित किया गया.

इस प्रणाली का गो-लाइव बीएसएल में एच आर के डिजिटल परिवर्तन के एक नए चरण की शुरुआत का प्रतीक है, जिसके प्रथम चरण में कर्मचारियों के एक क्रॉस-सेक्शन के लिए इसे लागू किया जा रहा है. गो-लाइव के बाद, पुराने लिगेसी एच आर सिस्टम्स को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा, और इस प्लेटफ़ॉर्म को बीएसएल, बीएसएल के अधीनस्थ माइंस, कॉलियरिज़ और सीसीएसओ के लिए विस्तारित किया जाएगा.

उद्घाटन सत्र के समापन पर बीएसएल के मुख्य महाप्रबन्धक (कार्मिक) हरि मोहन झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया. सेल - बीएसएल में लागू ह्यूमन कैपिटल मैनेजमेंट सिस्टम देश के लोक उपक्रमों में अपने तरह का सबसे उन्नत और अद्वितीय पहल है जो तकनीकी प्रगति और कर्मचारी सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

डीपीएस की छात्रा त्रिनयोना को मिला विश्वरत्न सम्मान

बोकारो (ससे): गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में डीपीएस बोकारो का प्रयास एक बार फिर सार्थक सिद्ध हुआ है। विद्यालय की १०वीं कक्षा की होनहार छात्रा त्रिनयोना को उत्कृष्ट नृत्यकला के लिए प्रतिष्ठित विश्वरत्न सम्मान से नवाजा गया है।

संगीत, कला सहित विभिन्न विधाओं में प्रतिभाओं का मूल्यांकन कर प्रोत्साहित करने वाली जानी-मानी संस्था वर्दी वेलनेस ने व्यापक स्तर पर एक स्पर्धा करवाई थी। इसमें नृत्य संबंधी सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि के लिए विद्यार्थियों की कैटेगरी में पूरे झारखंड से एकमात्र त्रिनयोना को विश्वरत्न सम्मान के लिए चयनित किया गया। उसे स्मृति-चिह्न, प्रशस्ति प्रमाण-पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए शुक्रवार को विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने त्रिनयोना को पुरस्कृत करते हुए बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे में अपनी खास प्रतिभा होती है और डीपीएस बोकारो अपने विद्यार्थियों की हर प्रतिभा को निखारने का हर अवसर और मंच प्रदान करता रहा है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण उत्थान के लिए यह बेहद जरूरी है।

डीपीएस बोकारो के शिक्षक प्रोसांता कुमार एवं मेकअप आर्टिस्ट दीपान्विता कुमार की सुपुत्री त्रिनयोना को बचपन से ही नृत्य में रुचि रही है और वह इसी क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहती है।

पांच साल की उम्र से ही उसने नृत्य सीखना शुरू कर दिया था और विद्यालय में गहन प्रशिक्षण पाते हुए अपने कौशल को निखारकर आज वह अपने मुकाम की ओर तेजी से अग्रसर है। उसने नृत्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पुरस्कार अर्जित किए हैं। उसे आधुनिक एवं समकालीन नृत्य के विभिन्न स्टाइलों में विशेषज्ञता हासिल है। त्रिनयोना अपने पिता को ही अपना प्रेरणा-स्रोत मानती है।

भाजपा किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

कोडरमा (ससे): कोडरमा भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ने उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री झारखंड सरकार को ज्ञापन सौंपा। मोर्चा ने धान खरीद प्रक्रिया में किसानों के साथ हो रहे अन्याय को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए और तत्काल समाधान की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि इस वर्ष धान खरीद प्रक्रिया में किसानों को प्रति क्विंटल १० किलोग्राम की कटौती मॉयस्चर (नमी) के नाम पर सहनी पड़ रही है। यह किसानों की मेहनत और अधिकारों का हनन है।इसके साथ ही, चुनावों के दौरान सरकार ने वादा किया था कि धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य ३२०० रुपये प्रति क्विंटल होगा, लेकिन अब इसे घटाकर २४०० रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

यह कदम किसानों के साथ विश्वासघात है और उनकी आर्थिक स्थिति को और कमजोर कर रहा है।भाजपा किसान मोर्चा ने ज्ञापन में मॉयस्चर के नाम पर १० किलोग्राम धान की कटौती तुरंत बंद की जाए। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य ३२०० रुपये प्रति क्विंटल सुनिश्चित किया जाए। धान खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी, किसान अनुकूल और भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जाए। मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रभाकर लाल रावत ने कहा कि यदि इन समस्याओं का समाधान जल्द नहीं हुआ, तो किसानों के हित में राज्यव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष अनूप जोशी , चंद्रशेखर जोशी, मनोज कुमार झूनू , महादेव दास, राजेश शर्मा,रतन चौधरी,सुजीत कुमार सिन्हा समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पारसनाथ महाविद्यालय में कार्यशाला आयोजित

डुमरी (ससे): पारसनाथ महाविद्यालय में कैरियर काउंसलिंग सेल के द्वारा स्नातक के विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला प्राचार्य डॉ मनोज कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भुवनेश्वर उड़ीसा के दिलीप मंगराज उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सॉफ्ट स्किल तथा डिजिटल एजुकेशन के विभिन्न आयामों की जानकारी प्रदान करना था।कार्यक्रम की शुरुआत कोषांग के नोडल पदाधिकारी प्रो योगेश प्रसाद महतो ने की।उन्होंने विद्यार्थियों के बीच अतिथियों का परिचय के पश्चात कार्यशाला के मुख्य उद्देश्यों के बारे में बताया। मुख्य वक्ता श्री मंगराज ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उनके आकलन के मुताबिक स्वेच्छा से छात्र समय बर्बाद कर अपना करियर खराब कर रहे हैं।आम तौर पर यह देखा जाता है कि वे कौशल से बचते हैं जो इस आधुनिक युग में बहुत महत्वपूर्ण है।

कहने का तात्पर्य यह है कि लोगों के पास तकनीकी संसाधन होने के बावजूद वे नहीं जानते कि इनका उपयोग सही तरीके से कैसे किया जाए।कार्यशाला में स्पोकन इंग्लिश के साथ-साथ कंप्यूटर ज्ञान के बारे में भी विचार दिए गए।

उसके बाद प्राचार्य डॉ मिश्रा ने बताया कि कैसे छात्र नयी शिक्षा नीति में नियमित डिग्री के साथ-साथ कौशल दोनों हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति मनुष्य को उसके कार्यों के कारण वास्तविकता में वापस लाती है। हमें जीवन से जो कुछ भी मिलता है वह हमारे पिछले कर्मों के कारण होता है। इसलिए हम लगन,निष्ठा और प्रयास के साथ-साथ अभ्यास भी करते रहें। श्री दिलीप मंगराज ने वीडियो एवं पीपीटी के माध्यम से सॉफ्ट स्किल और डिजिटल एजुकेशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी । उन्होंने कौशल के प्रति विभिन्न सुझाव दिए एवं सफल होने के लिए स्मार्ट तरीके से आगे बढ़ने के तरीके भी बताए।

कार्यक्रम में यशवंत कुमार सिन्हा डॉ शशि भूषण, मौलाना इसरायल, योगेश प्रसाद, डॉ. पिंटू पाण्डेय, डॉ उमा पाण्डेय, बिनोद कुमार अकेला,मधु जायसवाल, संगीता कुमारी, गुलाबचंद यादव, कुबेर प्रसाद, रितलाल वर्मा, डेगलाल महतो, रजनी कुमारी, प्रियंका कुमारी एवं राजकुमार मेहता समेत काफ़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

अनुमंडल कार्यालय परिसर में लगा रक्तदान शिविर

डुमरी (ससे): गिरिडीह रक्त अधिकोष में रक्त की कमी एवं अधिकोष में नियमित रूप से रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार सदर अस्पताल गिरिडीह के द्वारा शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।इस दौरान २२ यूनिट रक्त संग्रह किया गया।रक्तदान शिविर गिरिडीह सदर अस्पताल के डॉ सोहेल अख्तर के नेतृत्व में हुआ जिनके सहयोग के लिए एलटी संत कुमार जीएनएम सरीता सिन्हा एलटी विनिता मराण्डी एमएसडबल्यू आनंद सिंह व डीओ सुधीर कुमार कर रहे थे।

शिविर में एसडीएम शहजाद परवेज सीओ शशिभूषण वर्मा रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश महतो सामाजिक कार्यकर्ता आशीष उर्फ टींकू जायसवाल,डॉ केके वर्मा बीटीटी मानिकचन्द महतो, रवीन्द्र कुमार,योगेन्द्र कुमार आदि ने रक्तदान कर अन्य लोगों को भी प्रेरित किया। पूरे शिविर का मॉनिटरिंग एसडीएम व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कर रहे थे। एसडीएम ने कहा कि रक्तदान कर हम किसी जरूरतमंद की जीवन बचा सकते हैं। कहा कि रक्तदान को लेकर आमजनों में जो भ्रांतियां हैं।वेसब निराधार है। बताया कि ७ जनवरी २०२५ को प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित है।

142 स्थानों पर छापेमारी, 36 पर एफआइआर दर्ज

कोडरमा (ससे): कोडरमा बिजली विभाग ने बिजली चोरी और बकाया वसूली के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले के विभिन्न उपमंडलों में १४२ स्थानों पर छापेमारी की। इस अभियान में विभाग ने ३६ मामलों में एफआईआर दर्ज की और लाखों रुपये की बकाया राशि का आकलन किया। झुमरी तिलैया सब डिवीज़न में ५२ स्थानों पर छापेमारी की गई, जिसमें १४ मामलों में एफआईआर दर्ज की गई। इस कार्रवाई के तहत ४८,२७६ रुपये का बिजली आकलन किया गया और २,८०,००० रुपये की बकाया राशि पाई गई।कोडरमा सब डिवीज़न में ४२ स्थानों पर छापेमारी हुई, जिसमें ९ एफआईआर दर्ज की गई।

डोमचांच सब डिवीज़न में ४८ स्थानों पर छापेमारी की गई, जिसमें १३ मामलों में एफआईआर दर्ज की गई। इस छापेमारी अभियान में कुल १४२ स्थानों पर छापेमारी की गई, जिसमें ७१,५५१ रुपये का बिजली आकलन और ४,१५,००० रुपये की बकाया राशि पाई गई। विभाग ने कुल ७,१४,७९२ रुपये वसूलने का लक्ष्य रखा है।बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता सुब्रतो बनर्जी ने कहा कि यह अभियान बिजली चोरी रोकने और बकाया राशि वसूलने के लिए चलाया गया है।

15 कमर्शियल प्रतिष्ठानों का टीम ने की मापी

बोकारो (ससे): अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार के निर्देशानुसार शुक्रवार को सहायक नगर आयुक्त प्रियंका कुमारी के नेतृत्व में निगम की गठित टीम, चास स्थित वाणिज्यिक एरिया के होल्डिंग टैक्स निर्धारण के लिए १५ कमर्शियल प्रतिष्ठान का मापी किया। सहायक प्रशासक द्वारा ३० दिसंबर तक हर हाल में सभी बकाये होल्डिंग टैक्स का भुगतान करने का सख्त निर्देश दिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि उक्त निर्देश के अवहेलना करने पर झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम-२०११ की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए धृतिकर प्रबंधन स्वयं जिम्मेवार होंगे। क्योंकि, उनको भुगतान करने हेतु कई बार समय दिया गया हैं।

कुलदीप महतो ने जमशेदपुर में राज्य चयन ट्रायल में किया शानदार प्रदर्शन

बोकारो (ससे): वेदांता ई एस एल तीरंदाजी अकादमी के उभरते सितारे कुलदीप महतो ने १४ दिसंबर, २०२४ को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जमशेदपुर में आयोजित राज्य चयन ट्रायल में शानदार प्रदर्शन किया। बिजुलिया हाई स्कूल के १०वीं कक्षा के छात्र कुलदीप सियालजोरी पंचायत के बुडिबिनोर गांव के रहने वाले हैं और उन्हें अनुभवी हेड कोच बुधेश्वर मुर्मू के शागिर्द हैं।

कुलदीप ने राज्य चयन ट्रायल में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से बोकारो को गौरवान्वित किया है। अपने पहले राज्य स्तरीय ट्रायल में, कुलदीप ने ७२० में से ६९७ अंक हासिल कर दूसरा स्थान हासिल किया और आगामी ४१वीं एनटीपीसी सब-जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए झारखंड राज्य टीम में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त किया। प्रतिष्ठित चैंपियनशिप ३ से १० जनवरी, २०२५ तक जयपुर, राजस्थान में आयोजित की जाएगी।

ई एस एल स्टील लिमिटेड ने अपने आस-पास के समुदाय के विकास और सर्वांगीण विकास के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता और समर्थन को जारी रखते हुए और समुदाय में खेल भावना और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के एक हिस्से के रूप में २०२० में प्रतिष्ठित वेदांता ई एस एल तीरंदाजी अकादमी की स्थापना की है।

वेदांता ई एस एल तीरंदाजी अकादमी एक अत्याधुनिक तीरंदाजी संस्थान है, जो सियालजोरी में वेदांता ई एस एल प्लांट परिसर के अंदर स्थित है, जो बोकारो जिले के ग्रामीण क्षेत्र के महत्वाकांक्षी तीरंदाजों को खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक संसाधन और मार्गदर्शन प्रदान करता है। अकादमी ने राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी स्थापना के बाद से कुल १८५ पदक जीतकर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। अकादमी ने दो प्रमुख आयोजनों की मेजबानी की है, जिसने छात्रों को हर साल पदक की संख्या में लगातार वृद्धि के अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन भी प्रदान किया है।

कुलदीप की तीरंदाजी की यात्रा सितंबर २०२२ में शुरू हुई जब वे वेदांत ई एस एल तीरंदाजी अकादमी में शामिल हुए। अपने निरंतर अच्छे प्रदर्शन के माध्यम से, कुलदीप ने अपनी जबरदस्त क्षमता का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रशंसा अर्जित की है। कोच भूदेश्वर मुर्मू की चौकस निगाहों और विशेषज्ञ मार्गदर्शन में कठोर प्रशिक्षण के साथ, कुलदीप ने वर्षों से अपने कौशल को निखारा है।

उन्होंने वेदांता चैलेंज ट्रॉफी, एक अंतर-जिला तीरंदाजी टूर्नामेंट में चार पदक भी जीते। जिससे एक होनहार युवा तीरंदाज के रूप में उनकी प्रतिष्ठा मजबूत हुई। अपने निरंतर समर्पण और प्रशिक्षण के माध्यम से, राज्य चयन ट्रायल में प्रतिस्पर्धा करने को अपना सर्वश्रेष्ठ देने की लिए वो तत्पर हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए ई एस एल स्टील लिमिटेड के सीएसआर प्रमुख श्री कुणाल दरिपा ने कहा, कुलदीप हमारी वेदांता ई एस एल तीरंदाजी अकादमी के एक बेहतरीन तीरंदाज हैं । ई एस एल स्टील लिमिटेड में हमारा विज़न कुलदीप महतो जैसी युवा प्रतिभाओं को सशक्त बनाना है, ताकि उन्हें उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक संसाधन और प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके।

उन्होंने आगे कहा, कुलदीप का उत्कृष्ट प्रदर्शन वेदांता ई एस एल तीरंदाजी अकादमी के माध्यम से भविष्य के चैंपियनों को तैयार करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। हमारा लक्ष्य बोकारो जिले से अधिक प्रतिभाओं को तैयार करना है, जो इस क्षेत्र की अविश्वसनीय क्षमता को उजागर करता है। सियालजोरी ईएसएल स्टील लिमिटेड प्लांट परिसर के अंदर स्थित, अकादमी को झारखंड में तीरंदाजी की अंतर्निहित समृद्ध विरासत को बढ़ावा देने के लिए ई एस एल स्टील लिमिटेड की सीएसआर पहल के माध्यम से २०२० में लॉन्च किया गया था। यह परियोजना अब एक प्रमुख संस्थान मानी जाती है और ग्रामीण क्षेत्रों से २१ वर्ष की आयु तक के सभी आयु समूहों के ५० तीरंदाजों को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण, पोषण, संसाधन और प्रेरणा प्रदान करती है। अकादमी का संचालन प्रसिद्ध पेशेवरों द्वारा किया जाता है जो निम्नलिखित श्रेणियों के तहत तीन साल का प्रशिक्षण प्रदान करते हैं: अंडर ९, अंडर १४, अंडर १७ और अंडर २१।

झारखंड के बोकारो जिले के सियालजोरी गांव में स्थित, वेदांता ई एस एल स्टील लिमिटेड स्टील उत्पादों का एक प्रमुख निर्माता है। कंपनी २.५ मिलियन टन प्रति वर्ष (चढ्ढ-) की क्षमता वाला एक ग्रीनफील्ड एकीकृत स्टील प्लांट संचालित करती है, जिसमें पिग आयरन, बिलेट्स, वायर रॉड और आयरन पाइप सहित कई तरह के उत्पाद बनाए जाते हैं। यह प्लांट विश्व स्तरीय उत्पादों और सेवाओं को वितरित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञता और समाधानों का लाभ उठाते हुए कड़े पर्यावरण मानकों का पालन करता है।

राजद ने झंडा चौक पर अमित शाह का फूंका पुतला

कोडरमा (ससे): कोडरमा गृह मंत्री अमित शाह के संसद के शीतकालीन सत्र में राज्यसभा में संविधान के ७५ वीं वर्षगांठ पर चर्चा के दौरान बयान पर देशभर में कोहराम मचा है। गृह मंत्री के बाबा साहब को लेकर बयान की विपक्ष समेत दलित संगठनों में भारी आक्रोश है और गृह मंत्री का इस्तीफा मांग रहे है। झुमरीतिलैया में २० दिसंबर को राष्ट्रीय जनता दल ने इंडिया गठबन्धन के बैनर तले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया और पुतला फूंका।

साथ ही राजद नेताओ ने अमित शाह को देश से माफी मांगने और इस्तीफा देने की मांग की। पुतला दहन के बाद सभा की गई।जिसकी अध्यक्षता राजद दलित प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संजय दास ने की,जबकि संचालन राजद नेता घनश्याम तुरी ने की।

सभा को संबोधित करते हुए राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि भाजपा को संविधान से नफ़रत है और संविधान को खत्म करने की साजिश रचने में नाकाम कोशिश में जुटे है।उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा नेताओं ने चुनाव जीतने पर संबिधान बदलने का बयान खुलेआम सार्वजनिक मंच से दिया था।देश ने भाजपा को बहुमत से दूर रखा और जेडीयू और टीडीपी के रहमोकरम पर सरकार चल रही है। देश मे संविधान और आस्था के बीच बहस छेड़कर भाजपा संविधान को खत्म करने की साज़िश रच रही है।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब पर गृह मंत्री का बयान निंदनीय है और संविधान- संविधान निर्माता का अपमान है। बाबा साहब डॉ बी आर अंबेडकर न्याय पसंद और देश के गरीब, वंचित दलितों, शोषितों के मसीहा है और जन्मों जन्मों तक रहेंगे।उन्होंने कहा कि भाजपा देश मे रहे या नही रहे, लेकिन देश मे संविधान और बाबा साहब के लिखे हक़ अधिकार वाले कानून से देश चलेगा। भाजपा के साज़िश का देश के वंचित, शोषित, दलित, अल्पसंख्यक समाज करारा जबाब देगी। सभा को संबोधित करते हुए राजद नेताओ ने अमित शाह और भाजपा पर संविधान विरोधी होने का आरोप लगाया । नेताओ ने कहा कि 'बाबासाहेब अंबेडकर हमारे फैशन और जुनून हैं। वह हमारी प्रेरणा के केंद्र है। हम बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। देश के गृह मंत्री को लोकतंत्र के मंदिर संसद में बयान देने पर देश से माफी मांगने और इस्तीफा देने की मांग की।

मौके पर मौके पर महासचिव सरफ़राज़ नवाज़ खान, दलित प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष संजय दास, महेश यादव, घनश्याम तुरी, चरणजीत सिंह, महेश दास, रघुनाथ कुमार दास, संजय दास, धीरज यादव, टुकलाल यादव, प्रेम प्रकाश,मो मुश्ताक, शंभु पासवान, राजू तुरी, महादेव दास समेत कई लोग मौजूद थे।

डालमिया ग्रुप व श्री सीमेंट करेंगे निवेश

पटना (एजेंसी): बिहार बिजनेस कनेक्ट २०२४ के दूसरे दिन राज्य में लगभग एक लाख करोड़ रुपए का निवेश होने का रहा है. पटना के बापू सभागार में हो रहे इस आयोजन में उद्यमियों ने बताया कि बिहार की नीति और सुविधा साधन यहां निवेश के लिए आकर्षित करने में सफल हो रही है. बिहार बिजनेस कनेक्ट २०२४ में डालमिया ग्रुप के कार्यकारी निदेशक हरमीत सेठी बिहार के किशनगंज में अपनी नई इकाई लगाने की योजना बनाई है. बिहार बिजनेस कनेक्ट २०२४ में शिरकत करने आए हरमीत सेठी ने बताया कि यहां निवेश और उद्योग के लिए बेहतर माहौल है. देश के दूसरे राज्यों में भी सुविधा साधन दिए जा रहे हैं लेकिन डबल इंजन का फायदा विकास को लेकर बेहतर ढंग से होता है. बिहार में आधारभूत संरचना भी आकर्षित करने वाली है. वहीं बिहार बिजनेस कनेक्ट २०२४ के दूसरे दिन श्री सीमेंट के चेयरमैन हरि मोहन बांगुर ने बिहार में अपनी फैक्ट्री को विस्तार करने को कहा है. औरंगाबाद में उनकी फैक्ट्री पहले से काम कर रही है और अब वे नए सिरे से १८ हजार करोड़ रुपए का निवेश करेंगे. हरि मोहन बांगुर ने बताया कि बिहार सरकार की नीतियां और यहां का माहौल अब उद्यमियों को प्रोत्साहित करने वाला है.

पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समाहि), पूर्व मध्य रेल, धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–खुली (e-Open Tender), Single Packet System, IREPS Portal में आमंत्रित की जाती है।

1. बोली क्रमांक (बिड संख्या) : 09-MC-Wagon Repair-2024-2, **2. कार्य का नाम तथा स्थान :** 02 वर्ष/24 महीने की अवधि के लिए धनबाद मंडल में गहन परीक्षण के दौरान विभिन्न डेगन बेसमार्ट गतिविधियों की आउटसोर्सिंग। **3. कार्य का स्थान :** बरवाडीह (C&W) डिपो और पतरातू (C&W) डिपो। **4. कार्य का अनुमानित लागत :** ₹1,11,14,635.18/– (रुपया एक करोड़ ग्यारह लाख चौदह हजार छः सौ पैंतीस और अठारह पैसे मात्र), **5. बयाना राशि :** ₹2,05,600.00/– (रुपया दो लाख पाँच हजार छः सौ मात्र), **6. निविदा जमा करने का तारीख तथा समय :** IREPS पर ई–निविदा जमा करने का तारीख 06–01–2025 को 17:30 बजे तक। **7. निविदा खुलने का तारीख तथा समय :** 06–01–2025 को 18:00 बजे तक। **8. वेबसाईट विवरण :** http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता (समाहि)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/01727/डीएचएन/सौ०/टै/24–25/36

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

!!! सावधान: फर्जी भर्ती से सावधान रहें !!!

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा.वि.प्रा.) को यह रिपोर्ट किया गया है कि बेईमान लोगों/धोखेबाजों/दलालों/एजेंटों ने अपनी झूठी आईडी बनाकर खुद को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के भर्तीकर्ता के रूप में प्रस्तुत करके भा.वि.प्रा. में लुभावने करियर हेतु फर्जी नौकरी के अवसरों की फर्जी भर्ती नोटिस/संदेश/मोबाइल फोन कॉल के माध्यम से संभावित अभ्यार्थियों को धोखा देने की कोशिश की है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण संभावित नौकरी चाहने वालों से आग्रह करता है कि वे किसी अन्य वेबसाइट के बजाय, एएआई वेबसाइट **www.aai.aero** के करियर खंड पर ही भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में नौकरी के विज्ञापन/संदेश/कॉल लेटर/नियुक्ति पत्र की प्रामाणिकता की पुष्टि करते हुए सतर्कता और समुचित सावधानी बरतें।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में भर्ती से संबंधित सभी विवरण जैसे विस्तृत विज्ञापन, आवेदन सत्यापन/साक्षात्कार कार्यक्रम, अंतिम परिणाम आदि भा.वि.प्रा. की आधिकारिक वेबसाइट **www.aai.aero** पर प्रकाशित किए जाते हैं।

आवेदन शुल्क केवल ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय देय है, जिसका विज्ञापन में स्पष्ट उल्लेख किया जाता है और यह केवल अनारक्षित और ओबीसी (एनसीएल) श्रेणियों से संबंधित पुरुष उम्मीदवारों द्वारा देय है। भा.वि.प्रा. द्वारा भर्ती के किसी भी चरण में किसी भी प्रकार का अन्य भुगतान नहीं मांगा जाता है।

ऐसे बेईमान लोगों/एजेंटों/संदेशों/मोबाइल फोन कॉल से लेन–देन करने वाला कोई भी व्यक्ति ऐसा अपने व्यक्तिगत जोखिम और लागत पर करेगा। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण किसी भी प्रकार से इसके परिणामों के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

यदि कोई भी व्यक्ति इस तरह की धोखाधड़ी/फर्जी भर्ती रैकेट का शिकार हो जाता है, तो उन्हें स्थानीय पुलिस स्टेशन में धोखेबाजों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की सलाह दी जाती है।

एनआईटी सं.-03/2024-25 — कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन)

CBC-03111/12/0003/2425

B.I.T. SINDRI
P.O.- SINDRI INSTITUTE
DIST; DHANBAD (JHARKHAND) PIN: 828123

e-tender Notice - BIT/7/2024-25/Ele3

Reference Number: BIT/7/2024-25/Ele3 — **Dated :- 19-12-2024**
Tender ID: 2024_DHTE_96853_1

1	**Name & address of office Inviting tender**	**Director, B.I.T., Sindri, P.O. Sindri Institute, Sindri, Dhanbad, Jharkhand -828123**
2	**Name or work**	**Supply of Chemical Reaction Engineering lab equipments for Chemical Engineering Department at BIT Sindri Dhanbad Jharkhand.**
3	Document download start date	23-12-2024
4	Document download end date	07-01-2025
5	Bid submission end date	07-01-2025
6	Bid opening date	08-01-2025

Bidders must bid through e-tenders portal.
B.I.T. Sindri, Dhanbad wishes to purchase Laboratory Equipments for its Laboratories in Chemical Engineering Department. Further details can be seen on website:- https://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Director,
B.I.T., Sindri

PR 342471 Higher Education,Technical Education and Skill Development Department (24-25)_D

अदाणी ग्रुप ने 27,900 करोड़ के निवेश का किया ऐलान

पटना (एजेंसी): - अदाणी एंटरप्राइजेज में निदेशक और प्रबंधक निदेश (कृषि, ऑयल और गैस) प्रणव अदाणी ने शुक्रवार को बिहार में २७,९०० करोड़ रुपये के निवेश का ऐलान किया. इससे राज्य में ५३,५०० नौकरियां पैदा होंगी. 'बिहार बिजनेस कनेक्ट' समिट को संबोधित करते हुए प्रणव अदाणी ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में अदाणी समूह के विश्वास की इससे बेहतर पुष्टि नहीं हो सकती कि हम बिहार में सबसे बड़े निजी निवेशक हैं.

अदाणी समूह द्वारा बिहार में किए गए निवेश और भविष्य में किए जाने वाले निवेश का रोडमैप बताते हुए, प्रणव अदाणी ने कहा, तीन सेक्टरों लॉजिस्टिक्स, गैस वितरण और एग्री-लॉजिस्टिक्स में हमने ५५० करोड़ रुपये निवेश किए हैं और इससे २५,००० प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं. प्रणव अदाणी ने कहा कि अदाणी ग्रुप इन तीन सेक्टरों में आने वाले समय में २,३०० करोड़ रुपये और निवेश करने जा रहा है. इस निवेश से न केवल समूह की भंडारण और हैंडलिंग क्षमता में व्यापक वृद्धि होगी और ईवी, सीजीडी (शहरी गैस वितरण) और सीबीजी (कंप्रेस्ड बायोगैस) क्षेत्र में भी उपस्थिति बढ़ेगी. साथ ही इससे २७,००० अतिरिक्त प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष स्थानीय रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे.

प्रणव अदाणी ने आगे कहा कि अदाणी समूह राज्य सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है जिससे राज्य में गति शक्ति रेलवे टर्मिनल, आईसीडी (अंतर्देशीय कंटेनर डिपो) और औद्योगिक वेयरहाउसिंग पार्क जैसे रणनीतिक बुनियादी ढांचे के विकास में करीब १,००० करोड़ रुपये का निवेश किया जा सके. प्रणव अदाणी ने बताया कि अदाणी समूह ने पांच शहरों - सीवान, गोपालगंज, वैशाली, सारण और समस्तीपुर में बिजली की खपत की निगरानी को स्वचालित करने के लिए २८ लाख से अधिक स्मार्ट मीटर बनाने और स्थापित करने के लिए २,१०० करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है. इससे राज्य में टेक्नोलॉजी क्षेत्र में कम से कम ४,००० स्थानीय नौकरियां पैदा होंगी.

प्रणव अदाणी ने आगे कहा कि समूह ने वारिसलीगंज में अपने ग्रीनफील्ड सीमेंट प्लांट पर काम शुरू कर दिया है और अब बिहार में कई चरणों में १० एमएमटीपीए की सीमेंट विनिर्माण क्षमता स्थापित करने के लिए २,५०० करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है. इससे राज्य के लोगों के लिए कम से कम ९,००० प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है.

प्रणव अदाणी ने आगे कहा कि हम बिहार के एनर्जी सेक्टर में निवेश की संभावना को तलाश रहे हैं. हमारी योजना अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने के लिए २०,००० करोड़ रुपये निवेश करने की है.

इस निवेश से प्लांट शुरू होने तक १२,००० के करीब नौकरियां पैदा होंगी. इसके अलावा १,५०० स्किल्ड नौकरियों के अवसर प्लांट शुरू होने के बाद मिलेंगे. राज्य में निवेश प्रस्तावों का लगातार समर्थन करने के लिए प्रणव अदाणी ने बिहार के मुख्यमंत्री की भी सराहना की.

मंदिर-मस्जिद पर मोहन भागवत के बयान की जानकारी नहीं : दिलीप जायसवाल

पटना (एजेंसी): बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने शुक्रवार को मंदिर-मस्जिद विवाद पर मोहन भागवत के बयान, बीपीएससी अभ्यर्थियों से तेजस्वी यादव के बात करने और देश भर में कांग्रेस की ओर से प्रदर्शन के ऐलान पर प्रतिक्रिया दी. मंदिर-मस्जिद विवाद पर संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर उन्होंने कहा कि उन्होंने अभी तक मोहन भागवत का यह बयान नहीं सुना है, इसलिए इस पर वे कुछ नहीं कह सकते. उन्होंने कहा कि इस विषय पर कोई टिप्पणी करना सही नहीं होगा.

बता दें कि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदूवादी नेताओं को नसीहत देते हुए कहा था कि राम मंदिर जैसे मुद्दों को कहीं और न उठाएं. अयोध्या में राम मंदिर बन जाने के बाद कुछ लोग ऐसे मुद्दों को उछाल कर खुद को हिंदुओं का नेता साबित करने की कोशिश में लगे हैं. तेजस्वी यादव द्वारा बीपीएससी अभ्यर्थियों से वीडियो कॉलिंग पर बात करने के मामले में दिलीप जायसवाल ने उन्हें वीडियो कॉल और ट्विटर का नेता करार दिया.

कहा कि तेजस्वी यादव केवल सोशल मीडिया और वीडियो कॉल के जरिए ही काम करते हैं. कांग्रेस द्वारा देशभर में प्रदर्शन करने के ऐलान पर दिलीप जायसवाल ने तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी को बचाने के लिए ये सब किया जा रहा है. राहुल गांधी को सात साल की सजा हो सकती है. उनका काम ऐसा था कि उन्होंने एक सांसद को धक्का देकर घायल कर दिया. अब कांग्रेस वाले राहुल गांधी को बचाने के लिए इस तरह के प्रदर्शन कर रहे हैं. बता दें कि गुरुवार को भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत गुरुवार को संसद भवन में सीढ़ियों से गिरकर चोटिल हो गए थे.

सांसदों का आरोप है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने उन्हें धक्का दिया, जिसके बाद वह गिर गए और घायल हो गए. सांसद प्रताप सारंगी ने बताया कि मैं सीढ़ियों पर खड़ा था. तभी राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया और वह मेरे ऊपर गिर गए. जिससे मैं गिर गया और मुझे चोट लग गई.

अहंकार में है राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी : रविशंकर

पटना (एजेंसी): संसद परिसर में गुरुवार को हुई धक्का-मुक्की में दो भाजपा सांसद चोटिल हो गए जिसके बाद उन्हें आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया गया. पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब सीट से बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने पार्टी के घायल सांसद मुकेश राजपूत और प्रताप सारंगी से अस्पताल में मुलाकात की.

रविशंकर प्रसाद ने मुलाकात के बाद मीडिया से कहा कि दोनों घायल सांसद दर्द से परेशान हैं. प्रताप सारंगी के पूरे सिर पर पट्टी बंधी हुई है.

आज देश का लोकतंत्र और संसद शर्मसार हुई है. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इसके लिए जिम्मेदार हैं. राहुल गांधी, जो कि पूर्व प्रधानमंत्री के पुत्र हैं, एक पूर्व प्रधानमंत्री के पौत्र हैं, यह उनकी विरासत है? क्या उन्होंने अपने पूर्वजों से यही संस्कार सीखा है? राहुल गांधी संसद में जाने के लिए साइड से निकल सकते थे, लेकिन उन्होंने बल का प्रयोग किया और धक्का दिया.पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बीजेपी राहुल गांधी में इतना भी संस्कार नहीं है कि अगर उनसे गलती हो गई है तो वह माफी मांगे. उन्होंने कहा कि मैं समझता हूं कि राहुल गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए. कांग्रेस देश से साफ हो रही है लेकिन अहंकार में राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी है. कांग्रेस पार्टी को राहुल गांधी को समझाना चाहिए.

रवि शंकर प्रसाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भाजपा के चोटिल सांसदों प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत का राम मनोहर लोहिया अस्पताल जाकर कुशल क्षेम जाना. ईश्वर से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं. 'लोकतंत्र के मंदिर' संसद भवन में राहुल गांधी और कांग्रेस के सांसदों द्वारा अराजकता और नफरती कारनामा बेहद निंदनीय है.

उन्होंने कहा कि संसद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले ऐसे कुकृत्य को देशवासी कभी माफ नहीं करेंगे. उन्होंने अपने दूसरे पोस्ट में लिखा कि मोहब्बत की दुकान चलाने का झूठा दावा करने वाले राहुल गांधी का अहंकारी और हिंसक चेहरा आज सामने आ गया. विपक्ष के नेता के महत्वपूर्ण पद पर बैठे राहुल गांधी आज नागालैंड (नॉर्थ ईस्ट) से महिला सांसद एस. फंगनॉन कोन्याक के साथ अशोभनीय व्यवहार किया तथा सांसदों को धक्का दिया जिसमें भाजपा के वरिष्ठ सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत को गंभीर चोटें आई हैं.

जामा मस्जिद में घुस रहे भगवाधारी को पुलिस ने पकड़ा

संभल (ईएमएस): संभल सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर पर बुलडोजर चला। प्रशासन और नगर पालिका की टीम ने शुक्रवार दोपहर घर के बाहर बनी सीढ़ियों को ध्वस्त कर दिया। सांसद पर २४ घंटे में यह पांचवी कार्रवाई है। इससे पहले बिजली विभाग ने छापेमारी की, सांसद बर्क पर बिजली चोरी की एफआईआर कराई, फिर उनके पिता पर अफसरों को धमकाने का केस दर्ज हुआ, घर का कनेक्शन काटा, अब उनके घर बुलडोजर चला है। इधर, शाही जामा मस्जिद के बाहर तैनात पुलिस फोर्स ने गले में भगवा गमछा डालकर पहुंचे एक युवक को हिरासत में लिया। युवक अजय शर्मा मस्जिद से २५० मीटर दूर कोट पूर्वी मोहल्ले का रहने वाला है।

23 दिसंबर से पश्चिम चंपारण से सीएम नीतीश शुरु करेंगे प्रगति यात्रा

पटना (ईएमएस) : बिहार के सीएम नीतीश कुमार प्रगति यात्रा की शुरुआत २३ दिसंबर को पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर से करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य सरकार की योजनाओं का जमीनी हकीकत से रूबरू होना और विकास कार्यों का निरीक्षण करना है। सीएम नीतीश सबसे पहले वाल्मीकिनगर के घोटहवा टोला पहुंचेंगे, जहां वह लोगों को संबोधित करेंगे और सरकार द्वारा किए गए कार्यों का ब्यौरा देंगे। इसके बाद वह मझौलिया के धोकरहा पंचायत स्थित शिकारपुर गांव जाएंगे। यहां वह मनरेगा पार्क का दौरा करेंगे जिसे विशेष रूप से सजाया जा रहा है। प्रगति यात्रा के दौरान सीएम नीतीश एसडीआरएफ ट्रेनिंग सेंटर और मनरेगा पार्क का उद्घाटन करेंगे। इन योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के चहुंमुखी विकास को बढ़ावा देना है। इसके बाद सीएम बेतिया के कठईया जाएंगे, जहां वह बाईपास रोड का निरीक्षण करेंगे।

प्रगति यात्रा का यह पहला चरण २३ से २८ दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार पश्चिम चंपारण के अलावा मोतिहारी, शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली और मुजफ्फरपुर जिलों का भी दौरा करेंगे। यात्रा के दूसरे चरण का शेड्यूल फिलहाल जारी नहीं किया गया है। सीएम नीतीश की इस यात्रा को लेकर विपक्ष ने सवाल खड़े किए हैं। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इसे राजनीतिक ड्रामा बताते हुए कहा कि सरकार को पहले अपनी विफलताओं का जवाब देना चाहिए।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा संख्या : GEM/2024/B/5718627, dated 18.12.2024.

1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि :धनबाद मंडल के बरवाडीह यनिग रूम में इच्छुक ह्यू की रियायती भोजन के लिए काले माल की आपूर्ति और रियायती भोजन बनाने हेतु आउटसोर्सिंग के द्वारा कार्य कराने के संबंध में। 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹1,91,07,678.72, 3. अग्रधन राशि : ₹2,45,600.00, 4. ई–निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा का बंद होना : 08.01.2025 को 17:00 बजे। ई–निविदा का खुलना : 08.01.2025 को 17:30 बजे। 5. वेबसाईट का विवरण : वेबसाईट : http://gem.gov.in. विशेष : ई–निविदा के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परि)/ धुमरे/धनबाद

पीआर/01736/डीएचएन/ईओपीएन/टै/24–25/32

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
NATIONAL HIGHWAYS DIVISION, DHANBAD
(Combined Office Building Campus)
Telephone No.0326-2313339 e-mail: eenhdhanbad-jhr@nic.in

CORRIGENDUM-2

Tender Reference No.-NH/DHANBAD/08/2024-25
Name of Work : Construction of approaches to newly constructed major bridge in Km. 26th of NH-218 on Gawai River in the State of Jharkhand for the Year 2024-25.
PR No. : 341771 Road (24-25)#D and Corrigendum PR No. 342026 Road(24-25)D
Note: In partial modification of this office tender reference no. NH/DHANBAD/08/2024-25 dated-10.12.2024 all are hereby informed that column no-03 and 04 of said NIT has been amended as follows:-

Approximate value of work (in Rs.) as published earlier.	Approximate value of work (in Rs.) Modified.	Bid Security (in Rs.) as published earlier	Bid Security (in Rs.) Modified
2,13,41,513.00 (Including LC and Utility Shifting and excluding GST)	2,51,38,185.00 (Including GST & LC)	4,26,830.00	5,03,000.00

But for the above changes, all other Terms & Conditions given in the above cited tender notice shall be remain un-altered.

Executive Engineer,
National Highways Division,
Dhanbad-826001

PR 342478 Irrigation (24-25)_D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–1, धनबाद

आवश्यक सूचना

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं.1, धनबाद के अन्तर्गत ई–प्रोक्यूरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **DHN-1/05/2024-25,** जिसका सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के PR No.- 329427 है, को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–1,
धनबाद

PR 342481 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, जामताड़ा

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा जामताड़ा जिले में अवस्थित प्रारम्भिक विद्यालयों में कार्यरत/सेवा निवृत/मृत (शिक्षक/शिक्षिकाओ के आश्रित) शिक्षक/शिक्षिकाओं/आश्रित को सूचित किया जाता है कि प्रारम्भिक शिक्षक प्रोन्नति नियमावली 1993 के सुसंगत प्रावधानों के तहत शिक्षकों को विभिन्न ग्रेडो में प्रोन्नति हेतु औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची(ZOC) जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.jamtara.nic.in पर करते हुए संबंधित शिक्षकों से प्रकाशित औपबंधिक सूची के संदर्भ में दावा/आपत्ति की माँग दिनांक 24.12.2024 तक की जाती है। प्रकाशित वरीयता सूची में किसी भी शिक्षक को यदि कोई आपत्ति हो तो वे लिखित रूप में साक्ष्य सहित अपना दावा/आपत्ति जिला कार्यालय को दिनांक 24.12.2024 के 5.00 बजे अपराहन् तक उपलब्ध करा सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आपत्तिकर्ता का नाम एवं पद नाम	पदस्थापित विद्यालय का नाम	प्रकाशित सूची का क्रमांक	जिस कॉलम में त्रुटि है उसकी संख्या	त्रुटि का विवरण	सुधार का विवरण	अभ्युक्ति

जिला शिक्षा अधीक्षक
जामताड़ा।

PR 342430 Human Resource Developement (24-25)D

जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, जामताड़ा
(कोषागार जामताड़ा)

-:: प्रेस विज्ञप्ति ::-

संयुक्त निबंधन महानिरीक्षक, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड राँची के ज्ञापांक 18 दिनांक 30.04.2024 से प्राप्त निदेश के आलोक में जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि गैर न्यायिक मुद्रांक तथा न्यायिक मुद्रांक https://jharnibandhan.gov.in वेबसाईट में ई–स्टाम्प तथा Stock Holding Corporation of India Limited के वेबसाईट https://www.shcilestamp.com/estamp से कोर्ट फी ऑनलाईन माध्यम से प्राप्त कर उपयोग किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त,
जामताड़ा

PR 342437 Jamtara (24-25)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, धनबाद

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 722 दिनांक 02.12.2024 एवं पी0 आर0 संख्या 340959 (Minor Irrigation) 24-25 (D) द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या DMFT/MIR/DHN/F2-15/2024-25, Dated 02-12-2024, द्वारा प्रकाशित कार्य मोहबनी ग्राम अंतर्गत आर० ई० ओ० से कर्बला मैदान तक पी० सी० सी० पथ तक पुलिया एवं गार्डवाल का निर्माण में निमन्वत् संशोधित किया जाता है।

	पूर्व में प्रकाशित	संशोधित
परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	5000.00	10000.00
कार्य पूर्ण करने की अवधि	3 माह	6 माह

शेष शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, धनबाद

PR 342454 Minor Irrigation(24-25).D

GOVERNMENT POLYTECHNIC, KHUTRI, BOKARO
(DEPARTMENT OF HIGHER & TECHNICAL EDUCATION)
GOVT. OF JHARKHAND PO-JAINAMORE, BOKARO-829301
E-Mail-Id – gpkhutri@rediffmail.com

पत्रांक :–618 — दिनांक :–19.12.2024

पुनः अति अल्पकालीन निविदा संबंधी सूचना

राजकीय पोलिटेकनिक, खुटरी के पुस्तकालय के लिए पुस्तकों के क्रय हेतु निबंधित प्रतिश्ठानों से मुहर बंद निविदा आमंत्रित किये जाते है।

1-BOQ शर्तों के साथ रुपये 250/– के शुल्क अदायगी के साथ प्राप्त करने की तिथि–30.12.2024 (अपराहन्) 04:00 बजे तक ।
2.पूर्ण निविदा संस्थान कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि–04.01.2025 को 04:00 बजे अपराहान तक ।
3.प्राप्त निविदाओं को क्रय समिति के समक्ष तिथि–06.01.2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे प्राचार्य कक्ष में खोला जायगा। जिसमें इच्छुक निविदा दाता बैठक में उपस्थित हो सकते है।

निविदा में Technical Bid तथा Financial Bid का विवरण अलग–अलग मुहर बंद लिफाफा में जमा करना होगा। सर्व प्रथम Technical Bid वाले निविदाओं को खोला जायगा। जिस निविदादाता का Technical Bid विवरण सही पाया जायगा। उन्ही निविदादाताओं का मुल्य संबंधी (Financial Bid) निविदा खोला जायगा। निविदा सामग्री की सूची संस्थान कार्य अवधि में रु0–250.00 (दो सौ पच्चास) रुपये का बैंक ड्राफ्ट जो प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, खुटरी के पदनाम से जैनामोड़ शाखा में देय होगा भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा भरने हेतु आवश्यक शर्तें–
1.निविदादाता GST एवं वाणिज्यकर/लघु उद्योग/संबंधित सरकारी संस्था से निबंधित होना चाहिए।
2.पिछीय वर्ष 2023–24 का आयकर रिटर्न ITR-V
3-Aadhar Card एवं PAN Card की छाया प्रति।
4.निविदा में अंकित दर एवं ओ0 आर0 राजकीय पोलिटेकनिक, खुटरी होगा। सभी मुल्य सभी करो के साथ दशर्ये/अंकित होने चाहियें।
5.विपत्र का भुगतान संतोशप्रद आपूर्ति करने के एवं भौतिक सत्यापन के बाद ही किया जायगा।
6.विपत्र के भुगतान हेतु तीन (03) प्रति में विपत्र जमा करना होगा।
7.अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी भी निविदा को रद्द करने या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
8.विलम्ब से प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
9.निविदा की वैधता छः माह की होगी।

प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक, खुटरी
(बोकारो)

PR 342526 (Higher Education Directorate)24-25*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,जामताड़ा
Email Id:rdsdjmt@gmail.com

अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण संख्या–**RDD/SD/JAMTARA/RE/11/2024-25**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

ड्रुप नं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मुल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
6	जामताड़ा जिला के प्रखण्ड नाला अन्तर्गत सिंदुरकुनिया और साकलडीहा के बीच छोटा नदी पर पुल निर्माण।	2,49,05,300.00	4,99,000.00	10,000.00	15 माह

2.	वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि	:–	दिनांक–23.12.2024
3.	ई0–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	:–	दिनांक–23.12.2024 से दिनांक–31.12.2024 (अपराहन् 5:00 बजे)
4.	निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा की स्वीकार्य होगी।		
5.	निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।		
6.	निविदा खोलने का स्थान	:–	e-Procurement Cell, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, जामताड़ा।
7.	निविदा खुलने की तिथि एवं समय	:–	दिनांक–02.01.2025 (अपराहन् 2:00 बजे)
8.	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता	:–	कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, जामताड़ा।
9.	ई0–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या	:–	9973957543
10.	अधोहस्ताक्षरी/सक्षम पदाधिकारी को किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा तथा निविदादाता को कारण पृच्छा का अधिकार मान्य नहीं होगा।		
11.	B.O.Q की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।		

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,जामताड़ा

PR 342486 (Rural Development)24-25*D

B.I.T. SINDRI
P.O.-SINDRI INSTITUTE
DIST; DHANBAD (JHARKHAND)
PIN: 828123

e-tender Notice - BIT/4/2024-25/Che3
Reference Number: BIT/4/2024-25/Che3
Dated :- 19-12-2024 Tender ID: 2024_DHTE_96829_1

1	**Name & address of office Inviting tender**	**Director, B.I.T., Sindri, P.O. Sindri Institute, Sindri, Dhanbad, Jharkhand - 828123**
2	**Name or work**	**Supply of Environmental Engineering lab equipments for Chemical Engineering Department at BIT Sindri Dhanbad Jharkhand.**
3	Document download start date	23-12-2024
4	Document download end date	07-01-2025
5	Bid submission end date	07-01-2025
6	Bid opening date	08-01-2025

Bidders must bid through e-tenders portal.
B.I.T. Sindri, Dhanbad wishes to purchase Laboratory Equipments for its Laboratories in Chemical Engineering Department. Further details can be seen on website:- https://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-Director,
B.I.T., Sindri

PR 342465 (Higher Education,Technical Education and Skill Development Department)24-25*D

श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में 36वीं द्विदिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता

बोकारो (ससे):
श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में बहुप्रतीक्षित ३६वां वार्षिक द्विदिवसीय खेल प्रतियोगिता: ''एक भारत-श्रेष्ठ भारत'' का समापन समारोह २०.१२.२०२४ को बड़े हर्षो उल्लास के साथ प्रारंभ हुआ। आयोजनों में छात्रों, अभिभावकों, षिक्षको और स्कूल कर्मचारियों की भारी उपस्थिति देखी गई। सभी ने इस प्रतियोगिता में उत्सुकता से भाग लिया और अपनी-अपनी टीमों का उत्साहवर्धन किया।
इस अवसर पर विद्यालय परिसर की सजावट विभिन्न प्रसिद्ध खिलाड़ियों के पोस्टरों और रंग बिरंगे नारो से किया गया था। यह पोस्टर बच्चों के मनोबल के उत्साह वर्द्धन में चार-चांद लगा रहे थे। चारों ओर उर्जा और उत्साह का वातावरण नजर आ रहा था। सभी ने इस प्रतियोगिता में उत्सुकता से भाग लिया और अपनी-अपनी टीमों का उत्साहवर्धन किया।
खेल की शुरुआत मुख्य अतिथि श्री सुभाष रजक, खेल नागरिक सेवा प्रबंधक, सेल, बोकारो स्टील सिटी, शहर के सौन्दर्यकरण में श्री रजक जी का महत्वपूर्ण स्थान है।
डॉ. मनीषा तिवारी, निदेषक, दिल्ली पब्लिक स्कूल, चास, बोकारो, एक अच्छी प्रबंधक तथा शिक्षा के क्षेत्र में इनके महत्वपूर्ण योगदान को सराहा जाता है। मुख्य अतिथियों का स्वागत पौधा, बच्चों के द्वारा बनाया गया बैंच लगाकर किया गया। स्वागत गान-''हम आपका अभिनंदन करते है सैप्स के प्रागंण में हम वंदन करते है'' अतिथियों को भाव विभोर कर दिया।
दूसरा आकर्षण का केन्द्र खेल-गीत ''आओ यारों खेल-कूद में सबसे आगे हम, आओ यारों सबके दिल में जगह बनाये हम'' ने सबका मनमोह लिया। कक्षा ७ के विद्यार्थियों के द्वारा

बॉल ड्रील प्रस्तुत किया गया। जिसमें बॉल और व्यायाम के संतुलन था, व्यायाम के तहत बॉल खेलते हुए मानसिक और शारीरिक तालमेल को बताता है।
सफल नृत्य - ऐड़ी और पैर की गति के संतुलन, दौड़ते हुए आदमी की विविधता के साथ मेल खाने वाली बॉह की क्रिया के साथ जुड़ा हुआ है। बच्चों का परिधान रंग बिरंगे, आर्कषक थे।
विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती पी शैलजा जयकुमार ने अपने स्वागत भाषण में अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि-जीवंत और ऊर्जावान स्कूल खेल दिवस न केवल एथलेटिक कौशल बल्कि हमारे छात्रों की रचनात्मक और लयबद्ध प्रतिभा को भी प्रदर्शित करने का मार्ग प्रषस्त करते है। इस तरह की खेल प्रतियोगिता बच्चों की मानसिक और शारीरिक संतुलन के लिए आवष्यक है।
पूर्व आयोजित प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि के द्वारा पदक प्रदान किए गए।
अपने संबोधन में खेल की महत्ता का वर्णन करते हुए उन्होने कहा कि ''हमारे जीवन में खेल-कूद बहुत ही जरुरी है, इनसे बीमारियाँ तो दूर रहती हैं साथ ही साथ चित्त भी प्रसन्न रहता है। अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा दें और देश की तरक्की में अपना योगदान दें'।
खेल जीवन को आनंदमय बनाने के साथ आपको पद, पैसा और प्रतिष्ठा भी दिलाता है। खेल के बगैर विद्यार्थियो में नेतृत्व क्षमता का विकास नहीं हो सकता। विभिन्न खेलों में छात्रों का बेहतर प्रदर्शन हमें संतुष्टि दे रहा है। सेल भी खेल भावना के साथ विभिन्न सुविधाओं को प्रदान करने लिए प्रतिबद्ध है''।
छात्रों की एथलेटिक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए, ढेर सारे कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं के साथ खेल का भव्य आयोजन शुरू हुआ। कक्षा ६ से १२ वी के छात्रों के लिए १०० मीटर और २०० मीटर दौड़ जैसे विभिन्न ट्रैक और फील्ड कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। कक्षा ६, ७ और ८ वी के विद्यार्थियों के लिए ८०० मीटर एवं ४०० मीटर रिले दौड़ का आयोजन किया गया। कक्षा ९ से १२ वी तक के विद्यार्थियों ने अपने खेल प्रतियोगिता का प्रदर्षन किया।
स्कूल का खेल दिवस न केवल छात्रों के बीच एथलेटिक कौशल का जन्न था, बल्कि एक समावेशी प्रतिस्पर्धात्मक कार्यक्रम भी था जिसमें स्कूल के समर्पित शिक्षक, कार्यालय कर्मचारी, ड्राइवर, चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों (पुरूष एवं महिला) शामिल थे। विभिन्न आयोजनों में म्यूजिकल चेयर, धीमी गति के साइक्लिंग, बैलेंसिंग रेस, तीरंदाजी और रस्सा कसी ने इस प्रतियोगिता में चार-चाँद लगाया। जिससे सौहार्द और मनोरंजन से भरी प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिला।
अभिभावकों के मनोरंजन के लिए धीमी गति की दौड़ अपने आकर्षण का केन्द्र रहा।
म्यूजिकल चेयर के प्रथम स्थान श्री उज्ज्वल कुमार महतो, द्वितीय स्थान श्रीमति मधु कुमारी एवं तृतीय स्थान पर श्रीमति सुजाता रही। धीमी गति साइक्लिंग (चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी) के प्रथम स्थान श्री जयप्रकाष, द्वितीय स्थान पर श्री विषाल गोप एवं तृतीय स्थान पर श्री दिलीप मांझी रहे। धीमी गति रेस (महिला) के प्रथम स्थान पर श्रीमति तरषिला, द्वितीय स्थान पर श्रीमति आषा देवी एवं तृतीय स्थान पर श्रीमति उमा देवी रही। धीमी गति चलने वाली दौड़ में अभिवावको की ओर से प्रथम स्थान पर श्री ओम प्रकाष सिंह, द्वितीय स्थान पर श्री अरविन्द कुमार एवं तृतीय स्थान पर मो. हसन ईमान ने बाजी मारी।
छह सदनों में प्रथम स्थान के विजेता के नाम -
प्रथम स्थान -यमुना, द्वितीय स्थान - गंगा, तृतीया स्थान - पंपा ने परचम लहराया।
मार्च पाष्ट में प्रथम स्थान पर पेरियार सदन, द्वितीय स्थान सरस्वती एवं तृतीय स्थान पर गंगा ने बाजी मारी।
माननीय प्रधानाचार्य श्रीमती पी. शैलजा जयकुमार ने कार्यक्रम की सफलता में योगदान देने वाले सभी प्रतिभागियों, अतिथियों, प्रभारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने समग्र विकास में खेलों के महत्व पर जोर देते हुए, खेल प्रतियोगिता के आयोजन और क्रियान्वयन में शामिल सभी लोगों के समर्पण और कड़ी मेहनत की प्रषंसा की। जंबल मार्च ने कार्यक्रम में एक रंगीन और जीवंतता को जोड़ा। छात्रों, कर्मचारियों और प्रतिभागियों ने छात्र की एकता और विविधता का प्रदर्शन करते हुए समकालिक तरीके से परेड की।
३६वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता के समापन की औपचारिक घोषणा के साथ खेल भावना और सौहार्द से भरे एक सफल दिन का समापन हुआ। यह घोषणा छात्रों और कर्मचारियों द्वारा समान रूप से की गई कड़ी मेहनत, तैयारी और समर्पण के दिनों की परिणति का प्रतीक है। जैसे-जैसे दिन खत्म होने लगा, झंडा उतारने का समारोह पूरी गंभीरता और सम्मान के साथ आयोजित किया गया। झंडे को नीचे उतार दिया गया, जबकि पूरी सभा श्रद्धा और सम्मान के प्रतीक के रूप में मौन खड़ी रही जो खेल भावना के प्रति सम्मान भाव का प्रदर्षन था। धन्यवाद ज्ञापन उप-प्राचार्य श्री सुरेष नायर के द्वारा दिया गया। इस रंगा-रंग कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान की प्रस्तुति के साथ हुआ, जिससे उपस्थित सभी लोगों में गर्व और देशभक्ति की भावना जागृत हुई।

आत्म निर्भरता व प्रभावशीलता को बेहतर बनाने पर बैठक

बोकारो (ससे): सिविल सर्जन डॉक्टर अभय भूषण प्रसाद की अध्यक्षता में आत्म निर्भरता व प्रभावशीलता को बेहतर बनाने के लिए चिंतन और कार्यवाही से संबंधित बैठक का आयोजन -छब् ढउ कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया है। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहरी स्वास्थ्य के साथ ही परिवार नियोजन कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए परिवार नियोजन कार्यक्रम हेतु नेतृत्व एवं शासन, वित्त व्यवस्था, आपूर्ति, परिवार नियोजन के लिए हेल्थ मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम, स्वास्थ्य कर्मी सेवा प्रदाता, एवं प्रमाणिक दृष्टिकोण का संस्थागतिकरण और परिवार नियोजन के प्रति बेहतर दृष्टिकोण और व्यवहार के माध्यम से प्रभाव की निरंतरता

के अंतर्गत चर्चा की गई।
बैठक में सिविल सर्जन डॉक्टर अभय भूषण प्रसाद द्वारा टूल के सभी गुणवत्ता मानको को समुदाय स्तर तक लागू करने का निर्देश दिया।
DRCHO Bokaro ने कहा कि परिवार नियोजन के साथ अन्य स्वास्थ्य संबंधी विषयों को सुदृढ़ीकरण हेतु समुदाय स्तर से स्वस्थ संस्थान तक रेफरल सिस्टम को और भी मजबूत करें एवं **IUCD** सेवा का शहरी स्वास्थ्य केंद्र में सुदृढ़ीकरण करने के लिए निर्देश दिया एवं सभी शहरी स्वास्थ्य केंद्र को परिवार नियोजन के अस्थाई साधन तीन-तीन महीने के लिए उपलब्ध करवाने का भी निर्देश दिया।
बैठक की दौरान राष्ट्रीय हेल्थ मिशन एवं शहरी हेल्थ मिशन के जिला स्तरीय प्रतिनिधि एवं साई इंडिया के मैनेजर प्रोगाम इंप्लीमेंटेशन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

राज्य में बीमा व पेंशन योजना शीघ्र होगा लागू : मंत्री

गिरीडीह (ससे): झारखंड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू की माने तो झारखंड में पत्रकारों को शीघ्र ही बीमा और पेंशन योजना का लाभ मिलेगा.उक्त जानकारी आज ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वैलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश सलाहकार तेजिन्दर सिंह डिंपल और जमशेदपुर शहरी जिला अध्यक्ष चरणजीत सिंह ने संयुक्त रूप से दी है.

बताते चलें कि राज्य में पत्रकारों के हित में अहम भूमिका निभाने वाले संगठन ने गिरीडीह में पत्रकारों के हित में -खडक्वग्थ- द्वारा ९ सूत्री मांगों को लेकर नगर विकास मंत्री सुदिव्य सोनू को एक ज्ञापन सौंपा है.मांग पत्र में झारखंड के पत्रकारों पर दर्ज फर्जी मामलों की डीएसपी रैंक से जांच,सभी जिलों में प्रेस क्लब और आवासीय कॉलोनी का निर्माण,एक्रिडेशन,पत्रकार आयोग का गठन,बीमा,पेंशन व सम्मान योजना लागू करने की

मांग की गई है.
सुदिव्य सोनू ने कहा कि राज्य सरकार पत्रकारों के हित में जल्द ही बीमा और पेंशन योजना लागू करने जा रही है और इसके लिए संबंधित विभाग योजना बना रहा है.उन्होने कहा कि जिलों में प्रेस क्लब का निर्माण व आवासीय कॉलोनी के लिए भी मुख्यमंत्री से दिशा-निर्देश मिलते ही एक प्रारूप तैयार किया जाएगा.
नयी सरकार बनते ही ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वैलफेयर एसोसिएशन राज्य में पुनः सक्रिय हो गयी है.सबसे पहले राज्यपाल को ऐसोसिएशन के संताल परगना प्रमंडल अध्यक्ष राकेश चंदन ने परसों ज्ञापन सौंपा था जिसे राजभवन द्वारा संबंधित विभाग व मुख्यमंत्री सचिवालय को अग्रसारित कर दिया गया था.आज झारखंड सरकार के मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया है और अब अन्य जिलों से भी अन्य मंत्रियों व विधायकों को ज्ञापन सौंपा जाएगा.

सरकार बनने पर सीमांचल डेवलपमेंट अथॉरिटी का होगा गठन : तेजस्वी यादव

पटना (एजेंसी): बिहार में अगले साल यानी २०२५ में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल अलर्ट मोड में आ गए हैं. इस बार नीतीश कुमार से सत्ता छीनने को बेताब तेजस्वी यादव हर रोज कोई नया वादा करने में जुटे हैं. तेजस्वी ने अब सीमांचल को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया है. उन्होंने

वादा किया है कि सरकार बनने पर वह सीमांचल डेवलपमेंट अथॉरिटी का गठन करने का ऐलान किया है. उन्होंने कहा कि सीमांचल में गरीबी, पलायन, बाढ़ और कटाव से लोग त्रस्त हैं, लेकिन केंद्र में ११ साल एवं राज्य में लगभग २० साल से एनडीए की सरकार है मगर इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया. उन्होंने आगे कहा कि अगर २०२५ में उनकी सरकार बनी तो सीमांचल डेवलपमेंट अथॉरिटी का गठन किया जाएगा.
तेजस्वी के इस बयान की काफी चर्चा हो रही है. सियासत के जानकारों का कहना है कि उन्होंने सीमांचल को लेकर बड़ा दांव चल दिया है. दरअसल सीमांचल, बिहार का ऐसा इलाका है, जो एक तरफ पश्चिम बंगाल तो दूसरी तरफ नेपाल से लगा हुआ है. इस पूरे इलाके में मुस्लिम आबादी काफी ज्यादा है. सीमांचल में किशनगंज, अररिया, पूर्णियां और कटिहार जिले आते हैं. यह चारों लोकसभा सीटें हैं और इनमें २४ विधानसभा सीटें आती हैं. इस साल हुए लोकसभा चुनाव में इस इलाके की ४ में से सिर्फ एक सीट ही एनडीए (बीजेपी का प्रत्याशी जीता) के पास गई थी, जबकि दो सीटें कांग्रेस को मिलीं तो वहीं पूर्णिया से निर्दलीय पप्पू यादव जीते थे.
पप्पू यादव का जीतना तेजस्वी यादव के लिए बड़ा झटका था, क्योंकि तेजस्वी के कैंप करने के बावजूद राजद प्रत्याशी बीमा भारती चुनाव हार गई थीं. वहीं अगर २०२० में हुए विधानसभा चुनाव की बात करें तो मुस्लिम नेता असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी -खचखच् को इस इलाके की ५ सीटों पर जीत मिली थी. सियासी जानकारों का कहना है कि इस इलाके का पसमांदा मुसलमान राजद के खिलाफ नीतीश कुमार को वोट करता है. एनडीए सरकार की योजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ भी पसमांदा मुसलमानों को मिला है. इसी वोटबैंक को साधने के लिए तेजस्वी ने ये दांव चला है. वहीं सीमांचल पर तेजस्वी के वादे से पहले उनकी मां और पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने मिथिला को अलग राज्य बनाने की मांग की थी. सियासी जानकारों का कहना है कि मिथिलांचल में बीजेपी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए राजद की ओर से यह मांग उठाई गई है. जबकि सत्ता में रहते लालू यादव हमेशा से इस मांग का विरोध करते रहे हैं. राजनीति के जानकारों का कहना है कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी ने क्षेत्रीय स्तर पर नया शिगूफा छोड़कर वोट जुटाने की कवायद शुरू कर दी है. इसमें कोई शक नहीं है मिथिलांचल एनडीए का गढ़ है और राजद की नजर इन इलाकों पर है. ऐसे में राजद एनडीए के इस गढ़ में सेंध लगानेकी जुगत में है.

धक्का-मुक्की कांड में राहुल के साथ चट्टान बनकर खड़े हैं पप्पू यादव

पटना (एजेंसी): संसद में गुरुवार को हुए धक्का-मुक्की कांड को लेकर राजनीतिक पारा काफी चढ़ा हुआ है. इस घटना पर बीजेपी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ ऋखठ दर्ज करवाई है. राहुल गांधी पर भारतीय न्याय संहिता की धारा १०९ (हत्या का प्रयास), धारा ११५ (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), धारा ११७ (स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना), धारा १२१ (सरकारी कर्मचारी को उसके कर्तव्य से विचलित करने के लिए चोट पहुंचाना), धारा ३५१ (आपराधिक धमकी) और धारा १२५ (दूसरों की सुरक्षा को खतरे में डालना) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है. जांच के लिए यह मामला दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर किया जा सकता है. वहीं विपक्षी सांसद इस मामले में राहुल गांधी के साथ खड़े हुए हैं. विपक्षी सांसद आज (शुक्रवार, २० दिसंबर) विजय चौक से संसद तक मार्च कर रहे हैं. बिहार की पूर्णिया सीट से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव भी इस घटना पर राहुल गांधी के साथ चट्टान के साथ खड़े हैं.
पप्पू यादव ने इस घटना को पूर्व नियोजित बताया. उन्होंने कहा कि एक दिन पहले ही इस घटना की पूरी स्क्रिप्ट लिख ली गई थी. पप्पू यादव ने कहा कि सदन के भीतर हम थे. ये दो वीडियो सामने क्यों नहीं ला रहे हैं? एक महिला को अपमानित करने वाला और दूसरा धक्का देने वाला. पूर्णिया सांसद ने कहा कि पप्पू यादव ना होता तो ये लोग प्रियंका गांधी को धक्का देते. सीपीएम के एमपी को धक्का दिया.

पप्पू यादव ने कहा कि ये लोग लाठी लेकर पहुंचे थे. उन्होंने कहा कि ये लोग बाबा साहेब के मुद्दे से भटकाना चाहते हैं. राहुल जी पूछ रहे हैं तो निशिकांत दुबे उन्हें गुंडा कहते हैं. ये लोग इबीसी और ओबीसी के खिलाफ हैं. पूर्णिया सांसद ने कहा कि हिंदुस्तान में रहना है तो आंबेडकर-आंबेडकर करना होगा. संविधान ने हमें आर्थिक और राजनीतिक आजादी दी है.
राजनीतिक जानकारों का कहना है कि पप्पू यादव की ओर से राहुल गांधी का पक्ष लेने के पीछे बड़ा सियासी कारण है. उनका कहना है कि पप्पू यादव खुद को कांग्रेसी बताते हैं, लिहाजा राहुल गांधी का पक्ष लेना उनकी मजबूरी है. इतना ही नहीं बिहार में राजद और कांग्रेस के रिश्तों में कड़वाहट देखने को मिल रही है. अगर आगे चलकर दोनों दलों के रास्ते अलग हुए तो प्रदेश कांग्रेस में पप्पू यादव को बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है.

संभल हिंसा में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा

अयोध्या (ईएमएस): उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर-मस्जिद विवाद पर बड़ा बयान दिया है। अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने कहा कि यदि हमें विश्व मानव सभ्यता को बचाना है, तब सनातन धर्म का सम्मान करना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मनीषियों ने वसुधैव कुटुम्बकम का सिद्धांत दिया था, और सनातन धर्म ही ऐसा धर्म है जिसने कठिन समय में अन्य धर्मों और मतों को शरण दी। सीएम योगी ने भारतीय इतिहास में हिंदू मंदिरों को बार-बार तोड़ने का जिक्र किया। उन्होंनेकहा, क्या कभी हिंदुओं के साथ ऐसा हुआ? क्या हुआ बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में? कभी काशी विश्वनाथ धाम, कभी अयोध्या में, कभी संभल में, तब कभी भोजपुर में हर समय हिंदुओं के मंदिरों को तोड़ा गया। योगी ने इतिहास के विवादास्पद शासक औरंगजेब पर भी कड़ा हमला किया। उन्होंने कहा, औरंगजेब का खानदान अब कोलकाता के पास रिक्शा चला रहा है।

राजद विधायक मुकेश रौशन को धमकी देने वाला गिरफ्तार

पटना (एजेंसी): राजद विधायक मुकेश रौशन को जान से मारने की धमकी देने वाले शख्स को पटना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपी को यूपी के गाजियाबाद शहर से गिरफ्तार किया, जिसके बाद पुलिस आरोपी को लेकर पटना पहुंची. जांच में विधायक को धमकी देने वाली बात गलत निकली. आरोपी का अपने पत्नी से विवाद चल रहा है. इसी विवाद में मदद के लिए आरोपी ने अपने विधायक को कॉल किया था. पुलिस आरोपी को बॉन्ड भरवा कर छोड़ रही है. बता दें कि १६ दिसंबर को महुआ विधायक मुकेश रौशन को मारने और उनके घर सहित कार्यालय को जला देने की धमकी देने का मामला कोतवाली थाना में दर्ज कराया गया था.
पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपी की पहचान यूपी गाजियाबाद के रहने वाले मनीष कुमार के रूप में की. जिसे पुलिस गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया गया है. इस मामले की जानकारी देते हुए कोतवाली लॉ एंड आर्डर डीएसपी कृष्ण मुरारी प्रसाद ने बताया कि मामला काफी संवेदनशील था, इसलिए मामले की गंभीरता को देखते हुए व्हाट्सएप पर दिए गए आवेदन के अनुसार अग्रतार करवाई करते हुए इस मामले में एक टीम गठित कर जांच शुरू कर दी गई थी.जांच के क्रम में तकनीकी अनुसंधान में पता चला कि धमकी भरा कॉल जिस मोबाइल फोन नंबर से किया गया.

कुछ लोगों की जिंदगी किस्सों से जुड़ी होती है : अखिलेश यादव

लखनऊ,(ईएमएस): संसद में गुरुवार को हुए धक्का-मुक्की से फर्रुखाबाद के सांसद मुकेश राजपूत को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस दौरान पीएम नरेन्द्र मोदी से फोन पर बात करते हुए वायरल वीडियो को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुकेश राजपूत को लेकर सोशल मीडिया पर टिप्पणी भी की है।
अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा कि कुछ लोगों की जिंदगी किस्सों से जुड़ी होती है, जिसमें कहानी-ही-कहानी होती है। कोई सच्चाई नहीं। जैसे कि कोई भाजपाई सांसद फर्रुखाबाद से सच में जीते थे, लेकिन सच जानने वाले जानते हैं कि वह सज्जन पुरुष वोट से नहीं बल्कि प्रशासन के बत्ती गुल करने और लाठीचार्ज करने से जीते थे। अब एक और नया किस्सा बनाया जा रहा है, जिसमें इस बार भी कोई सच्चाई नहीं है। वह एक बार अकेले में जरूर सोचें कि धक्का उनको ही क्यों लगा?
बता दें गुरुवार को संसद भवन के बाहर प्रदर्शन के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा

कथित रुप से धक्का मुक्की करने के आरोप में बीजेपी सांसद हेमांग जोशी ने उनके खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी द्वारा धक्का मुक्की करने से बीजेपी के दो सांसदों को गंभीर चोट आई है। संसद भवन के बाहर घटना होने के बाद बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज, अनुराग ठाकुर व हेमांग जोशी ने थाने पहुंच कर लिखित शिकायत दी थी।
शिकायत में हेमांग जोशी ने कहा कि संसद भवन के प्रवेश द्वार पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान साथी सांसद मुकेश राजपूत व प्रताप राव सारंगी समेत बड़ी संख्या में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के लोग मौजूद थे। विरोध विपक्षी दलों, और कांग्रेस के नेतृत्व में फैलाई जा रही गलत सूचनाओं के खिलाफ था। शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी भी वहां पहुंचे। संसद सुरक्षा से निर्धारित प्रवेश मार्ग से जाने के अनुरोध के बावजूद राहुल गांधी ने विरोध प्रदर्शन को बाधित करने और एनडीए सांसदों को शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचाने के दुर्भावनापूर्ण इरादे से निर्देशों की अनदेखी की।
राहुल गांधी और अन्य ने प्रदर्शनकारी सांसदों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षाकर्मियों के निर्देशों का उल्लंघन किया। उन्होंने संसद सदस्य मुकेश राजपूत, प्रताप राव सारंगी और अन्य को धक्का देने के लिए जानबूझकर शारीरिक बल का प्रयोग किया। एफआईआर में उन्होंने लिखा कि राहुल गांधी की हरकतें जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण इरादे से की थीं। उन्हें संभावित परिणामों की पूरी जानकारी थी। उन्होंने न केवल आईएनडीआई गठबंधन के अपने साथी सदस्यों को आक्रामक तरीके से काम करने के लिए उकसाया, बल्कि बीजेपी सांसदों को शारीरिक नुकसान भी पहुंचाया है।

नशे के कारोबार व पोस्ते की खेती रोकने के लिए बनाएं रणनीतिः मुख्य सचिव

रांची (एजेंसी): झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने बैठक में नशे के कारोबार और पोस्ते की खेती पर रोक लगाने के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वित रणनीति बनाने और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. मुख्य सचिव ने कहा कि पोस्ते की खेती से होने वाली अधिक आमदनी की वजह से लोग इसे अपनाते हैं. इसके निराकरण के लिए कृषि विभाग के सहयोग से वैकल्पिक रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाएं ताकि लोग इस अवैध गतिविधि से दूर हों.

बताया गया कि पोस्ते की खेती वाले क्षेत्रों, विशेष रूप से जंगलों और जलाशयों के पास, फसलों की निगरानी की जाएगी. वन विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से फसलों को नष्ट

किया जाएगा. इस अवैध खेती से जुड़े लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी. वहीं पंचायती राज और शिक्षा विभाग के सहयोग से नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा. वहीं स्कूल स्तर से जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया ताकि युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता बढ़े.

बैठक में प्रस्तुत की गई रणनीति

बैठक में पोस्ते की खेती प्रभावित जिलों के पुलिस अधीक्षकों और उपायुक्तों ने अपने क्षेत्रों में अब तक की गई कार्रवाई और आगे की योजनाओं की जानकारी दी. एनडीपीएस की ओर से पावर प्रजेंटेशन के जरिए नशे के कारोबार की रोकथाम पर उपाय सुझाए गए. बैठक में गृह सचिव वंदना डाडेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने नशे के नेटवर्क को ध्वस्त करने और सजा दिलाने के बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता बताई. बैठक में पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, वन विभाग के सचिव अबूबकर सिद्धकी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे.

वाइल्ड वादी फ्लावर पार्क में ले आनंद : शैलेन्द्र

धनबाद (कासं) : बिरसा मुंडा पार्क में लगे वाइल्ड वादी फ्लावर पार्क के ऑनर शैलेंद्र जायसवाल ने शुक्रवार को वाइल्ड वादी पार्क में प्रेस वार्ता कर बताया कि धनबाद धनबाद के बिरसा मुंडा पार्क में लगे वाइल्ड वादी फ्लावर पार्क धनबाद वासियों के लिए एक अद्भुत रोमांच व आनंद वाला पार्क है। जिसका आकर्षण फ्लावर पार्क लाइटिंग के साथ जिससे बोला जाएगा नाइट फ्लावर पार्क जो अलग-अलग स्ट्रक्चर लगाया गया है जैसे की हार्ट शेप बरफी इत्यादि जो काफी आकर्षित करेंगे। बर्ड पार्क- इसमें चिड़ियों को रखा गया है जो आम चिड़ियों के जैसा नहीं है ये एग्जॉटिक बर्ड के कैटेगरी में आते है इसमें चिड़िया में बजरी और सननकूर रखा गया है जो चिड़िया आप पिंजड़ा में देखे होंगे वो आपके हाथों में आ जाएगी। वाइल्ड पार्क के भीआर गेम में लोग रहेंगे वर्चुअल दुनिया में लेकिन लोगों को ऐसा लगेगा कि रियल में गेम के खेल रहे और एनवायरनमेंट को एंज्वॉय कर रहे है। फिश सपा- इसे प्रिडिक्चर मछली टैंक में रखा गया है जो पैरों के डेड सेल को खाकर पैरों का पैडिक्योर करते है और लोगों को रिलैक्स महसूस होता है।

जिपलाइन एडवेंचर हाइट एडवेंचर का एक्टिविटी है। जिसमे एक सेफ्टी बेल्ट को लगाकर दूरी से दूसरे दूरी तक जाता है जिसमें पूरे फ्लावर व्यू की एक्टिविटी होता है हाइट-२६ फिट हाइट २६ स्पीड एडवेंचर लेंथ ३०० फीट्।रोप कोर्स जैसे नाम से पता चलता है की रोप यानी रस्सी वाला कुछ एक्टिविटी होगा जिसमें ६ अलग-अलग लेवल है जिसके वायर से सेफ्टी लगाकर लेवल को पूरा किया जाता है जो रोमांच का अनुभव करवाता है। क्रिकेट सिमुलेशन- क्रिकेट सिमुलेशन में कस्टमर सिर्फ बैठे बैठे क्रिकेट खेलता है क्योंकि बॉलिंग के मशीन है बलिंग मशीन है जो अलग अलग से स्पीड से बोलिंग कर सकते है। जिप्लाइनिंग के बारे में कुछ खास बातें बताए कि जिप्लाइनिंग में,आपको ऊपरी सिरे पर पुली की मदद से वायर रोप पर बांधा जाता है और फिर उस वायर रोप पर फ्री फ्रॉल स्लाइड किया जाता है।

आईआईटी में नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप प्रोग्राम

धनबाद (कासं) : शिक्षा मंत्रालय के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमएमटीटीपी) के तहत आयोजित प्रमुख पहल, नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप प्रोग्राम, आज आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के एमएमटीटी केंद्र में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम ने देशभर के विभिन्न संस्थानों जैसे बीएचयू वाराणसी, ईएफएलयू हैदराबाद, केंद्रीय कश्मीर विश्वविद्यालय, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी, आईआईटी जोधपुर, काजी नजरूल विश्वविद्यालय, सिद्धो-कान्हो-बिरसा विश्वविद्यालय, और गुजरात तकनीकी विश्वविद्यालय अहमदाबाद के प्रतिभागियों में नेतृत्व कौशल का विकास किया। यह परिवर्तनकारी पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के महत्वपूर्ण पहलुओं पर केंद्रित थी, जिसमें नेतृत्व विकास और हाइहर एजुकेशनल इंस्टीचूयूशंस के फैक्लटी की रचनात्मक क्षमता को बढ़ाने पर जोर दिया गया। शिक्षा मंत्रालय का मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत समर्थन इस दृष्टि को साकार करने में सहायक सिद्ध हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, माननीय डॉ. पंकज के.पी. श्रेयास्कर, उप महानिदेशक, मोएसपीआई,

भारत सरकार द्वारा दिया गया प्रेरणादायक मुख्य भाषण प्रतिभागियों के बीच गहराई से प्रतिध्वनित हुआ। विशिष्ट अतिथि, प्रो. सागर पाल, डीन (आर एंड डी) ने अकादमिक क्षेत्र में नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, प्रतिभागियों को बदलाव के वाहक बनने के लिए प्रेरित किया। एमएमटीटी केंद्र की कार्यक्रम निदेशक, प्रो. मृणालिनी पांडेय ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी सहयोगियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। विशेष धन्यवाद सम्मानित विशेषज्ञों को दिया गया, जिनके ज्ञानवर्धक सत्रों ने प्रतिभागियों की सोच को गहराई से प्रभावित किया।

सोनारडीह ओपी क्षेत्र में कानून व्यवस्था बिगड़ने की आशंका

कतरास (ससे) : सोनारडीह ओपी क्षेत्र में एक नए सिंडिकेट के उभरने की खबरें है। जिसका नेतृत्व रजनीश नामक व्यक्ति कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, रजनीश ने क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है और बीसीसीएल एरिया ३ के सीआईएसएफ जवानों से मिलीभगत के आरोप भी लग रहे हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि रजनीश और उसके गुर्गे क्षेत्र में उत्पात मचा रहे हैं। वे जबरन वसूली, मारपीट जैसी घटनाओं में शामिल हैं।

सूत्रों का कहना है कि सीआईएसएफ के कुछ जवान रजनीश के साथ मिलकर अवैध गतिविधियों में शामिल हैं। उन्हें रजनीश को संरक्षण देने का आरोप है। इस मामले में प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। सोनारडीह ओपी क्षेत्र में रजनीश के नए सिंडिकेट के उभरने से क्षेत्र में कानून व्यवस्था बिगड़ने की आशंका है। प्रशासन को इस मामले में तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए और रजनीश और उसके साथियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही, सीआईएसएफ के उन जवानों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए जो इस अवैध गतिविधि में शामिल हैं।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन

धनबाद (कासं) : शुक्रवार को एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी के नेतृत्व में धनबाद जिला के रणधीर वर्मा चौक पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। अमित शाह के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है इसके विरोध में पूरे देश भर में एनएसयूआई संगठन के द्वारा पुतला दहन किया जा रहा है और अपना विरोध जताया जा रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी ने कहा कि जिस संविधान के बदौलत आज अमित शाह गृह मंत्री बनकर बैठे हुए हैं उसे संविधान के जनक बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का इस प्रकार का उपहास उड़ाना इनकी मानसिकता को दर्शाता है कि यह लोग देश को तानाशाही की ओर ले जाना चाहते हैं और हमारे महापुरुषों का अपमान करके हमारे संविधान और भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, अमित शाह को बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए और अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए और उनके माफी मांगने तक हम लोग इसी प्रकार आंदोलनरत रहेंगे। मौके पर एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, प्रदेश सचिव रवि पासवान, युवा कांग्रेस के जिला महासचिव तबरेज खान, पूर्व झरिया विधानसभा अध्यक्ष देवेंद्र पासवान, धनबाद नगर अध्यक्ष सनी सिंह, गुरु नानक कॉलेज अध्यक्ष अनिकेत कुमार, विशाल रोहित पीके रॉय कॉलेज उपाध्यक्ष अमन पासवान, अरुण दास, सोहेल अली, रोहित मंडे, देवांश कुमार, विशाल कुमार, सूरज सिंह समेत दर्जनों एनएसयूआई नेता मौजूद थे।

विस्थापित संघर्ष मोर्चा ने जीएम को सौंपा ज्ञापन

केंदुआ (ससे) : रैयत विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले अपने ११ सूत्री मांगों के समर्थन में सैकड़ों समर्थको के साथ शुक्रवार को भगीरथ रवानी के नेतृत्व में शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर महाप्रबन्धक कुसुंडा क्षेत्र संख्यां ६ को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भगीरथ रवानी तथा संचालन रमेश रवानी ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भगीरथ रवानी ने कहा कि मोर्चा के द्वारा पिछले दिनों अपनी सारी समस्यायों एवं मुख्य धारा से जुड़े बातों को विस्तार पूर्वक मांग प्रबन्धन के समक्ष रखी गई थी, जिस पर आजतक क्षेत्रीय प्रबंधन एवं कोलवरी प्रबंधन द्वारा ११ सूत्री मांगों पर कोई भी उचित करवाई नहीं हुई। हमारी मांगों को नजरंदाज कर बीसीसीएल प्रबंधन मात्र अपनी मनमानी कर रही है। उन्होंने कहा कि पुनः प्रबन्धन के समक्ष ११ सूत्री मांग पत्र कार्यालय में दिया गया है। हमारी मांगों पर १५ दिनों के अंदर सकारात्मक पहल नहीं होता है तो मोर्चा बीसीसीएल प्रबन्धन के विरुद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगी। जिसकी सारी जबाबदेही बीसीसीएल प्रबन्धन की होगी। मौके पर मुख्य रूप से भगीरथ रवानी, ध्रुव महतो, राजू रवानी, रमेश रवानी, दयालु महतो, छुटू लाल सोरेन, वीरेंद्र किस्कु, फूलचन्द महतो, कार्तिक महतो, अम्न चन्द महतो, गोविंद मांझी, झंटू महतो, सुरेश किस्कु, खलील अंसारी, बसंत चौहान, रविन्द्र राम, शम्सुल अंसारी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

छपामारी में एक हाइवा जब्त

लोयाबाद (ससे) : लोयाबाद पुलिस ने बीती रात गुप्त सूचना के आधार पर औचक छपामारी कर लोयाबाद स्टेशन रोड की ओर से छाई लदा चार हाइवा को पकड़ कर लोयाबाद थाना में लाया गया। जहां सभी हाइवा की कागजात की जांच पड़ताल की जा रही है। लोयाबाद थाना प्रभारी सत्य जीत कुमार ने बताया कि हाइवा संख्या जे एच १० बी६०३९, जे एच १० बी ७७३०, जे एच १० बी४५४२, और जे एच १० बी१९७० को संदिग्ध अवस्था में लोयाबाद स्टेशन रोड़ के समीप खड़ी थी। छाई लोड़ था। जांच के लिए जब्त कर चारों हाइवा को थाना लाया गया है।

विधायक ने किया धान क्रय केंद्र का उद्घाटन

निरसा (ससे) : निरसा विधायक अल्प चटर्जी ने कल्यियासोल के लाल-पहाड़ी इंटर कॉलेज के समीप स्थित सिमुल्डीन फैक्स में शुक्रवार को धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार इस वर्ष किसानों को प्रति क्विंटल २४०० रुपए की दर धान का मूल्य मिलेगा। अक्सर शिकायत मिलती थी कि बिचौलिये १००० से १५०० रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदकर पश्चिम बंगाल भेज देते हैं. अब ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। आज से ही इस फैक्स में किसानों के धान की खरीद की जाएगी, जिससे क्षेत्र के किसानों को धान का सही मूल्य मिल सकेगा। मौके पर विधायक के पत्नी अनदिता चटर्जी, प्रखंड प्रमुख विवेक मंडल, मुखिया राजीव मंडल, सुरेश दास आदि उपस्थित थे।

जरूरतमंदों को किया गया रक्तदान

धनबाद (कासं) : बीसीसीएल हैडक्वाटर सीएमएस में कार्यरत तथा सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के सक्रिय सदस्य प्रणय शर्मा ने एक जरूरतमंद मरीज के लिए रक्तदान कर जीवनदान देने का कार्य किया। बताते चलें कि धनबाद के सेंट्रल अस्पताल में इलाजरत ५२ वर्षीय मरीज हीरामनी देवी के शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत कम हो गई थी डॉक्टर ने ए पॉजिटिव रक्त की कुल ४ यूनिट की व्यवस्था करने की बात मरीज के परिजन से कहा जिसमें घर वालों ने पहले से कुछ रक्त की व्यवस्था किया था परंतु रक्त की मात्रा शरीर में बहुत कम होने के कारण और अधिक रक्त की आवश्यकता पड़ रही थी इसके बात की सूचना मरीज के परिजन से संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान को देते हुए रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया जिसके पश्चात श्री चौहान ने ए पॉजिटिव रक्त समुह के रक्त दाता संस्था के सदस्य बीसीसीएल हैडक्वाटर में कार्यरत प्रणय शर्मा से रक्तदान करने का आग्रह किया जिसे स्वीकार करते हुए श्री शर्मा जी बिना समय व्यर्थ किए सेंट्रल अस्पताल ब्लड बैंक पहुंचे।

बिनोद मेला में झूमर प्रदर्शनी का आयोजन

बलियापुर (कासं) : सप्ताहव्यापी विनोद मेला के दूसरे दिन गुरुवार की रात रंगारंग झूमर नृत्य गीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पहाड़पुर, प्रधानखंता, जगदीश समेत कई गांव के झूमर दलों ने भाग लिया। साथ ही साथ महिला झूमर दलों ने भी भाग लिया। प्रतिभागी झूमर दलों के कलाकारों ने बारी-बारी से अपने झूमर नृत्यकला का प्रदर्शन किया जो काफी आकर्षक रहा। कपकपाती ठंड के बावजूद सैकड़ो दर्शकों ने रात भर कार्यक्रम का आनंद उठाया। झूमर प्रदर्शनी कार्यक्रम का उद्घाटन सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो एवं मेला कमेटी के अध्यक्ष अधिवक्ता राहुल कुमार महतो ने किया। मौके पर झामुमो किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष महावीर महतो, हिरू चरण महतो, परिमल महतो, राजू महतो, मंसूर अंसारी, राजकिशोर महतो अधिवक्ता रंजीत कुमार महतो, राजेश महतो, विकास दास, उमाशंकर महतो, अरूण महतो, जयदेव महतो, पशुपति महतो समेत सैकड़ो थे।

पृष्ठ एक का शेषांश

जयपुर में एलपीजी टैंकर में---

की मृत्यु और घायल होने की खबर हृदय विदारक है। ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति व घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने एवं शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।

हंगामे की भेंट चढ़ा---

जब सदन की कार्यवाही १२ बजे फिर से शुरू हुई तो सभापति ने विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से एक देश एक चुनाव विधेयक को लेकर बन रही जेपीसी के लिए उच्च सदन से सदस्यों को नामित करने का प्रस्ताव रखने के लिए कहा। जेपीसी के लिए १२ सदस्यों को नामित करने के प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके बाद अपने समापन भाषण में सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि इस सत्र में ४०.०३ फीसदी ही काम हुआ। पूरे सत्र में ४३ घंटा २७ मिनट काम हो सका। उन्होंने कहा कि सांसद के तौर पर देश के लोग हमारी कड़ी आलोचना कर रहे हैं। यह सही भी है क्योंकि लगातार हो रहे व्यवधान लोकतांत्रिक संस्थानों में जनता के विश्वास को लगातार कम कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को लेकर हो रहे हंगामे के बीच लोकसभा से शुक्रवार को एक देश एक चुनाव से जुड़े दो विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजा गया। सदन की कार्यवाही के दौरान विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की। इस दौरान स्पीकर ओम बिरला ने कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से संविधान (१२९वां संशोधन) विधेयक २०२४ और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक २०२४ को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव पेश करने को कहा।

29-30 को ओडिशा के दौरे पर---

नए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के चुनाव पर भी चर्चा करने की संभावना है। सामल को इस साल संपन्न हुए आम चुनाव के मद्देनजर अंतरिम व्यवस्था के तौर पर पिछले साल २३ जनवरी को पार्टी की राज्य इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। अब पार्टी जनवरी में अपना नया अध्यक्ष चुनेगी।

अब कोई भी राजनीतिक दल---

किसी भी प्रकार के प्रदर्शन से बचें। उन्होंने सांसदों की जिम्मेदारी याद दिलाते हुए कहा कि संसद लोकतंत्र का मंदिर है, और इसका सभी को आदर करना चाहिए। बता दें गुरुवार को संसद भवन परिसर में हुए विरोध-प्रदर्शन के दौरान बीजेपी के दो सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत सीढ़ियों से गिरकर चोटिल हो गए थे। बीजेपी सांसदों का आरोप है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने उन्हें धक्का दिया। हालांकि, कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था। इस घटना पर पीएम नरेंद्र मोदी ने दोनों चोटिल सांसदों का हालचाल भी जाना था। धक्का-मुक्की कांड पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा था कि राहुल गांधी बीआर आंबेडकर की फोटो लेकर शांति पूर्वक जय भीम के नारे लगाते हुए संसद में जा रहे थे। संसद में जाने से किसने रोका? हम इतने दिनों से साइड में प्रदर्शन कर रहे हैं। जो भी आ रहा है, जा रहा है, उसके लिए पूरा रास्ता है। इन्होंने पहली बार प्रदर्शन किया और सबको रोक दिया, धक्का-मुक्की और गुंडागर्दी की। अमित शाह को बचाने के लिए यह साजिश हुई है।

मंदिर-मस्जिद विवादों को---

किया कि भारत अब संविधान के अनुसार चलता है और किसी भी प्रकार के वर्चस्व की भाषा का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरा रही है कि यहां सभी अपनी-अपनी पूजा पद्धतियों का पालन कर सकते हैं, बशर्ते वे कानून का सम्मान करें। बता दें इससे पहले मंदिरों के सर्वेक्षण और मस्जिदों के नीचे शिवलिंग की खोज को लेकर अदालतों में कई याचिकाएं दायर की गई थीं, जिनका आरएसएस प्रमुख ने विरोध किया था। भागवत का यह बयान देश में सद्भावना और एकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

भारत ने नॉर्वे को दिया---

टग और पोलस्टार मैरीटाइम लिमिटेड को दो ७०टी बोलार्ड पुल टग सफलतापूर्वक डिलीवर किया है। यूसीएसएल को ओशन स्पार्कल लिमिटेड (तीन) और पोलस्टार मैरीटाइम लिमिटेड (एक) से दोहराए गए ऑर्डर के रूप में चार ७०टी बोलार्ड पुल टग के और ऑर्डर भी मिले हैं। नॉर्वे को सप्लाई किए पोत की लंबाई ८९.४३ मीटर, चौड़ाई १३.२ मीटर और ड्राफ्ट ४.२ मीटर है। कोनोशिप इंटरनेशनल, नीदरलैंड द्वारा डिजाइन किए इस पोत यूरोप के तटीय जल में सामान्य कार्गो परिवहन के लिए पर्यावरण के अनुकूल डीजल इलेक्ट्रिक पोत के रूप में निर्मित किया गया है। सीएसएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मधु नायर ने कहा कि कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड और इसकी सहायक कंपनी उडुपी कोचीन शिपयार्ड दोनों ही पश्चिमी यूरोपीय बाजार के लिए उच्च गुणवत्ता वाले जहाजों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

बीसीसीएल में 53वीं अखिल भारतीय खदान बचाव प्रतियोगिता का भव्य समापन

धनबाद (कासं): भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के नेहरू कॉम्प्लेक्स, कोयला नगर, धनबाद में आयोजित ५३वीं अखिल भारतीय खदान बचाव प्रतियोगिता-२०२४ का भव्य समापन हुआ। इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता में देशभर की प्रमुख कोयला, धातु, और गैर-कोयला कंपनियों की कुल ३२ टीमें शामिल हुईं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) के महानिदेशक श्री उज्वल ताहा थे, जबकि अध्यक्षता बीसीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) समीरन दत्ता ने की। अंतर्राष्ट्रीय खदान बचाव निकाय (खचठ्ठ) के सचिव-कोषाध्यक्ष एलेक्स ब्रिस्का कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे। इनके साथ मंच पर बीसीसीएल के निदेशकगण, डीजीएमएस के अधिकारीगण, और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि और अन्य विशिष्ट अतिथियों के आगमन से हुई, जहां डब्ल्यूसीएल और एचजेडएल टीमों द्वारा रस्सी बचाव का प्रदर्शन और कुछ अन्य टीमों द्वारा रिले रेस का प्रदर्शन किया गया। मुख्य मंच पर आयोजित समारोह का शुभारंभ राष्ट्रीय गान और कोल इंडिया कॉर्पोरेट गीत के साथ हुआ। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन, स्वागत भाषण (श्री अरुण कुमार, जीएम, एसएंडआर, बीसीसीएल), और कार्यक्रम की स्मारिका (यादगार) का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य निर्णायक श्याम मिश्रा (डीएमआरएस, डीजीएमएस) ने प्रतियोगिता की रूपरेखा और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इसके बाद विशिष्ट अतिथि एलेक्स ब्रिस्का ने अपने संबोधन में कहा- यह प्रतियोगिता न केवल तकनीकी दक्षता को प्रोत्साहित करती है, बल्कि बचाव कार्य में टीम भावना और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देती है। बीसीसीएल ने इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता ने कहाः बीसीसीएल के लिए यह गर्व का विषय है कि हमने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी की। यह प्रतियोगिता खदान सुरक्षा और बचाव कार्य में कुशलता को बढ़ावा देती है और हमारे कर्मचारियों के आत्मविश्वास को मजबूत करती है। सभी विजेता और प्रतिभागी बधाई के पात्र है।

मुख्य अतिथि उज्वल ताहा ने अपने संबोधन में कहाः यह प्रतियोगिता खदान बचाव के क्षेत्र में हमारे सुरक्षा मानकों को मजबूत करती है। हमने खदान बचाव में एक लंबी यात्रा तय की है। मैं बीसीसीएल को इस आयोजन की सफलता के लिए धन्यवाद देता हूं।

पुरस्कार वितरणः- समापन समारोह में कोयला, धातु, गैर-कोयला और महिला श्रेणियों आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

१. कोयला श्रेणी (कुल): प्रथमः बीसीसीएल (बी) टीम, द्वितीयः एससीसीएल-बी (ए) टीम, तृतीयः बीसीसीएल (ए-) टीम।

२. धातु श्रेणी (कुल): प्रथमः एचजेडएल (ए) टीम, द्वितीयः एचसीएल टीम, तृतीयः यूसीआईएल (बी) टीम।

३. महिला श्रेणी (कुल): प्रथमः डब्ल्यूसीएल (सी) टीम, द्वितीयः एचजेडएल (बी) टीम, तृतीयः एमसीएल (सी) टीम।

विशेष सम्मानः- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने के लिए एचजेडएल और डब्ल्यूसीएल टीम का सम्मान।

२५ वर्षों तक बचाव कार्य में योगदान देने वाले व्यक्तियों का सम्मान। महिला टीमों की उपलब्धियों को मान्यता।

आगामी आयोजनः समारोह के अंत में, बीसीसीएल ने प्रतियोगिता का ध्वज डीजीएमएस की उपस्थिति में एमओआईएल को सौंप दिया, जो अगले वर्ष ५४वीं अखिल भारतीय खदान बचाव प्रतियोगिता का आयोजन करेगा।

समापनः सुपरिंटेंडेंट, एमआरएस, बीसीसीएल, श्री पी. आर. मुखोपाध्याय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

५३वीं अखिल भारतीय खदान बचाव प्रतियोगिता - २०२४ बीसीसीएल की मेजबानी में सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जो खदान सुरक्षा और बचाव कार्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में बीसीसीएल सीसीसी, कल्याण बोर्ड और सुरक्षा बोर्ड के सदस्यों के साथ ही इनमोसा, आईएमएमए- और सीएमओएआई के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

स्किन के लिए फायदेमंद है अखरोट का सेवन

अखरोट एक ऐसा ड्राई फ्रूट है जिसका सेवन करने से आपकी सेहत को कई फायदे होंगे। हाल ही में हुई एक नई स्टडी के अनुसार, जो लोग रोजाना अखरोट का सेवन करते हैं, उन्हें दिल से जुड़ी बीमारी की संभावना बहुत कम होती है। इसमें मौजूद कैल्शियम, विटामिन, मिनरल्स और प्रोटीन हमारे शरीर को हेल्दी बनाते हैं। चलिए बताते हैं इस ड्राई फ्रूट के सेवन से आपके शरीर को क्या फायदे होते हैं।

अखरोट का सेवन करने से मिलते हैं ये फायदे :

हड्डियां बनाए मजबूत : अखरोट में मौजूद अल्फा-लिनोलेनिक एसिड कमजोर हड्डियों वाले लोगों के लिए वरदान है। अगर आपकी हड्डियों में हमेशा दर्द रहता है तो रोजाना सुबह के समय खाली पेट भीगे हुए अखरोट का सेवन करें। स्किन के लिए फायदेमंद : अखरोट में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन बी6 आपकी स्किन की सेहत के लिए कारगर है। यह आपकी स्किन को जवां और चमकदार दिखने में मदद करता है। यानी आप अपनी स्किन को मुलायम बनाए रखना चाहते हैं तो रोजाना 5-6 अखरोट खाएं।

दिमाग करे तेज : जिन लोगों को हर चीज भूलने की आदत होती है उन्हें अपनी डाइट में इस ड्राई फ्रूट को जरूर शामिल करना चाहिए। अखरोट में मौजूद ओमेगा 3 फैटी एसिड और विटामिन ॠ जैसे पोषक तत्व आपके दिमाग की सेहत को हेल्दी बनाते हैं। अखरोट खाने से दिमाग में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है जिससे ऑक्सीजन आसानी से दिमाग तक पहुंच पाते हैं।

डायबिटीज करे कंट्रोल : अखरोट डायबिटीज के मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद साबित होता है। दरअसल, अखरोट ब्लड में ग्लूकोज के स्तर को कंट्रोल करता है जिससे टाइप 2 डायबिटीज का जोखिम कम हो जाता है। वजन कम करने में मददगार : अगर आप बढ़ते मोटापे से परेशान हैं तो आपका वजन कम करने में अखरोट बेहद फायदेमंद हो सकता है। दरअसल इसमें है प्रोटीन और फाइबर पाया जाता है जो आपकी भूख को कम करता है।

एक दिन में कितना खाएं?

पूरे दिन एक्टिव रहने के लिए रोजाना सुबह के समय खाली पेट 5-6 भिगोया हुआ अखरोट खाएं। भिगोया हुआ अखरोट आपकी सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है।

डायबिटीज के रोगियों को सुबह जरूर खाना चाहिए ये फल

अमरूद एक ऐसा फल है जो पोषक तत्वों के मामले में सेब से भी ज्यादा बढ़कर है। अमरूद के फायदों की वजह से इसे संस्कृत में %अमृत% भी कहा जाता है। सर्दियों में ताज़ा और मीठे अमरूद का सीजन होता है। आपको रोजाना 1 अमरूद जरूर खाना चाहिए। डायबिटीज के मरीज के लिए भी अमरूद फायदेमंद फल है। सिर्फ अमरूद ही नहीं उसके पत्ते भी डायबिटीज में फायदा करते हैं।

डायबिटीज में अमरूद खाने के फायदे

न्यूट्रीशियन, वेट लॉस कोच और कीटो डाइटिशियन स्वाति सिंह की मानें तो अमरूद का ग्लाइसेमिक इंडेक्स 12-24 के बीच होता है जो काफी कम है। अमरूद में ऐसे कई विटामिन पाए जाते हैं जो ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल रखते हैं। अमरूद में विटामिन सी, फाइबर, आयरन, पोटैशियम, लाइकोपीन और एंटी-ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं जो ब्लड शुगर कंट्रोल करने में मदद करते हैं। इसके अलावा अमरूद खाने से वजन कम होता है और शरीर में इन्सुलिन रेजिस्टेंस बेहतर होता है।

अमरूद कब खाना चाहिए?

डायबिटीज के मरीज दिनभर में 1 बड़ा अमरूद खा सकते हैं। सुबह नाश्ते में अमरूद खाना ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। इससे दिनभर ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। सुबह खाली पेट अमरूद खाने से पेट और पाचन से जुड़ी समस्याओं को भी दूर किया जा सकता है। इससे कब्ज में राहत मिलती है। अमरूद खाने से मोटापा भी कम होता है।

लगातार हाथ-पैर हो रहे हैं सुन्न तो इग्नोर ना करें, पीछे हो सकते हैं 3 बड़े कारण

सर्दी आते ही बहुत से लोगों के हाथ-पैर सुन्न होने शुरू हो जाते हैं जिसे अक्सर ही आम सी समस्या समझ लिया जाता है, वैसे कभी-कभार ऐसा हो तो घबराने वाली कोई बात नहीं है लेकिन अगर यह समस्या बार-बार हो रही तो इस ओर ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि सर्दी में हाथ-पैर सुन्न होने का सबसे बड़ा कारण ब्लड वेसल्स यानि रक्त वाहिनियों का संकुचित होना है क्योंकि सर्दी में दिल पर जोर पड़ता है जिससे रक्त वाहिनियां संकुचित होने लगती है और बॉडी के सभी अंगों तक ऑक्सीजन की आपूर्ति कम हो जाती है जब अंगों तक ब्लड सर्कुलेशन सहीं से नहीं होता तो बॉडी पार्ट्स सुन्न होने लगते हैं। अगर ये सुन्न पन ठंड के चलते होता है तो आपको कुछ उपाय बताते हैं जिससे आपकी ये समस्या तुरंत दूर हो जाएगी लेकिन अंगों के सुन्नपन होने की वजह एनीमिया यानि खून की कमी, नसों में ब्लाकेज भी हो सकता है। अगर ऐसा है तो ध्यान देने की जरूरत रहती है। वहीं उम्रदराज लोगों को भी यह समस्या आम ही रहती है क्योंकि उनके शरीर में रक्त संचार सही से नहीं हो पाता।

हाथ पैर सुन्न होने का कारण क्या है?

खून की कमी (एनीमिया)

अगर शरीर में खून की कमी है तो उससे भी हाथ-पैर सुन्न होने की दिक्कत हो सकती हैं। खून का दौरा होने पर सारे अंग एक्टिव रहते हैं लेकिन जब खून की कमी होती है तो ब्लड सर्कुलेशन में भी दिक्कत आती है जिससे अंग सुन्न होने लगते हैं।

नसों में दबाव के चलते सुन्न होना

सोते समय नसें दबने से भी हाथ-पैर सुन्न हो सकते हैं। कुछ लोगों के हाथ सोते समय सो जाते हैं जिसे हाथ पर गुदगुदी और चींटियां काटना भी कह देते हैं। गर्दन या रीढ़ की नसों पर दबाव पड़ने से भी यह समस्या हो सकती है। गठिया, चोट या लंबे समय तक गलत पोजीशन में बैठने के कारण भी नसों पर दबाव बढ़ता है जिससे अंग खासकर हाथ पैर सुन्न होने लगते हैं। अगर समस्या लगातार बनी रहती है, तो डॉक्टर से सलाह लें।

विटामिन बी की कमी

शरीर में विटामिन बी की कमी से सुन्नता या झुनझुनी हो सकती है। विटामिन बी की कमी को पूरा करने के लिए, अपनी डाइट में केले, पालक, मछली, डेयरी उत्पाद, और अंकुरित अनाज शामिल करें।

डायबिटीज

डायबिटीज से पीड़ित लोगों में अक्सर हाथ-पैरों में सुन्नता और झुनझुनी की समस्या होती है। अगर ये डायबिटीज के चलते हो तो डाक्टरी सलाह जरूर लेते रहना चाहिए।

कार्पल टनल सिंड्रोम

यह सिंड्रोम उन लोगों में आम है जो लंबे समय तक की-बोर्ड पर टाइप करते हैं या किसी मशीन पर काम करते हैं। उन्हें हाथ-पैर सुन्न होने की दिक्कत रहती है।

दवाओं के साइड इफेक्ट्स

हाथ पैर सुन्न होने की वजह किसी दवाई का साइड इफेक्ट भी हो सकता है। इसे कम करने के लिए डॉक्टरी मदद लें क्योंकि ज्यादातर मामलों में, दवा बंद करने या कम करने से सुन्नता कम करने में मदद मिल सकती है।

ऑटोइम्यून डिज़ीज़

ल्यूपस और गठिया रोगियों में भी हाथ-पैर सुन्न होने की समस्या देखी जाती है।

शराब और धूम्रपान

जो लोग बहुत अधिक एल्कोहल और धूम्रपान का सेवन करते हैं उनकी नसों को भी नुकसान पहुंच सकता है और पैर और हाथ सुन्न रह सकते हैं।

हाथ पैर सुन्न होने का घरेलू इलाज

अगर हाथ पैर सर्दी में ब्लड फ्लो कम होने के चलते हो रहे हैं तो कुछ घरेलू नुस्खे सबसे फायदेमंद है और इसका आपके शरीर को किसी तरह का नुकसान नहीं है।

हाथों-पैरों की गर्म तेल से मसाज

सुन्नपन को दूर करने का बेस्ट तरीका मालिश है। इससे ब्लड सर्कुलेशन सही हो जाती है। जैतून, नारियल, तिल या सरसों का तेल, इसमें से आप कोई भी तेल इस्तेमाल कर सकते हैं। बस इसे हल्का गर्म करें और फिर अच्छे से हाथ पैर व शरीर के जरूरी अंगों की मसाज करें, जहां आपको सुन्नपन महसूस होता है। तिल के तेल को गर्म ना करें।

गर्म पानी से सिंकाई

ब्लड सर्कुलेशन सही करने के लिए गर्म पानी की सिंकाई भी बेस्ट है। इससे मांसपेशियों और नसों को आराम मिलता है। आप गर्म पानी बोतल या फिर हीट बैग का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

डाइट में विटामिन जरूर लें

आपकी डाइट का भी इसमें अहम रोल हैं। विटामिन बी, बी6 और बी12 लें। दूध, पनीर दही मेवा केला बींस ओटमील आदि लें। आप डाक्टरी सलाह से कोई सप्लीमेंट भी शुरू कर सकते हैं।

हल्दी वाला दूध

सर्दी के मौसम में हल्दी वाला दूध जरूर लें। हल्दी, ब्लड सर्कुलेशन को सही रखने में बेहद मददगार होती है और साथ ही शरीर में दर्द और सूजन से भी आराम मिलता है। इसलिए सब्जी के रूप में या दूध में डालकर इसका सेवन जरूर करें।

एक्सरसाइज बहुत जरूरी

फिजिकल एक्टिविटी बहुत जरूरी है। सर्दी में लोग एक्सरसाइज कम करते हैं लेकिन ब्लड सर्कुलेशन सही करने के लिए हलकी फुल्की एक्सरसाइज, सैर व योग करते रहें।

हाथ पैर सुन्न हो तो क्या खाना चाहिए?

हाथ-पैर सुन्न होने का एक कारण एनीमिया भी है। अगर शरीर में खून की कमी है तो भी हाथ पैरों में झुनझुनाहट रहती हैं इसलिए डाइट में आयरन कैल्शियम भरपूर लें। खून बनाने वाले आहार जैसे गाजर सेब, अनार, चकुंदर खाएं। सुखे मेवे में अंजीर, बादाम, अखरोट, किशमिश खाएं।

एंटी इन्फ्लामेट्री गुणों से भरपूर शहद भी ब्लड फ्लो को ठीक करने में मदद करता है। 1 चम्मच दालचीनी पाउडर में 1 चम्मच शहद मिलाएं। इसे खाने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन अच्छी तरह होगा। नियमित रूप से हल्दी वाला दूध, दालचीनी की चाय पीने से भी धीरे-धीरे सुन्नपन की समस्या खत्म हो सकती है।

धूम्रपान करने से पेरिफेरल आर्टरी डिसीज होता है जिससे पैरों में सही से ब्लड सर्कुलेशन सही से हो नहीं पाता। नसों में ब्लॉकेज आने लगती हैं। नस ब्लॉकेज होने पर भी हाथ-पैर सुन्न होने लगते हैं इसलिए धूम्रपान से दूर रहें।

लहसुन-अदरक का सेवन अधिक करें इससे नसों की अंदरूनी सफाई होती रहती है। गर्म पानी, ग्रीन टी, तुलसी-दालचीनी का काढ़ा आदि पीएं। इससे भी नसों की सफाई होती रहती हैं और अंदरूनी गर्माहट बनी रहती हैं।

नसों में ब्लॉकेज की समस्या है तो लहसुन वाला दूध पीएं। दूध और लहसुन आपकी शरीर की सारी बंद नसें खुल देंगी। दर्द से राहत मिलेगी और गर्माहट भी। बस एक गिलास दूध में 3 लहसुन की कलियां उबालें और पी लें।

बगिया और गमले खराब हो तो इन्हें फिर से कर सकते है नया

सफ़ाई और पुताई के बाद घर तो नया और ताजा दिखने लगता है, लेकिन बगिया और गमले पुराने ही नजर आते हैं। इसलिए घर की सफ़ाई के बाद बागीचे की सफ़ाई और सजावट करें, ताकि घर की खूबसूरती पूरी लगे।

सफ़ाई महत्वपूर्ण है.. बगिया की सफ़ाई- दीपावली की सफ़ाई करते समय बगिया में धूल और रंग इकट्ठा हो जाते हैं। इस धूल को फोरेन पौधों के आसपास से हटाएं। वहीं फ़र्श पर जमे पेंट को भी तारपीन के तेल या टाइल क्लीनर से निकालें। पत्तियों-टहनियों की सफ़ाई- पौधों की पत्तियों और टहनियों पर जमी हुई धूल और रंगों को भी हटाएं। इसके लिए पानी की तेज फुहार से पौधों की सफ़ाई करें। चाहें तो एक लीटर पानी में एक चम्मच नीबू का रस या एक चम्मच साबुन का घोल अथवा एक चम्मच डिटर्जेंट पाउडर मिलाकर पौधों पर छिड़काव करें। इनका छिड़काव आवश्यकता अनुसार ही करना है।

थोड़ी देखभाल भी..

कटाई और छंटाई- अनियमित रूप से बढ़ी हुई और रोग ग्रसित शाखाओं की छंटाई करें, जिससे पौधा सुंदर और हरा-भरा बना रहेगा। पौधों या झाड़ियों को गोल या अन्य आकार देने से बगिया भी सुंदर लगेगी।

निराई और गुड़ाई- पौधों की निराई-गुड़ाई जरूर करें। इसके लिए ऊपरी परत की आधा इंच मिट्टी हटा दें, जिससे पौधों की जड़ों को पर्याप्त मात्रा में धूप मिलेगी। पौधों में एक मुट्ठी गोबर खाद, एक मुट्ठी केंचुआ खाद, आधा मुट्ठी नीम की खली जैसी जैविक खाद भी मिलाएं।

बागीचे की सजावट बढ़ाएं...

गमले सजाएं- गमलों की सफ़ाई करें। उनकी मिट्टी बदलें और बाहर से एक या अलग-अलग रंगों से रंग दें। इससे गमलों को नया रूप मिल जाएगा और ये नए भी लगने लगेंगे।

गमले जमाएं- गमलों को जमाते समय उनके बीच थोड़ी दूरी रखें ताकि आप उनके आसपास रंगोली डाल सकें या फूलों से सजा सकें।

सजावट यहां भी- अगर गमले दीवार के करीब रख रहे हैं तो उस पर झालर सजा सकते हैं। इससे पौधों के आसपास की खूबसूरती बढ़ जाएगी और वहां अंधेरा भी नहीं रहेगा।

लताओं को संभालें- लताएं जितनी बिखरी रहेंगी, बगिया उतनी अस्त-व्यस्त नजर आएगी। पत्तियों के रंग-आकार के होल्डर दीवार पर चिपका दें और लताओं को उनमें लटकाकर व्यवस्थित करें। गमले में बांस या होल्डर खड़ा करके भी लताओं को उस पर चढ़ा सकते हैं।

सोलर लाइट्स- बागीचे के लिए कई तरह की सोलर लाइट्स का उपयोग कर सकते हैं। आप जहां सीरीज बल्ब नहीं लगा सकते, वहां ये सोलर लाइट्स रोशनी करेंगी।

एक समान सजावट- बागीचे को दीपावली की थीम के अनुसार सजाएं।

विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप रोमांचक रेस में 5 टीमें

दुबई (एजेंसी)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्षा से प्रभावित तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ रहने के बाद वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की दौड़ और रोमांचक हो गई है। आठ मैच बाकी हैं और फाइनल के लिए 5 दावेदार रेस में हैं। इन 5 में से कोई भी टीम ना तो फाइनल में जगह बना पाई है और ना ही पूरी तरह से बाहर है। भारत, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका अभी भी मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं, जबकि श्रीलंका और पाकिस्तान दूसरों के भरोसे अभी भी रेस में हैं।

दो मैच जीतकर फाइनल में पहुंच सकता है भारत

भारत के लिए सबसे सरल समीकरण है कि वो बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाकी के बचे हुए दोनों मैच जीत जाए जिससे अंक प्रतिशत 60.53 हो जाएगा और टीम बिना किसी अन्य परिणाम पर निर्भर रहे फाइनल में पहुंच जाएगी खेल पाएगी। सीरीज 3 अभी एक-एक की बराबरी पर है।

भारत को फाइनल में पहुँचने के लिए 2 मैच जीतने होंगे

- **2 जीत और 1 ड्रॉ से फाइनल खेलेंगा ऑस्ट्रेलिया -** ऑस्ट्रेलिया को क्वालीफाई करने के लिए 2 जीत और 1 ड्रॉ की आवश्यकता है। यदि कंगारू भारत के खिलाफ अपने शेष दो टेस्ट में केवल ड्रॉ करते हैं तो उन्हें श्रीलंका के खिलाफ दो जीत की आवश्यकता होगी ताकि वे 58.77 पर समाप्त हों, जो भारत (57.02) से आगे होगा। अन्यथा दक्षिण अफ्रीका को पाकिस्तान से कम से कम 1-0 से हारना होगा। यदि ऑस्ट्रेलिया मेलबर्न और सिडनी में ये 2 टेस्ट जीतता है, तो वह अन्य परिणामों की परवाह किए बिना क्वालीफाई कर लेगा।
- **श्रीलंका अन्य टीमों पर निर्भर-** श्रीलंका टीम ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 2-0 की श्रृंखला जीत के साथ अधिकतम 53.85 तक पहुंच सकती है। ऑस्ट्रेलिया, भारत और दक्षिण अफ्रीका तीनों को उससे नीचे रहने के लिए द. अफ्रीका को पाकिस्तान से 0-2 से ऑस्ट्रेलि को भारत के विरुद्ध दो टेस्ट मैचों में एक जीत और एक ड्रॉ से अधिक नहीं मिलना चाहिए जबकि दक्षिण अफ्रीका को हारना होगा। श्रीलंका हाल ही में दक्षिण अफ्रीका से सीरीज हारा है।
- **पाकिस्तान सिर्फ गणितीय संभावना से रेस में-** चार में से चार जीत के साथ भी पाकिस्तान 52.38 पर समाप्त होगा, जो कि द. अफ्रीका के 52.78 से थोड़ा कम होगा। हालांकि कई परिणामों के पाकिस्तान के पक्ष में जाने के पर दूसरे स्थान पर रहना संभव है। हालांकि पाकिस्तान के इस मोड़ पर पूरी तरह से बाहर होने की संभावना है।

दक्षिण अफीका के लिए 2 मैचों में से एक जीतना जरूरी

दक्षिण अफीका को फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ अपने दो टेस्ट में से एक जीतना होगा। अगर वह सीरीज 0-1 से हार जाता है तो ऑस्ट्रेलिया और भारत दोनों ही उसे पार कर सकते हैं। दोनों टेस्ट हारने पर दक्षिण अफीका टीम 52.78 अंक पर आ जाएगा। ऐसे में भारत या ऑस्ट्रेलिया में से कोई एक निश्चित रूप से अपने बचे हुए मैचों में उस अंक को पार कर लेगा।

विजय हजारे ट्राफी

शुरूआती मुकाबले से हटे मोहम्मद शमी, रोहित का बयान फिर चर्चा में

कोलकाता (एजेंसी)। भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को शनिवार को हैदराबाद में दिल्ली के खिलाफ बंगाल के विजय हजारे टॉफी के शुरुआती मुकाबले में आराम दिया जायेगा। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। भारत के लिए अंतिम दफा 2023 वनडे विश्व कप में खेलने वाले शमी ने टखने की सर्जरी के बाद लंबे समय बाद घरेलू क्रिकेट में वापसी की थी। वह तब से बेंगलुरु में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र में चोट से उबर रहे थे। उन्होंने बंगाल के लिए शानदार वापसी कर सात विकेट झटके और टीम को इस रणजी ट्रॉफी सत्र में पहली जीत दिलाने में मदद की।

उन्होंने हाल में समाप्त हुई सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में नौ विकेट झटके। हालांकि उनके घुटने

में सूजन अब भी चिंता का विषय बनी हुई जो घरेलू टी20 प्रतियोगिता के दौरान हुई थी। ब्रिस्बेन में ड्रॉ हुए तीसरे टेस्ट के बाद शमी की उपलब्धता के बारे में लगातार पूछे जाने पर रोहित शर्मा नाराज दिखे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) से किसी को उनके बारे में बात करनी चाहिए कि वह कहां रिहैबिलिटेशन कर रहे हैं। उन लोगों को ही आकर हमें कुछ अपडेट देने की जरूरत है।

रोहित ने कहा कि मैं समझता हूं कि वह घर पर बहुत क्रिकेट खेल रहे हैं लेकिन उनके घुटने को लेकर भी कुछ चिंताएं हैं। हम तब तक कोई जोखिम नहीं लेंगे जब तक कि हम उनकी फिटनेस के बारे में 200 प्रतिशत सुनिश्चित नहीं हो। विजय हजारे ट्रॉफी में शमी की भागीदारी को चैंपियंस ट्रॉफी सहित आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए उनकी उपलब्धता निर्धारित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

अच्छा है, हम 5 साल बाद भारत में टी20 सीरीज जीते हैं : स्मृति मंधाना

मुंबई (एजेंसी)। रिचा घोष (54) ने महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18 गेंद में सबसे तेज अर्धशतक के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (77) ने भी अर्धशतक जड़ा जिससे भारत ने बृहस्पतिवार को यहां तीसरे और निर्णायक टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 60 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। भारतीय महिला टीम ने अक्टूबर 2019 के बाद घरेलू सरजमीं पर पहली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीती है।

टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज बनी स्मृति मंधाना ने कहा कि 5 साल हो गए हैं जब से हमने भारत में कोई टी20 सीरीज नहीं जीती है। हमें 5 साल बाद ऐसा करने का मौका मिला। अभी सही काम करते रहने की जरूरत है। जिस तरह की

बल्लेबाजी लाइन-अप है, हमारे पास कुछ नए युवा खिलाड़ी हैं। इसलिए जिम्मेदारी लेने की जरूरत है। गेंद की टाइमिंग से ज्यादा मैं स्थिति के अनुसार खेलने में अपना दिमाग लगाने की कोशिश करती हूं। ऋचा घोष की बल्लेबाजी का तरीका पसंद आया। आज जिस तरह से लड़कियां आगे बढ़ीं, उन्होंने बहुत इरादा दिखाया। मैं अपना दूसरा या तीसरा मैच खेलते हुए ऐसा नहीं कर पाती।

उधर, प्लेयर ऑफ द मैच बनी ऋचा घोष ने कहा कि आज हमें अच्छी शुरुआत मिली। मंधाना ने जिस तरह से खेला, मैंने वैसा ही करना जारी रखा। मैं नेट्स में भी इसी तरह खेलता हूं। जब गेंद स्लॉट में होती है तो मुझे उसे मारना पसंद है। अच्छा लग रहा है क्योंकि हम सभी ने टीम की जीत में योगदान दिया। मेरे योगदान से भी खुश हूं।

ऐसा रहा मुकाबला

कप्तान स्मृति मंधाना (77) और ऋचा घोष (54) रनों की आतिशी पारियों की मदद से भारतीय महिला टीम ने गुरुवार को तीसरे टी-20 मैच में वेस्टइंडीज की महिला टीम को जीत के लिए 218 रनों का लक्ष्य दिया था। जवाब में खेलने उतरी विंडीज टीम को टॉप क्रम ने अच्छी शुरूआत दी लेकिन मध्यक्रम में हेनरी के अलावा किसी अन्य बल्लेबाज का बल्ला नहीं चला जिससे विंडीज ने यह मुकाबला 60 रन से गंवा दिया। भारत ने पहले टी20 49 रन से जीता था। दूसरे टी20 में विंडीज ने वापसी करते हुए 9 विकेट से जीत हासिल की थी। अब आखिरी निर्णायक टी20 में भारत ने जीत हासिल कर सीरीज अपने नाम कर ली है।

पाकिस्तान ने अफ्रीका को 81 रन से हराया

शाहीन अफरीदी-नसीम शाह की शानदार गेंदबाजी; कामरान गुलाम प्लेयर ऑफ द मैच

केप टाउन (एजेंसी)। पाकिस्तान ने 3 मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मैच में साउथ अफ्रीका को 81 रन से हराया। पाकिस्तान ने तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाने के साथ ही सीरीज पर भी कब्जा जमा लिया है।

केप टाउन में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए 49.5 ओवर में 329 रन बनाए, लेकिन इसके जवाब में मेजबान साउथ अफ्रीका 43.1 ओवर में 248 रन ही बना सकी। अर्धशतक लगाने वाले कामरान गुलाम को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

कामरान, बाबर और रिजवान ने लगाए अर्धशतक- इससे पहले, पाकिस्तान ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी की और कामरान गुलाम ने तेज पारी खेली। उन्होंने पहले 25 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया और फिर 32 गेंदों पर 5 छक्के और 4 चौकों की मदद से 63 रन बनाए। पाकिस्तान के कप्तान रिजवान ने भी कप्तानी पारी खेली और 3 छक्के व 7 चौकों की मदद से 80 रन बनाए जबकि बाबर आजम ने 73 रन की अच्छी पारी खेली। इस मैच में पाकिस्तान के ओपनर बल्लेबाज सईम अयूब के बल्ले से 25 रन निकले। साउथ अफ्रीका के लिए तेज गेंदबाज क्वेना मफाका ने सबसे ज्यादा 4 विकेट झटके जबकि टीम के ऑलराउंडर मार्को यानसेन को 3 सफलता मिली।

क्लासेन और डेविड मिलर के बीच 72 रन की साझेदारी- 329 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उनका पहला विकेट 34 रन पर ही गिर गया।

शाहीन अफरीदी और नसीम शाह की शानदार गेंदबाजी

शाहीन अफरीदी और नसीम शाह ने शानदार गेंदबाजी की। अफरीदी ने 8 ओवर में 47 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं नसीम शाह ने 8.1 ओवर में 37 रन देकर 3 विकेट लिए। अबरार अहमद को 2 जबकि सलमान आगा को एक सफलता मिली।

आखिरी 2 टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई स्क्वॉड का ऐलान

- मैकस्वीनी-हेजलवुड बाहर, कोंस्टास को पहली बार मौका, रिचर्ड्सन की वापसी, 19 साल के सैम कोंस्टास टीम में शामिल

मेलबर्न (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी 2 टेस्ट मैचों के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। इसमें 2 बड़े बदलाव किए गए हैं। पहले तीन टेस्ट में उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग करने वाले नाथन मैकस्वीनी को चयनकर्ताओं ने स्क्वॉड से बाहर कर दिया है, जबकि 19 साल के ओपनर सैम कोंस्टास को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। वहीं, चोट से जूझ रहे जोश हेजलवुड को भी टीम में जगह नहीं मिली है।

इसके अलावा तीन साल के बाद तेज गेंदबाज झाय रिचर्ड्सन की वापसी हुई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का चौथा टेस्ट मैच 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जाएगा, वहीं आखिरी और पांचवां मुकाबला 3 जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा।

भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई प्राइम मिनिस्टर इलेवन टीम से खेलने वाले 19 साल के ओपनिंग बल्लेबाज सैम कोंस्टास को पहली बार मौका मिला है। कोंस्टास ने उस पिंक बॉल प्रैक्टिस मैच में शतकीय पारी खेली थी। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।

रिचर्ड्सन को तीन साल बाद मौका

रिचर्ड्सन को तीन साल के बाद टेस्ट टीम में मौका मिला है। रिचर्ड्सन ने अपना आखिरी टेस्ट मुकाबला दिसंबर, 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ हुई एशेज सीरीज में एडिलेड के मैदान पर खेला था।

आखिरी 2 टेस्ट मैचों के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम

पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड (उपकप्तान), स्टीव स्मिथ (उपकप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिश, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, झाय रिचर्ड्सन, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

अंडर-19 महिला एशिया कप

भारत ने श्रीलंका को हराकर फाइनल में बनाई जगह, अब खिताब पर नजरें

कुआलालंपुर (एजेंसी)। बाएं हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला ने शानदार 4 विकेट लेकर भारत को शुक्रवार को बेयूमास क्रिकेट ओवल में श्रीलंका को 4 विकेट से हराकर अंडर-19 महिला एशिया कप के फाइनल में प्रवेश दिलाया। भारत की पिछली सुपर फोर जीत में बांग्लादेश के खिलाफ तीन विकेट लेने वाली आयुषी ने 4-10 के आंकड़े हासिल किए और श्रीलंका को 20 ओवरों में 98/9 पर सीमित करने में अहम भूमिका निभाई।

उन्हें साथी बाएं हाथ की स्पिनर परुनिका सिसोदिया का अच्छा साथ मिला जिन्होंने दो विकेट लिए, जबकि शबनम शकील और द्रिथी केसरी ने एक-एक विकेट लिया, क्योंकि मनुदी नानायकारा के 33 रन को छोड़कर श्रीलंका की कोई भी बल्लेबाज 25 तक नहीं पहुंच सकी। ईश्वरी अवसारे और सानिका चालके को जल्दी खोने के बावजूद जी त्रिशा और जी कमलिनी ने सुनिश्चित किया कि 99 रन का पीछा करने की भारत की कोशिश पटरी पर रहे।

सनवे सिट्जस ब्लिट्ज़

भारत के इलामपारथी रहे उपविजेता, ईरान के महदी बने विजेता

बार्सिलोना (एजेंसी)। दुनिया के प्रतिष्ठित शतरंज टूर्नामेंट में शुमार सनवे सिट्जस इंटरनेशनल शतरंज महोत्सव में इस क्लासिकल के साथ साथ रैपिड और ब्लिट्ज के मुकाबले भी खेले जा रहे है और कल इसमें सम्पन्न हुए इंटरनेशनल ब्लिट्ज़ शतरंज टूर्नामेंट में 31 देशो के करीब 100 चुनिन्दा खिलाड़ियों नें भाग लिया और इसमें भारत के उभरते हुए शतरंज खिलाड़ी एआर इलामपारथी नें शानदार खेल दिखाते हुए दूसरा स्थान हासिल किया।

चैम्पियंस ट्रॉफी को लेकर गतिरोध खत्म होने से खुश पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर जावेद मियांदाद

कराची (एजेंसी)। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों ने राहत जताई है कि आखिरकार चैम्पियंस ट्रॉफी को लेकर भारत के साथ गतिरोध खत्म करने में आईसीसी कामयाब रहा है जिसके तहत भारतीय टीम अपने सारे मैच तटस्थ स्थान पर खेलेगी। बदले में पाकिस्तानी टीम भी 2027 के मौजूदा चक्र में भारत में होने वाले आईसीसी टूर्नामेंटों के अपने सारे मैच तटस्थ स्थान पर खेलेगी।

महान बल्लेबाज जावेद मियांदाद ने कहा, 'मुझे लगता है कि पीसीबी ने समझदारी दिखाई है और अलग थलग पड़ने की बजाय समाधान को चुना। इसमें पीसीबी को बीसीसीआई से ज्यादा फायदा हुआ है। पाकिस्तान लंबे समय बाद बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। हमने साफ संदेश दे दिया है कि अगर आप हमारे देश में खेलने नहीं आते तो हम भी भारत में खेलने

नहीं जाएंगे।

यह व्यवस्था चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 (पाकिस्तान), अगले साल भारत में होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप और भारत और श्रीलंका में 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप में लागू रहेगी। भारत ने सुरक्षा कारणों से फरवरी मार्च में पाकिस्तान में होने वाले टूर्नामेंट के लिए जाने से इनकार कर दिया था। भारत ने 2008 में मुंबई आतंकी हमलों के बाद से पाकिस्तान में नहीं खेला है।

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम बारी ने कहा, 'मैं तो इतना ही कह सकता हूं कि उनके खिलाड़ियों और प्रशंसकों का यहां आने पर जबर्दस्त इस्तकबाल होता। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोईन खान ने कहा, 'पीसीबी को एक और आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी मिलना पाकिस्तान क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत है।

संक्षिप्त समाचार

यूएन में पेश पाकिस्तानी प्रस्ताव में कश्मीर का जिक्र नहीं

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान की तरफ से कुछ दिन पहले यूनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली की थर्ड कमेटी में वार्षिक रिजॉल्यूशन पेश किया गया था। इस रिजॉल्यूशन को बिना वोटिंग के ही स्वीकार कर लिया गया था। इसके बाद कुछ विदेशी मीडिया खास कर पाकिस्तान मीडिया ने इसे कश्मीर से जोड़कर पेश किया था। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इसे लेकर एक स्पष्टीकरण जारी किया है। ह्ढ के मुताबिक विदेश मंत्रालय का कहना है कि इस पाकिस्तानी रिजॉल्यूशन से कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसमें जम्मू कश्मीर का भी कोई जिक्र नहीं है। बता दें कि ह्ढ की थर्ड कमेटी हर साल बच्चों की सुरक्षा, शरणार्थियों की समस्याएं और नस्लवाद जैसे सामाजिक, मानवीय और मानवाधिकार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करती है। ह्ढ की बैठक सितंबर से दिसंबर तक चलती है, इस दौरान सभी देश अपने सोशल मुद्दे इस मंच पर रखते हैं। साल 1945 में अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में इंटरनेशनल आर्गेनाइजेशन की एक कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया था। ये कॉन्फ्रेंस 25 अप्रैल से 26 जून तक चली और 50 देशों के प्रतिनिधियों ने इसमें हिस्सा लिया। इस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य देशों के बीच शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना था। ह्ढ का हेडक्वार्टर न्यूयॉर्क में है। इसकी जनरल असेंबली में 193 सदस्य देश हैं।

नौकरानी नहीं, उन पर बच्चा पैदा करने की जिम्मेदारी, आदमी परिवार का खर्च उठाने को जिम्मेदार

तेहरान, एजेंसी। ईरान में पिछले कुछ वक्त से महिला अधिकारों और हिजाब को लेकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी बीच बुधवार को ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने महिलाओं को लेकर कई सोशल मीडिया पोस्ट किए। खामनेई ने कहा कि महिलाएं फूल की तरह हैं, इनकी देखभाल की जानी चाहिए। परिवार का खर्च उठाने कि जिम्मेदारी पुरुष की है, जबकि महिलाओं पर बच्चे पैदा करने की जिम्मेदारी है। इसके साथ ही उन्होंने वेस्टर्स कल्चर को अनैतिक बताया। ईरान में कुछ दिन पहले महिला सिंगर परस्तू अहमदी की गिरफ्तारी के बाद हिजाब कानून को लेकर बहस तेज हो गई है।

पुतिन बोले- ब्रीक्स को लेकर जयशंकर ने ठीक कहा था, हम किसी के खिलाफ नहीं

मॉस्को, एजेंसी। रूस के राष्ट्रपति लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को साल 2024 के आखिरी संबोधन में 3 घंटे 17 मिनट तक जनता के सवालों के जवाब दिए। इसमें उनसे यूक्रेन जंग के अलावा, BRICS, सीरिया, इकोनॉमी, महंगाई जैसे मुद्दों पर सवाल पूछे गए थे। BRICS को लेकर पूछे गए एक सवाल पर उन्होंने एस जयशंकर का नाम लिया। पुतिन ने कहा कि BRICS किसी के खिलाफ काम नहीं कर रहा है। हम सिर्फ अपनी भलाई और संगठन के हित के लिए काम करते हैं। हम हम किसी भी तरह का एजेंडा नहीं चला रहे हैं। भारत और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसे सबसे अच्छे तरीके से कहा था कि ब्रिक्स पश्चिमी विरोधी नहीं है।

बांग्लादेश को भाई बताने लगा पाकिस्तान, शहबाज शरीफ और मोहम्मद यूनुस का क्या है आगे का प्लान

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच रिश्ते मजबूत होते नजर आ रहे हैं। इसके संकेत हाल ही में हुई पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और अंतरिम सरकार में मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की मुलाकात से मिल रहे हैं। खबर है कि शरीफ सरकार ने यूनुस को पाकिस्तान आने का न्योता भी दिया है। दोनों मुल्कों ने रणनीतिक संबंध मजबूत करने की बात पर जोर दिया है। शरीफ ने कहा, हम वास्तव में अपने भाई देश बांग्लादेश के साथ हमारे रिश्ते मजबूत करना चाहते हैं। उन्होंने बांग्लादेश की सरकारी शक्कर मिलों के प्रबंधन के लिए भी तकनीकी मदद मुहैया कराने की पेशकश की है। साथ ही डेंगू के चलते हुई बांग्लादेश में मौतों पर भी दुख जाहिर किया।

ढाका में भारतीय और बांग्लादेशी मौलानाओं के समर्थकों में झड़प

ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश की राजधानी ढाका से 40 किमी दूर टोंगी कस्बे में इज्तिमा के आयोजन को लेकर मंगलवार को मौलानाओं के दो गुटों में हंगामा हो गया। इस हंगामे में भारत के मौलाना साद और बांग्लादेश के मौलाना जुबैर के समर्थकों के बीच हिंसक झड़प हुई। मारपीट में 4 लोगों की मौत हो गई है, इसके अलावा सौ से ज्यादा लोग घायल हैं।

पुलिस के मुताबिक दोनों पक्षों ने 7 लोगों की मौत का दावा किया है। प्रशासन ने इलाके में धारा 144 लागू कर सेना को तैनात कर दिया है। टोंगी में झड़प के बाद घायलों को ढाका के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां एक बार फिर दोनों गुटों में भिडंत हो गई। बांग्लादेश पुलिस के मुताबिक मौलाना साद के समर्थक (सादपंथी) शुक्रवार, 20 दिसंबर से टोंगी मैदान में 5 दिवसीय इज्तिमा आयोजित करना चाहते हैं। मौलाना जुबैर के समर्थक उन्हें यहां इज्तिमा नहीं करने देना चाहते। इसके चलते जुबैर के समर्थकों ने पहले से ही इज्तिमा मैदान पर कब्जा कर लिया। मंगलवार सुबह करीब 3:30 बजे मौलाना साद के समर्थक मैदान में पहुंच गए थे। इसके बाद झड़प शुरू हो गई। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बांग्लादेश छोड़ने के बाद से जुबैर समर्थक दो चरणों में होने वाले टोंगी इज्तिमा को एक चरण में करने की मांग कर रहे हैं। जुबैर समर्थकों का आरोप है कि हसीना की पार्टी ने मुस्लमानों को बांटने के लिए इज्तिमा को दो चरणों में शुरू किया था। दूसरी ओर जुबैर समर्थकों ने मौलाना साद के समर्थकों पर भारत के एजेंट होने का आरोप लगाया है। अक्टूबर से साद के समर्थकों के खिलाफ रैलियां करना शुरू कर दिया था।

कौन है मौलाना साद : मौलाना मोहम्मद साद कंधलवी एक भारतीय मुस्लिम स्कॉलर और प्रचारक हैं। वे तबलीगी जमात के संस्थापक मोहम्मद इलियास कंधलवी के परपोते हैं। मौलाना

साद तबलीगी जमात के निजामुद्दीन धड़े के प्रमुख हैं। मौलाना साद को 2017 में आल इंडिया और टोंगी इज्तिमा (बांग्लादेश) का प्रमुख चुना गया था। इसके बाद से मौलाना साद और जुबैर के पक्षों में विवाद शुरू हो गया था। टोंगी में 2011 से इज्तिमा दो चरणों में होता है। पहले मौलाना जुबैर के समर्थक और बाद में मौलाना साद के समर्थक इज्तिमा का आयोजन करते हैं।

मेलोनी ने मस्क से दोस्ती पर विरोधियों को दिया जवाब-बोलीं- वे मेरे अच्छे दोस्त, किसी का गुलाम बन आदेश नहीं मानती

रोम, एजेंसी। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने अमेरिकी कारोबारी इलॉन मस्क के साथ दोस्ती को लेकर उठ रहे सवालों पर जवाब दिया है। उन्होंने बुधवार को इटली की संसद में कहा कि वे मस्क की दोस्त हैं, लेकिन इससे उनके कारोबारी रिश्ते को कोई फायदा नहीं होगा। प्रधानमंत्री दोनों ही एक साथ हो सकती हूं। मेरे और भी कई लोगों के साथ अच्छे संबंध हैं लेकिन मैं किसी के आदेश पर काम नहीं करती हूं। दरअसल, इसी साल सितंबर में इलॉन मस्क के साथ मेलोनी की न्यूयॉर्क में एक कार्यक्रम के दौरान मुलाकात हुई थी। इस मुलाकात से जुड़ी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। इसमें ये भी दावे किए गए थे कि मस्क और मेलोनी एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। मेलोनी ने इटली के विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा- वे सोचते हैं कि एक विदेशी नेता के साथ मेरी बहुत अच्छी दोस्ती है तो मैं उनकी गुलाम बनकर उनके बताए किसी भी बात को मान लेती हूं लेकिन ऐसा नहीं है। मैं किसी के आदेश को नहीं मानती हूं। इटली में उद्योग लगाने को लेकर प्रधानमंत्री मेलोनी की मुलाकात कई बार मस्क से हो चुकी है। इटली सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एक फ्रेमवर्क तैयार किया है, जिसके तहत मस्क की 'स्पेस एक्स' जैसी विदेशी कंपनियों के लिए वहां काम करना आसान हो गया है।

विदेशी शोध जहाजों को लेकर श्रीलंका बनाएगा राष्ट्रीय नीति, श्रीलंकाई विदेश मंत्री ने दी जानकारी

कोलंबो, एजेंसी। जनवरी में, श्रीलंका ने अपने जलक्षेत्र और विशेष आर्थिक क्षेत्र में संचालित विदेशी समुद्री वैज्ञानिक अनुसंधान सर्वेक्षण जहाजों पर एक साल का प्रतिबंध लगा दिया था, क्योंकि भारत और अमेरिका ने उच्च तकनीक वाले चीनी निगरानी जहाजों की लगातार डॉकिंग अनुरोधों के बाद सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएं जताई थीं।

श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने शुक्रवार को कहा कि श्रीलंका जल्द ही विदेशी शोध जहाजों की यात्राओं की अनुमति देने पर राष्ट्रीय नीति तैयार करेगा। यह बात चीनी निगरानी जहाजों की लगातार डॉकिंग अनुरोधों के बीच कही गई है, जिससे भारत में चिंताएं बढ़ गई हैं।

विदेश मंत्री विजिता हेराथ की यह टिप्पणी श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके की भारत यात्रा के कुछ दिनों बाद आई है। जनवरी में, श्रीलंका ने अपने जलक्षेत्र और विशेष आर्थिक क्षेत्र में संचालित विदेशी समुद्री वैज्ञानिक अनुसंधान सर्वेक्षण जहाजों पर एक साल का प्रतिबंध लगा दिया था, क्योंकि भारत और अमेरिका ने उच्च तकनीक वाले चीनी निगरानी जहाजों की लगातार डॉकिंग अनुरोधों के बाद सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएं जताई थीं।

विदेश मंत्री ने कहा कि अनुसंधान जहाजों की अनुमति देने पर श्रीलंका का प्रतिबंध अभी भी लागू है, जिसकी उचित समीक्षा की जाएगी। वहीं भारत से कोलंबो लौटने पर राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने चीन के एक शीर्ष

सरकारी अधिकारी के साथ बैठक की, जिन्होंने चीन की इच्छा व्यक्त की कि चीनी अनुसंधान जहाज कोलंबो में अपनी यात्राएं फिर से शुरू करें। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत ने दिसानायके के भारत प्रवास के दौरान ऐसी यात्राओं पर चिंता जताई थी, हेराथ ने कहा कि भारत की चिंताएं उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा खतरों पर आधारित थीं।

हेराथ ने कहा, हमने आश्वासन दिया है कि हम अपनी भूमि का उपयोग करके भारतीय सुरक्षा चिंताओं को खतरे में डालने वाली किसी भी कार्रवाई की अनुमति नहीं देंगे। हेराथ ने कहा, यह यात्रा ऐसी यात्रा साबित हुई है, जिसके बाद श्रीलंका के लोगों को कई उपलब्धियां हासिल हुई हैं। उन्होंने कहा, इसने संबंधों को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया। हेराथ ने कहा कि राष्ट्रपति दिसानायके की यात्रा के दौरान भारत और श्रीलंका ने श्रीलंकाई लोक सेवा अधिकारियों के प्रशिक्षण और दोहरे कराधान को रोकने पर दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने के अलावा कोई औपचारिक समझौता नहीं किया।

श्रीलंकाई विदेश मंत्री नेकहा, हमने केवल आर्थिक और प्रौद्योगिकी सहयोग समझौते (ईटीसीए) से संबंधित वार्ता को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। किसी भी चीज पर कोई अंतिम समझौता नहीं हुआ है।

पत्नी का रेप कराने वाले को 20 साल की सजा

पेरिस, एजेंसी। फ्रांस में पत्नी को नशीली दवाएं खिलाकर 10 साल तक अनजान पुरुषों से रेप करवाने वाले पति और दुष्कर्म के अन्य 50 आरोपियों को 20 साल की सजा सुनाई गई है। दक्षिणी फ्रांस की एविग्नन कोर्ट ने गुरुवार को इसे लेकर फैसला सुनाया। 72 साल के आरोपी पति का नाम डोमिनिक पेलिकॉट है। फ्रांस 24 की रिपोर्ट के मुताबिक डोमिनिक की पत्नी गिजेल पेलिकॉट के साथ दुष्कर्म के 91 मामले सामने आए थे। इनमें 72 आरोपियों की पहचान हुई थी, जिनमें से 51 को गिरफ्तार कर लिया गया था। ये सभी आरोपी इंटरनेट के जरिए डोमिनिक के संपर्क में आए थे। 51 आरोपियों में 50 को रेप का आरोपी ठहराया गया है। इसके अलावा एक आरोपी ने गिजेल से माफी मांगी थी, उसे यौन उत्पीड़न का दोषी करार दिया गया है। सुनवाई के दौरान 51 आरोपियों में से 32 जमानत पर बाहर थे। इसे लेकर गिजेल ने नाराजगी भी जताई थी। पांच जजों की बेंच जब सजा का ऐलान कर रही थी, उस समय पीड़ित महिला भी कोर्ट रूम पहुंची थी। पांच जजों की बेंच जब सजा का ऐलान कर रही थी, उस समय पीड़ित महिला भी कोर्ट रूम पहुंची थी।

दुष्कर्म करने वालों में बैंक कर्मी और पत्रकार भी शामिल : महिला से रेप करने वाले आरोपियों में फायरमैन, लॉरी ड्राइवर, नगर निगम पार्षद, बैंक कर्मी, जेल गार्ड, नर्स और पत्रकार शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक इनमें से कई ने महिला के साथ एक बार तो कई ने 6 बार तक दुष्कर्म किया। इन आरोपियों की उम्र 26 से 73 साल के बीच है।

आधुनिक और लोकतांत्रिक देश की पहचान रखने वाले फ्रांस में इस मामले के बाद लोगों में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बहस छिड़ गई थी। मामला सामने आने के बाद फ्रांस के अलग-अलग शहरों में प्रदर्शन भी हुए थे। गुरुवार यानी आज सुनवाई के दौरान भी कोर्ट रूम के बाहर कई प्रदर्शनकारी पहुंचे थे।

पुलिस के मुताबिक आरोपी पेलिकॉट एक वेबसाइट के लिए जरिए पुरुषों के संपर्क में आता था और उनको बुलाता था।

रूस की कैंसर वैक्सीन की कीमत 2.5 लाख रुपए, दोबारा कैंसर होने का जोखिम नहीं, जल्द एक और वैक्सीन का ऐलान करेगा रूस

मॉस्को, एजेंसी। रूस के कैंसर वैक्सीन के ऐलान के बाद से दुनियाभर के कैंसर मरीजों में उम्मीद जगी है। रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजी मेडिकल रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर आंद्रेई काप्रिन के मुताबिक, रूस की इस कैंसर वैक्सीन को अलग-अलग तरह के मरीजों के लिए अलग-अलग बनाया जाएगा। इस खासियत की वजह से इसकी कीमत करीब 2.5 लाख रुपए होगी। रूसी नागरिकों को ये वैक्सीन मुफ्त में मिलेगी। हालांकि दुनिया के बाकी देशों के ये वैक्सीन कब मिलेगी, इसके बारे में काप्रिन ने कोई जानकारी दी है। काप्रिन ने बताया कि प्रीक्लिनकल ट्रायल में वैक्सीन प्रभावी साबित हुई है। इससे ट्यूमर का विकास धीमा होने के साथ उस पर 80त्न तक कमी देखी गई है। इस वैक्सीन को मरीजों के ट्यूमर सेल्स के डेटा के आधार पर स्पेशल प्रोग्राम के जरिए डिजाइन किया जाता है।रूस की फेडरल मेडिकल बायोलॉजिकल एजेंसी की प्रमुख वेरोनिका स्वोर्त्सकोवा ने वैक्सीन के काम करने के तरीके को मेलानोमा (स्किन कैंसर) से समझाया है। सबसे पहले कैंसर के रोगी में से कैंसर सेल्स का सैंपल लिया जाता है। इसके बाद वैज्ञानिक इस ट्यूमर के जीन की सीक्वेंसिंग करते हैं। इसके जरिए कैंसर सेल्स में बने प्रोटीन की पहचान की जाती है। प्रोटीन की पहचान के बाद पर्सनलाइज्ड mRNA वैक्सीन बनाई जाती है। र को लगने वाली कैंसर वैक्सीन शरीर को ञ्ज सेल्स बनाने का आदेश देती है। अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा के कैंसर एक्सपर्ट एलियास सयूर के मुताबिक इस तकनीक से बन रही वैक्सीन ने ब्रैन कैंसर के लिए 48 घंटों से भी कम वक्त में असर दिखा दिया था।

बांग्लादेश का अडाणी पर बिजली समझौते के उल्लंघन का आरोप, रॉयटर्स का दावा- भारत से मिलने वाला टैक्स बेनिफिट रोका

ढाका, एजेंसी। अमेरिका में रिश्वत देने के आरोप में घिरे अडाणी ग्रुप की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारतीय बिजनैसमेन गौतम अडाणी की कंपनी अडाणी पावर पर अरबों डॉलर के बिजली समझौते के उल्लंघन का आरोप लगाया है। रॉयटर्स ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि इस समझौते के तहत जिस पावर प्लांट को लेकर डील की गई है, उसे भारत सरकार से टैक्स बेनिफिट मिल रहा है। इस बेनिफिट को अडाणी पावर बांग्लादेश को ट्रांसफर नहीं कर रहा है।

बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार ने 2017 में अडाणी पावर के साथ बिजली की खरीद को लेकर समझौता किया था। इस समझौते के तहत अडाणी पावर झारखंड में मौजूद अपने पावर प्लांट से बांग्लादेश को बिजली सप्लाई कर रहा है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश इस समझौते पर फिर बातचीत करना चाह रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक इस प्लांट से मिल रही बिजली दूसरे प्लांट्स की तुलना में मंहगी है। रायटर्स ने अपनी रिपोर्ट में डील से जुड़े दस्तावेजों और 7 अधिकारियों के इंटरव्यू का हवाला दिया है। अडाणी ने लेटर का जवाब नहीं दिया भारत सरकार ने 2019 में अडाणी के इस पॉवर प्लांट को स्पेशल इकोनॉमिक जोन (श्वर्श्व) का हिस्सा घोषित किया था। इसके बाद इस प्लांट को इनकम टैक्स समेत कई दूसरे टैक्स में छूट का लाभ मिला। समझौते के मुताबिक इसकी जानकारी बांग्लादेश को देना थी और टैक्स में मिलने वाली छूट से होने वाला बेनिफिट बांग्लादेश को ट्रांसफर करना था। रॉयटर्स ने 17 सितंबर और 22 अक्टूबर के दो लेटर का जिक्र किया है। इनमें बांग्लादेश ने अडाणी से डील के मुताबिक बेनिफिट ट्रांसफर करने के लिए कहा था, लेकिन अडाणी पावर ने ऐसा नहीं किया। रॉयटर्स ने दो बांग्लादेशी अधिकारियों के हवाले से लिखा है कि अडाणी ने दोनों लेटर्स का कोई जवाब नहीं दिया है। अगर टैक्स में मिलने वाली छूट बांग्लादेश को ट्रांसफर होती तो, बिजली की कीमत में लगभग 0.35 पैसे प्रति यूनिट की बचत होती।

लंबी दूरी की मिसाइल बना रहा पाकिस्तान, प्रोग्राम से जुड़ी 4 कंपनियों पर बैन लगाया, कहा- इससे सामूहिक विनाश का खतरा : वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका ने बुधवार को पाकिस्तान पर लंबी दूरी



वाली बैलिस्टिक मिसाइलें बनाने का आरोप लगाया। मिसाइल प्रोग्राम से जुड़ी पाकिस्तान की 4 कंपनियों पर बैन लगाया है। इनमें पाकिस्तान की सरकारी एयरोस्पेस और डिफेंस एजेंसी, नेशनल डेवलपमेंट कॉम्पलेक्स भी शामिल है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा : हम पाकिस्तान की उन चार कंपनियों पर प्रतिबंध लगा रहे हैं, जो लॉन्ग रेंज वाली विनाशकारी बैलिस्टिक मिसाइल के प्रोग्राम में शामिल हैं। इनमें एफिलिएट्स इंटरनेशनल, अख्तर एंड संस प्राइवेट लिमिटेड, रॉकसाइड एंटरप्राइज कंपनियां हैं। पाकिस्तान के खिलाफ जारी रहेगी अमेरिकी कार्रवाई न्यूज एजेंसी, ह्ढ्ढ ने अमेरिका के हवाले से बताया कि बैन की गई चारों कंपनियां पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम के लिए जरूरी टूल मुहैया करा रही थीं। अमेरिका आगे भी इस तरह की एक्टिविटी के खिलाफ एक्शन लेता रहेगा। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के मुताबिक पाकिस्तान की शाहीन-सीरीज बैलिस्टिक मिसाइलें ह्लष्ट्ठ की मदद से ही तैयार की गई हैं। इसके अलावा कराची की अख्तर एंड संस प्राइवेट कंपनी पर आरोप है कि उसने मिसाइल से जुड़ी मशीनों को खरीदने में ह्लष्ट्ठ की मदद की है। वहीं, एक और पाकिस्तानी कंपनी रॉकसाइड इंटरप्राइज और एफिलिएट इंटरनेशनल पर भी पाकिस्तान के मिसाइल कार्यक्रम में सहयोग करने का आरोप है। इससे पहले इसी साल अप्रैल में अमेरिका ने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम के लिए तकनीक सप्लाई करने पर चीन की 3 कंपनियों पर बैन लगा दिया था। इस लिस्ट में बेलारूस की भी एक कंपनी शामिल थी। कितनी ताकतवर है पाकिस्तान की शाहीन बैलिस्टिक

खरमास में ऐसे करें तुलसी पूजा, बनी रहेगी खुशहाली

खरमास का आरंभ 15 दिसंबर से हो चुका है। शास्त्रों में वर्णित जानकारी के अनुसार, खरमास के दौरान मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाती है। साथ ही, पूजा-पाठ से जुड़े नियमों का भी मुख्य रूप से पालन करना पड़ता है नहीं तो ग्रह दोष लगता है और जीवन में संकट आने शुरू हो जाते हैं। इसी कड़ी में पूजा-पाठ के कुछ नियम जुड़े हैं तुलसी पूजन से।

खरमास में कैसे करें तुलसी की पूजा?

धर्म ग्रंथों और शास्त्रों में बताया गया है कि खरमास में तुलसी पूजा नहीं करनी चाहिए क्योंकि तुलसी को खरमास के दौरान स्पर्श करना वर्जित माना गया है और बिना स्पर्श किये तुलसी पूजा करना संभव नहीं है, लेकिन शास्त्रों में यह भी उल्लेखित है कि अगर किसी के घर में कोई अनुष्ठान चल रहा है जिसके लिए तुलसी पूजन आवश्यक है तो तब तुलसी माता की पूजा कैसे करें।

- एक तांबे का बर्तन लें। तांबे का बर्तन संभव न हो तो पीतल का भी ले सकते हैं। इसके बाद बर्तन में तुलसी को बिना छुए उसके गमले में से थोड़ी सी मिट्टी निकाल लें।
- फिर मिट्टी से छोटी सी प्रतिमा बनाकर, जैसी आप बना पाएं वैसी ही, उस पर गंगाजल और दूध डालें। इसके बाद गंगाजल और दूध से उस मिट्टी को आटे की तरह मथ लें और उस पर हल्दी की 5 गांठें रख दें।
- इसके बाद उसी मथी हुई मिट्टी को सूती लाल रंग के कपड़े में लपेटकर उस पर कलावा 3 बार लपेटें और फिर उस पोटली को घर की पूर्व दिशा में बांध दें। इसके बाद तुलसी के पौधे के सामने खड़े होकर तुलसी चालीस का पाठ करें। तुलसी स्तोत्र पढ़ें और अपने हवन-अनुष्ठान आदि को संपन्न करें। ध्यान रहे कि भोग निकलते समय तुलसी माता के हिस्से का भोग गाय को खिलाएं।

खरमास का महत्व एवं पौराणिक कथा

भारतीय पंचांग के अनुसार जब सूर्य धनु राशि में संक्रांति करते हैं तो यह समय शुभ नहीं माना जाता है। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी सूर्यदेव 15 दिसंबर को अपनी राशि बदल रहे हैं। इस बार गुरुवार को सूर्य धनु राशि में प्रवेश करेंगे। इसे ही सूर्य धनु संक्रांति कहा जाता है। धार्मिक मान्यतानुसार जब तक सूर्य मकर राशि में संक्रमित नहीं होते तब तक किसी भी प्रकार के शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं। सूर्य किसी विशेष राशि में प्रवेश करता है, इसी कारण से इसे संक्रांति के नाम से जाना जाता है। धनु संक्रांति के दिन भगवान सत्यनारायण की कथा का पाठ किया जाता है। इस दिन भगवान को मीठे व्यंजनों का भोग लगाया जाता है।

भगवान विष्णु की पूजा में केले के पत्ते, फल, सुपारी, पंचामृत, तुलसी, मेवा आदि का भोग तैयार किया जाता है। सत्यनारायण की कथा के बाद देवी लक्ष्मी, महादेव और ब्रह्मा जी की आरती की जाती है और चरणामृत का प्रसाद दिया जाता है।

जो लोग विधिपूर्वक पूजन करते हैं उनके सभी संकट दूर होते हैं और मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। पंचांग के अनुसार यह समय पौष मास का होता है, जिसे खरमास कहा जाता है। इस माह की संक्रांति के दिन गंगा-यमुना स्नान का महत्व माना जाता है। पौष संक्रांति के दिन श्रद्धालु नदी किनारे जाकर सूर्य को अरघ्य देते हैं। इससे स्वयं के मन की शुद्धि होती है। बुद्धि और विवेक की प्राप्ति के लिए भी इस दिन सूर्य पूजन किया जाता है।

खरमास का समापन कब होगा?

सूर्य देव लगभग एक महीने तक धनु राशि में रहते हैं, जिसके कारण खरमास भी एक महीने का होता है। जब सूर्य देव धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तो खरमास समाप्त हो जाता है। 14 जनवरी, 2025 को मंगलवार को सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करेंगे, जिस दिन खरमास खत्म होगा और मकर संक्रांति मनाई जाएगी। इसके बाद से मांगलिक कार्य फिर से शुरू हो सकेंगे।

खरमास के दौरान सूर्यदेव की पूजा का महत्व

खरमास के दौरान सूर्य देव की पूजा का विशेष महत्व है। बता दें, सूर्यदेव को ऊर्जा का देवता माना जाता है। उनकी पूजा करने से शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और रोगों से मुक्ति मिलती है। सूर्य देव की पूजा करने से व्यक्ति के जीवन में समृद्धि आती है। सूर्यदेव को तांबे के लोटे में जल भरकर अर्घ्य देना चाहिए। आपको बता दें, खरमास के दौरान सूर्यदेव कमजोर हो जाते हैं। जिसके कारण शुभ कार्यों पर रोक लगा दी जाती है। इसलिए इस दौरान उनकी पूजा विधिवत रूप से करें।

खरमास के दौरान किन मंत्रों का जाप करें?

खरमास के दौरान इ मंत्रों का विशेष रूप से जाप करें। इससे व्यक्ति को उत्तम परिणाम मिल सकते हैं।

ऊ घृणि सूर्याय नमः
ऊं सूर्याय नमः
ऊं ह्रीं ह्रीं सूर्याय सहस्त्रकिरणराय मनोवांछित फलम् देहि देहि स्वाहा-
ऊं नमो भगवते वासुदेवाय-

खरमास की कथा

संस्कृत में गधे को खर कहा जाता है। पौराणिक ग्रंथों में वर्णित खरमास की कथा के अनुसार भगवान सूर्यदेव सात घोड़ों के रथ पर सवार होकर लगातार ब्रह्मांड की परिक्रमा करते रहते हैं। उन्हें कहीं पर भी रूकने की इजाजत नहीं है। मान्यता के अनुसार उनके रूकते ही जन-जीवन भी ठहर जाएगा। लेकिन जो घोड़े उनके रथ में जुड़े होते हैं वे लगातार चलने और विश्राम न मिलने के कारण भूख-प्यास से बहुत थक जाते हैं। उनकी इस दयनीय दशा को देखकर सूर्यदेव का मन भी द्रवित हो गया। वे उन्हें एक तालाब के किनारे ले गए, लेकिन उन्हें तभी यह ध्यान आया कि अगर रथ रूका तो अनर्थ हो जाएगा। लेकिन घोड़ों का सौभाग्य कहिए कि तालाब के किनारे दो खर मौजूद थे। भगवान सूर्यदेव घोड़ों को पानी पीने और विश्राम देने के लिए छोड़े देते हैं और खर अर्थात गधों को अपने रथ में जोत देते हैं। अब घोड़ा-घोड़ा होता है और गधा-गधा, रथ की गति धीमी हो जाती है फिर भी जैसे-तैसे एक मास का चक्र पूरा होता है तब तक घोड़ों को विश्राम भी मिल चुका होता है, इस तरह यह क्रम चलता रहता है और हर सौर वर्ष में एक सौर खर मास कहलाता है।

शास्त्रों के अनुसार, जहां एक ओर खरमास में मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाती है तो वहीं, दूसरी ओर इस दौरान पूजा-पाठ करना बहुत शुभ माना जाता है। इसी कड़ी में शास्त्रों में कुछ ग्रंथों को खरमास में पढ़ना अत्यधिक लाभकारी माना जाता है।

सुख-शांति के लिए खरमास में करें इन ग्रंथों का पाठ

खरमास में भगवद गीता का पाठ

खरमास में भगवद गीता का पाठ करने से आत्मा की शुद्धि होती है और व्यक्ति को आध्यात्मिक उन्नति मिलती है। गीता के श्लोकों का जाप और चिंतन करने से व्यक्ति के मन, शरीर और आत्मा में शांति और संतुलन आता है। जीवन के पथ को लेकर दिशा समझ आने लगती है और पारिवारिक क्लेश दूर होता है।

खरमास में रामायण का पाठ

रामायण का पाठ घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। रामायण का खरमास में पाठ करने से नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह कम होता है और भगवान राम का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। इसके अलावा, रामायण का खरमास में पाठ करने से व्यक्ति को शत्रुओं पर विजय मिलती है। षड्यंत्र से रक्षा होती है।

खरमास में शिव पुराण का पाठ

खरमास में शिव पुराण का पाठ करने से भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है। ऐसा माना जाता है कि भगवान शिव स्वयं भक्त के सभी संकटों को हर लेते हैं और अपनी कृपा बरसाते हैं। खरमास में शिव पुराण का पाठ करने से आध्यात्मिक बल मिलता है और व्यक्ति में भक्ति का संचार होने लग जाता है।

खरमास में सत्यनारायण कथा का पाठ

सत्यनारायण कथा का पाठ घर में धन, समृद्धि और ऐश्वर्य को आकर्षित करता है। वहीं, खरमास के दौरान इस पाठ को करने से ग्रहों की अशुभता दूर होती है। भगवान सत्यनारायण की पूजा से घर में दरिद्रता समाप्त होती है और आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। यह कथा पुण्य प्राप्ति का सबसे सरल स्रोत है।

कब है सफला एकादशी

सनातन धर्म में सभी एकादशी तिथियों का विशेष महत्व है। वहीं पंचांग के हिसाब से पौष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि के दिन सफला एकादशी का व्रत रखा जाता है। साथ ही इसे पौष कृष्ण एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि अगर किसी व्यक्ति के जीवन में किसी भी तरह की कोई परेशानी आ रही है, तो सफला एकादशी के दिन पूजा-पाठ करने से व्यक्ति को सफलता की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही जीवन में आ रही बाधाएं भी दूर हो सकती है। अब ऐसे में इस साल सफला एकादशी का व्रत कब रखा जाएगा। भगवान विष्णु की पूजा का शुभ मुहूर्त क्या है और पूजा का महत्व क्या है।

सफला एकादशी कब है?

हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल पौष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 25 दिसंबर बुधवार को रात 10 बजकर 29 मिनट से शुरू हो रहा है और इस तिथि का समापन 26 दिसंबर को देर रात 12 बजकर 43 मिनट पर होगा। उदयातिथि के आधार पर इस साल की अंतिम एकादशी यानी सफला एकादशी 26 दिसंबर गुरुवार के दिन है।

भगवान विष्णु की पूजा का शुभ मुहूर्त

सफला एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा का शुभ मुहूर्त 26 दिसंबर की ब्रह्म मुहूर्त सुबह 05 बजकर 23 मिनट से लेकर सुबह 06 बजकर 17 मिनट तक है।

भगवान विष्णु की पूजा का महत्व

सफला एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति हो सकती है और अगर किसी जातक के कार्यक्षेत्र में कोई परेशानी आ रही है, तो भगवान विष्णु की पूजा करने से व्यक्ति को उत्तम परिणाम मिल सकते हैं और भाग्योदय हो सकता है और मनोवांछित फलों की भी प्राप्ति होती है।

भगवान विष्णु को लगाएं इन 3 चीजों का भोग

हिंदू धर्म में एकादशी तिथि को महत्वपूर्ण माना गया है। सभी एकादशी तिथि के दिन भगवान विष्णु की पूजा विशेष रूप से करने का विधान है। ऐसा कहा जाता है कि अगर किसी व्यक्ति को बार-बार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, तो एकादशी के दिन व्रत रखने से उत्तम परिणाम मिल सकते हैं। आपको बता दें, पौष माह में पड़ने वाली एकादशी तिथि को सफला एकादशी के नाम से जाना जाता है। अब ऐसे में इस दिन विष्णु जी को किन चीजों का भोग लगाने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति हो सकती है।

भगवान विष्णु को लगाएं केसर हलवा का भोग

सफला एकादशी के दिन भगवान विष्णु को केसर हलवा का भोग लगाएं। केलर हलवा श्रीहरि को बेहद प्रिय है और इसका भोग लगाने से व्यक्ति को मनोवांछित फलों की प्राप्ति हो सकती है और भगवान विष्णु की कृपा भी बनी रहती है। इसके अलावा अगर बार-बार आपके काम अटके रहते हैं, तो इससे शुभ परिणाम मिल सकते हैं।

भगवान विष्णु को लगाएं केले का भोग

सफला एकादशी के दिन भगवान विष्णु को केले का भोग लगाएं। ऐसा कहा जाता है कि केले का भोग लगाने से व्यक्ति को गुरुदोष से छुटकारा मिल सकता है और जीवन में आने वाली बाधाएं दूर हो जाती है। केले का भोग विष्णु जी की कृपा पाने के लिए सबसे आसान तरीका है। ऐसा माना जाता है कि केले के पत्ते पर भगवान विष्णु को भोग लगाने से घर में समृद्धि का वास होता है।

भगवान विष्णु को लगाएं खीर का भोग

सफला एकादशी के दिन भगवान विष्णु को केसर वाली खीर का भोग लगाएं। ऐसा कहा जाता है कि केसर खीर का भोग लगाने से व्यक्ति के शीघ्र विवाह के योग बनने लग जाते हैं और भौतिक सुखों में भी वृद्धि होती है। इसके अलावा अगर आपके वैवाहिक जीवन में कोई समस्या आ रही है, तो केसर खीर का भोग लगाने से उत्तम फलों की प्राप्ति हो सकती है। भगवान विष्णु की कृपा से आयु और स्वास्थ्य में वृद्धि होती है।

पौष मास हो गया है आरंभ जानिए खास बातें

पौष मास का आरंभ हो गया है। पौष का महीना पंचांग के अनुसार दसवां महीना कहलाता है। पौष मास की पूर्णिमा पर चंद्रमा पुष्य नक्षत्र में रहता है। चंद्रमा के पुष्य नक्षत्र में रहने के कारण इस महीने को पौष का महीना कहते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस महीने में उत्तम स्वास्थ्य और मान-सम्मान की प्राप्ति के लिए भगवान सूर्यनारायण की पूजा का विधान है। इस महीने में भगवान सूर्य को अरघ्य दिया जाता है और उपवास भी रखा जाता है।

हिन्दू पंचांग के दसवें महीने को पौष कहते हैं। इस महीने सूर्य 11,000 रश्मियों के साथ व्यक्ति को उर्जा और स्वास्थ्य प्रदान करता है। पौष मास में अगर सूर्य की नियमित उपासना की जाए तो सालभर व्यक्ति स्वस्थ और संपन्न रहता है। पौष मास विवाह चर्चा या विवाह से जुड़े कार्यक्रम करने के लिए शुभ नहीं माना जाता है। इसके अलावा गृह प्रवेश, भूमि पूजन, हवन, ग्रह प्रवेश, व्यापार मुहूर्त, देव पूजन, मुंडन और जनेऊ संस्कार जैसे कार्यों पर भी रोक लग जाती है।

क्या खाएं

- पौष के महीने में खान-पान को लेकर भी काफी सावधानी बरतनी पड़ती है। इस महीने में मेवे और स्निग्ध चीजों का इस्तेमाल करने के लिए कहा जाता है।
- चीनी की बजाय गुड़ का सेवन करें। अजवाइन, लौंग और अदरक का सेवन लाभकारी होता है। गेहूं, चावल और जौ का सेवन करना भी अच्छा होता है।
- पौष के महीने में आपको खाने में सेंधा नमक का इस्तेमाल करना चाहिए। तिल का सेवन करने से भी आपको स्वास्थ्य लाभ मिलता है।

क्या न खाएं

- इस महीने में ठंडे पानी का प्रयोग, स्नान में गड़बड़ी और अत्यधिक खाना खतरनाक हो सकता है। इस महीने में बहुत ज्यादा तेल घी का प्रयोग भी उत्तम नहीं होगा।
- इस महीने में तामसिक भोजन करने से बचना चाहिए। तामसिक भोजन को पचाने के लिए बहुत ज्यादा मेहनत करना पड़ती है। उड़द या मसूर की दाल से भी परहेज करना चाहिए।
- मदिरा-मास के निषेध के अलावा बैंगन, फूल गोभी और मूली का भी कम सेवन करना चाहिए।

पौष माह में करें सूर्यदेव की पूजा

- रोज सुबह उठकर स्नान के बाद तांबे के लोटे से सूर्य को अरघ्य दें।
- जल में रोली और लाल रंग के पुष्प जरूर डालें।
- जल चढ़ाते समय 'ऊं आदित्यायं नमः' मंत्र का जाप करें।
- इस माह में गर्म कपड़े और अनाज का दान करें।
- इस माह में लाल रंग के वस्त्रों का प्रयोग करने से भाग्य में वृद्धि होती है।
- इस माह में नमक का सेवन कम या ना के बराबर करना चाहिए।
- चीनी की जगह गुड़ का सेवन करें।
- मेवे और स्निग्ध चीजों का प्रयोग करें।
- अजवायन, लौंग और अदरक का इस्तेमाल हितकारी है।
- इस महीने में ठंडे पानी का प्रयोग बिलकुल ना करें।
- बासी खाने से दूर रहें।